आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

**जनता दर्शन:** सीएम ने बच्चे से ली पढ़ाई की जानकारी बोले, किताबें...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 10 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 147 | www.janexpresslive.com/epaper



‘वहीं बैठे रहोगे और घटते जाओगे’
12



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भराड़ीसैंण(चमोली)**

# धामी ने पेश किया 1.11 लाख करोड़ से अधिक का बजट

उत्तराखंड के राजनीतिक इतिहास में पहली बार सरकार ने राज्यपाल अभिभाषण के दिन ही सदन में बजट पेश किया। यह पहला मौका था जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में वित्त मंत्री के रूप में अपनी सरकार का बजट पेश किया। सीएम धामी ने 1.11 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया। इस बार बजट को 10 फीसदी बढ़ाया है। चुनावी वर्ष का यह बजट गरीब, युवा, किसान व महिला सशक्तीकरण पर फोकस रहा।

**विधानसभा में पेश हुआ ₹1,11,703.21 करोड़ का बजट**

**प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट**

### जेंडर बजट बढ़ाया

खास बात यह है कि सरकार ने इस सत्र में जेंडर बजट बढ़ाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16961.32 करोड़ का प्रावधा था जो कि इस बार बढ़ाकर 19692.02 करोड़ का प्रावधान किया गया।

### इन योजनाओं के लिए बरसा धन

- कुम्भ मेला के लिए भारत सरकार से अवस्थापना अनुदान के लिए 1027.00 करोड़
- विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) हेतु समग्र रूप से रु0 705.25 करोड़
- निर्भया फंड के लिए 112.02 करोड़
- पर्यटन विकास हेतु अवस्थापना निर्माण के लिए 100.00 करोड़
- कोलोनाइजेशन प्रोत्साहन के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 25.00 करोड़
- हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना हेतु के लिए 10.00 करोड़
- ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10.00 करोड़
- साईबर सिक्योरटी के क्रियान्वयन के लिए 15.00 करोड़
- इमरजिंग टेक्नोलॉजी एवं एआई के क्रियान्वयन के लिए 10.50 करोड़
- महक क्रान्ति हेतु 10.00 करोड़
- स्पिरिचुअल इकोनोमिक जोन के विकास के लिए 10.00 करोड़
- हाउस ऑफ़ हिमालयाज के लिए 5.00 करोड़
- उत्तराखण्ड एवं भारत दर्शन के लिए 4.50 करोड़
- सरयू एवं अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के लिए 10.00 करोड़
- आपदा सखी हेतु 2.00 करोड़
- ग्राम प्रहरीके लिए 5.00 करोड़
- नशा मुक्ति केन्द्र के लिए 4.50 करोड़
- पुस्तकालय निर्माण 5.00 करोड़
- विदेश रोजगार प्रकोष्ठ 3.73 करोड़
- न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम 10.00 करोड़
- रेस्क्यू सेंटर 19.00 करोड़

### अन्नदाता को क्या मिला ?

- ट्राउट प्रोत्साहन योजना हेतु 39.90 करोड़
- आईटीबीपी बटालियन को जीवित भेड़. बकरी और कुक्कुट आपूर्ति योजना के लिए 3.50 करोड़
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजनांतर्गत 42.50 करोड़
- हाउस ऑफ हिमालयाज के अन्तर्गत 05.00 करोड़
- मिशन एप्पल योजना अन्तर्गत समग्र रूप से 42.00 करोड़
- दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना हेतु समग्र रूप 32.00 करोड़
- मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजनांतर्गत- 20.00 करोड़
- मुख्यमंत्री मत्स्य सपदा योजना के लिए 12.43 करोड़
- मिलेट मिशन योजना के प्रोत्साहन के लिए 12.00 करोड़
- स्थानीय फसलों को प्रोत्साहन कार्यक्रम के लिए 5.75 करोड़
- मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना के लिए 20.00 करोड़
- किसान पेंशन योजना 12.06 करोड़
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना 160.13 करोड़
- गंगा कार्यकारी योजना के अन्तर्गत रखरखाव के लिए जल संस्थान को अनुदान 25.00 करोड़

### गरीब कल्याण: मानव सेवा नारायण सेवा

- अन्नपूर्ति योजना के लिए 1300 करोड़
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 298.35 करोड़
- प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) 56.12 करोड़
- ई.डब्ल्यू.एस. आवास हेतु अनुदान 25.00 करोड़
- परिवहन निगम की बसों में निर्धारित श्रेणी के यात्रियों हेतु नि:शुल्क यात्रा की सुविधा 42.00 करोड़
- निर्धन परिवार हेतु रसोई गैस पर अनुदान -43.03 करोड़
- दिव्यांग पेंशन, तीलू रौतेली पेंशन, बौना पेंशन एवं जन्म से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों हेतु -167.05 करोड़
- दैवीय आपदाओं से प्रभावित परिवारों का पुनर्वास- 25.00 करोड़
- राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण- 01.00 करोड़

### नारी सशक्तीकरण के लिए खुला पिटारा

- नन्दा गौरा योजनांतर्गत 220.00 करोड़
- प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना के लिए 47.78 करोड़
- मुख्यमंत्री बाल पोषण योजनांतर्गत 25.00 करोड़
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजनांतर्गत 30.00 करोड़
- मुख्यमंत्री महिला पोषण योजनांतर्गत 13.44 करोड़
- मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजनांतर्गत 15.00 करोड़
- मुख्यमंत्री बाल एवं महिला बहुमुखी विकास निधि हेतु- 08.00 करोड़
- निराश्रित विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु 05.00 करोड़
- मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 3.76 करोड़
- मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना हेतु 05.00 करोड़
- राज्य में प्रसूता के लिए ईजा-बोई शगुन योजना हेतु समग्र रूप से 122 करोड़
- मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजनांतर्गत 02.00करोड़
- महिला स्पोर्ट्स कॉलेज चंपावत का निर्माण- 10.00 करोड़
- गंगा गाय महिला डेरी विकास योजनांतर्गत 05.00 करोड़

### युवा कल्याण: युवाओं को सशक्त बनाना

- मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए- 60.00 करोड़
- मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के लिए- 10.00 करोड़
- पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना हेतु- 62.29 करोड़
- गैर-सरकारी महाविद्यालयों को सहायता अनुदान- 155.38 करोड़
- शिक्षा मित्रों को मानदेय का भुगतान- 10.00 करोड़
- सीएम युवा भविष्य निर्माण योजना- 10.00 करोड़
- उल्लास नव साक्षरता कार्यक्रम के लिए 3.34 करोड़

### उग्र हुए यूकेडी कार्यकर्ता, बैरिकेड तोड़े

ग्रीष्मकालीन राजधानी में धामी सरकार करीब सात माह बाद पहुंची है। सत्र के पहले दिन उत्तराखंड क्रांति दल ने दिवालीखाल में प्रदर्शन कर ताकत दिखाई। स्थायी राजधानी, अंकिता भंडारी हत्याकांड सहित अन्य समस्याओं को लेकर दल ने विधानसभा घेराव की योजना बनाई। इस दौरान दिवालीखाल में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच पुलिस को चकमा देकर कुछ कार्यकर्ता विधानसभा तक पहुंच गए। पुलिस ने 10 से 15 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने पुलिस की गाड़ियां रोक दी। गाड़ियों में हिरासत में ले जा रहे आंदोलनकरियों को उतारा।

### बजट सत्र शुरू होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया वॉकआउट

ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में आज से बजट सत्र शुरू हो गया है। विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधान भवन परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया। बजट की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेस विधायक परिसर में धरने पर बैठ गए। इस दौरान विपक्ष ने नारेबाजी की। इसके बाद सत्र शुरू होते ही विपक्षी नेता नारेबाजी कर वेल में पहुंचे। इसके बाद शोर के बीच ही राज्यपाल का संबोधन शुरू हुआ। बजट सत्र शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने वहां हंगामा शुरू कर दिया। राज्यपाल के अभिभाषण शुरू ही हुआ था कि कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

## खामनेई की मौत पर गुस्सा: ईद पर शिया समुदाय नहीं पहनेगा नए कपड़े, पुराने कपड़ों में पढ़ेंगे नमाज



**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामनेई की मौत पर जहां लोगों में गम है, वहीं शिया समुदाय ने ईद पर खुशियां न मनाने का फैसला लिया है। नए कपड़े नहीं खरीदे जाएंगे। पुराने कपड़े पहनकर ही ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। इस दौरान बांह पर काली पट्टी भी बांधेंगे। 20 या 21 मार्च को ईद होगी। अंजुमन तंजीमुल अजा के महासचिव सैयद नादिर अब्बास नकवी ने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने अपील की है कि अली खामनेई के इंतकाल पर इस बार ईद की पारंपरिक खुशियां नहीं मनाई जाएंगी। लोग केवल ईद की नमाज अदा करेंगे। नादिर अब्बास ने कहा कि शिया समुदाय के लोग ईद पर नए कपड़े नहीं पहनेंगे, बल्कि पुराने कपड़ों में ही नमाज पढ़ने के लिए जाएंगे। साथ ही अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर खामनेई को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाहजमाल कर्बला के मुतवल्ली मुख्तार जैदी ने कहा कि यह फैसला शोक को व्यक्त करने के लिए लिया गया है। इससे पहले एक मार्च को खामनेई की मौत के विरोध में सर सैयद नगर स्थित हुसैनी मस्जिद से यूनिवर्सिटी सर्किल तक जुलूस निकलेगा। यूनिवर्सिटी में दो बार गायबाना नमाज-ए-जनाजा पढ़ी गई।

## 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों को पुलिस ने हटाया, ईको गार्डन ले गए

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

69000 शिक्षक भर्ती में नियुक्ति की मांग को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के सामने धरने पर बैठे अभ्यर्थियों को पुलिस ने हटा दिया है। इससे पहले अभ्यर्थियों ने पुलिस की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल से मुलाकात की। उन्होंने इस मामले में जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। हालांकि अभ्यर्थी इससे संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने धरना जारी रखा। इसमें बाद पुलिस उनको बस से ईको गार्डेन ले गई। बेसिक शिक्षा निदेशालय में सोमवार को अभ्यर्थियों का जमावड़ा लगा रहा। 69000 के साथ ही गणित विज्ञान भर्ती के अभ्यर्थी भी यहां पहुंचे। उन्होंने कार्उसिलिंग के बाद भी आगे की प्रक्रिया ठप होने पर नाराजगी जताई। अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा निदेशक से मुलाकात की। उन्होंने जल्द आगे की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया।

# ‘शांति और संवाद ही एकमात्र रास्ता’

## ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा: चर्चा की मांग, सरकार बोली, स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा। सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया गया। वहीं, आज विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है। राज्यसभा में जब जयशंकर संबोधन दे रहे थे तब विपक्ष ने राज्यसभा का वॉक आउट किया। लोकसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वी वॉन्ट डिस्कशन के नारे लगाए, खबू हंगामा किया। चेयर के बार-बार बोलने पर भी विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए थे। राज्यसभा की कार्यवाही अभी जारी है।



### ‘पश्चिम एशिया के युद्ध से हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान’



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा- पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे कॉम्प्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाजार गिर रहा है, एलपीजी की कीमतें बढ़ रही हैं और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें ऐतिहासिक स्तर तक पहुंच रही हैं। इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को ब्लैकमेल किया जा रहा है। उनके पास भारतीय जनता के हितों को बेचने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। मेरी बात याद रखिए, वे संसद में नहीं आएंगे।

### ‘67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके’

- मौजूदा संघर्ष भारत के लिए भी चिंता की बात है। हम पड़ोसी हैं, और वेस्ट एशिया में स्थिरता बनाए रखना हमारी भी जिम्मेदारी है। खाड़ी देशों में एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं।
- ईरान में भी, कुछ हजार भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए हैं। यह इलाका हमारी एनर्जी सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है और इसमें तेल और गैस के कई जरूरी सप्लायर शामिल हैं। सप्लाई चेन में रुकावटें और अस्थिरता गंभीर मुद्दे हैं।
- हमने दो भारतीय नाविकों (मर्चेंट शिपिंग) को खो दिया है, और एक अभी भी लापता है। मुंबई के शिपिंग डायरेक्टरेट जनरल ने 14 जनवरी को भारतीय नाविकों से कहा था कि वे एम्बेसी की एडवाइजरी मानें और किनारे पर बेवजह आने-जाने से बचें।
- वेस्ट एशिया से हमारे लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। 8 मार्च तक हमारे लगभग 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके हैं। संबंधित मंत्रालय जवाब देने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं। लड़ाई लगातार बढ़ रही है। इलाके में सुरक्षा की स्थिति काफी खराब हो गई है। असल में, लड़ाई दूसरे देशों में भी फैल गई है। इससे तबाही और मौतें बढ़ रही हैं।
- इजराइल-यूएस और ईरान के बीच लड़ाई जारी है, बल्कि कुछ खाड़ी देशों पर हमले भी हुए हैं। ईरान में लीडरशिप लेवल पर कई लोग मारे गए हैं, साथ ही इस इलाके में इंफ्रास्ट्रक्चर भी तबाह हुआ है।
- इस समय लीडरशिप लेवल पर ईरान के साथ कॉन्टैक्ट करना साफ तौर पर मुश्किल है। ईरान के विदेश मंत्री ने ईरानी वॉरशिप लावन को कोच्चि पोर्ट पर डॉक करने की इजाजत देने के भारत का शुक्रिया अदा किया है।

### शांभवी चौधरी बोलीं, विपक्ष चर्चा को तैयार नहीं है

एलजेपी सांसद शांभवी चौधरी ने कहा- जिस जियोपॉलिटिकल सिचुएशन पर विदेश मंत्री पहले ही बयान दे चुके थे, उस पर हंगामा करना विपक्ष का गैर-जिम्मेदाराना बर्ताव दिखाता है। वे उसी मुद्दे पर उनका बयान सुनने को भी तैयार नहीं थे जिस पर वे चर्चा की मांग कर रहे थे।

### ‘विपक्ष को पता ही नहीं वह क्या चाहता है’

लोकसभा में पीठासीन जगदंबिका पाल ने कहा,आप प्ले कार्ड नीचे रखें। विदेश मंत्री गल्फ देशों के हालात पर सदन को संबोधित कर रहे हैं। वे वहां मौजूद भारतीयों की स्थिति के बारे में बता रहे हैं। उन्होंने सारी बातों का जवाब दिया है। इस बीच किरेन रिजिजू ने कहा- विपक्ष को पता ही नहीं वो क्या करना चाहते हैं। वे कंफ्यूज है। पहले विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नोटिस दिया, लेकिन अब ये दूसरा नोटिस दे रहे हैं, दूसरा मोशन लाने का क्या मतलब है।

### ‘सरकार चर्चा से क्यों भाग रही है’

कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने कहा- हम वेस्ट एशिया संकट और उससे पैदा हुए एनर्जी संकट पर थोड़ी देर की चर्चा चाहते थे, ऐसा लगता है कि अमेरिका के प्रेसिडेंट हमारे बॉस बन गए हैं, जो हमें बता रहे हैं कि तेल किससे खरीदना है। ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई? हम भारत की फॉरेन पॉलिसी, एनर्जी संकट से बचाव, भारतीयों की सुरक्षा पर चर्चा चाहते हैं। बयान जारी करने का कोई फायदा नहीं है, क्योंकि हम सरकार से कोई सवाल नहीं पूछ सकते। सरकार चर्चा से क्यों भाग रही है?

### दुबे बोले, राहुल गांधी ‘विशेषर का डांस’ के कैरेक्टर जैसे

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा- राहुल गांधी विपक्ष के ऐसे नेता हैं जिनके बारे में अगर मैं कुछ हिंदी शब्दों का इस्तेमाल करूंगा, तो वे बिहार में इस्तेमाल होने वाली भाषा में बहुत अपमानजनक लगेंगे और मैं उस लेवल पर नहीं जाना चाहता। बिहार में ‘विशेषर का डांस’ नाम का एक मशहूर परफॉर्मेंस होता था और वह उसी के एक कैरेक्टर जैसे हैं। जो लोग बिहार और उसके एक्सप्रेशन को समझते हैं, वे समझ जाएंगे कि मेरा क्या मतलब है, लेकिन मैं ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहता। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा- विपक्ष से सदन में इस तरह के व्यवहार की उम्मीद कभी नहीं थी। सदन को चलने नहीं देना जनता के अधिकारों को छीनने जैसा है। आप ‘अबोध बालक’ हैं और आप ऐसे ही रह सकते हैं। सदन में प्लेकार्ड दिखाने का मतलब है कि आपको जवाब नहीं चाहिए, बल्कि आप सिर्फ हंगामा करना चाहते हैं।

### गोयल बोले, कांग्रेस बहस से भाग रही

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- यह बहुत बुरा है कि कांग्रेस बहस से भाग रही है। स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन के लिए कांग्रेस के कहने पर एक नोटिस एडमिट किया गया था, जिसे उन्होंने ठीक से ड्राफ्ट भी नहीं किया था। इसे ठीक किया गया और फिर एडमिट किया गया। आज की तारीख डिस्कशन के लिए सोच-विचार के बाद तय की गई थी। जब एक मोशन एडमिट हो गया और यह तय हो गया कि आज इस पर डिबेट होगी, तो वे उसी समय दूसरा मोशन ले आए। गोयल ने कहा कि कांग्रेस को पार्लियामेंट्री प्रोसेस या प्रोसीजर समझ नहीं आता, न ही वे कॉन्स्टिट्यूशन की रिस्पेक्ट करते हैं। जब से राहुल गांधी लीडर ऑफ अपोजिशन बने हैं, उन्होंने डिबेट में हिस्सा लेने की कोई इच्छा नहीं दिखाई है। उन्होंने पहले ही मुद्दों की एक लिस्ट बना ली है, प्लेकार्ड लाए हैं, हाउस को डिस्टर्ब किया है और बेबुनियाद मामलों पर पार्लियामेंट का समय बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन इतने जरूरी मुद्दे पर डिस्कशन होना था, विपक्ष ने डिबेट से भागने का फैसला किया, क्योंकि वे साफ तौर पर जानते हैं कि स्पीकर को पूरे हाउस का कॉन्फिडेंस है। यहां तक कि उनके अपने अलायंस के मेंबर भी इस डिबेट से बच रहे हैं।

## संभल में मस्जिद-दरगाह और मकान पर चलेगा बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस। संभल**



संभल के चंदौसी मार्ग पर स्थिति गांव सैफखां सराय में सरकारी जमीन पर मस्जिद, दरगाह और मकान का निर्माण पाया गया है। इस मस्जिद और दरगाह की जिम्मेदारी संभल शहर की जामा मस्जिद के इमाम संभालते हैं। मकान में जामा मस्जिद के इमाम और उनके भाई का परिवार रहता है। इमाम का कहना है कि यह उनकी पुश्तैनी जमीन है। जहां पहले से ही दरगाह बनी थी। बाद में उनके पिता की मजार बनाई गई। मस्जिद का निर्माण भी वर्षों पहले किया गया था। वहीं, दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि जांच पड़ताल में सरकारी जमीन पर निर्माण पाया गया है। संभल तहसीलदार के न्यायालय से सोमवार को सरकारी जमीन घोषित की गई है। इसमें बताया गया है कि गाटा संख्या 452 की 0.1340 हेक्टेयर जमीन पर अवैध निर्माण किया हुआ है। जिसपर दरगाह, मस्जिद और मकान बना है। कुछ जमीन नजदीक में खाली पड़ी है। मालूम हो 2016 और 2017 में सरकारी जमीन होने का दावा करते हुए शिकायत की गई थी। बाद में मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा था। लेकिन आगे की कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। वहीं, दूसरी ओर एक शिकायत तहसीलदार न्यायालय में भी दर्ज कराई गई थी। उसमें सुनवाई के दौरान अब कब्जा मुक्त किए जाने का आदेश किया गया है।

# अमरोहा: मटर प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव, छह महिलाओं कर्मियों की हालत बिगड़ी, अन्य में मची भगदड़

**जन एक्सप्रेस। अमरोहा**

**मंडी धनौर।** चांदपुर मार्ग पर ग्राम चुचैला कलां स्थित मटर फ्रोजन प्लांट में रविवार की दोपहर बाद अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। गैस का रिसाव होते ही प्लांट के भीतर काम कर रहे कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। तमाम कर्मचारी दौड़कर बाहर आ गए। हालांकि छह महिलाओं की हालत बिगड़ गई। प्रबंधन ने महिला कर्मचारियों का चुचैला कलां के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। चांदपुर मार्ग पर अपराइट इनोवेटिव सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नाम से मटर फ्रोजन प्लांट है। इस प्लांट में मटर के दाने को फ्रीज किया जाता है। रविवार की दोपहर बाद प्लांट से अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। गैस रिसाव होते ही भीतर काम कर रहे कर्मचारियों को सांस लेने में दिक्कत होनी शुरू हो गई। गैस रिसाव होने की जानकारी मिलते ही प्लांट में काम कर रहे कर्मचारी दौड़ कर बाहर आ गए। लेकिन महिला कर्मचारियों को



दिक्कत हुई। गैस के प्रभाव में आकर वे बेसुध हो गई। प्रबंधन से जुड़े लोग महिलाओं को लेकर गांव के एक निजी अस्पताल लेकर आए। वहां उनका उपचार कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला कर्मचारियों की हालत में सुधार होने पर प्रबंधन के लोग उनको किसी अज्ञात स्थान पर ले गए। प्लांट में गैस रिसाव की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि प्लांट में गैस के रिसाव की सूचना मिली थी। उसमें दो महिला कर्मचारियों की हालत बिगड़ी थी। प्राथमिक उपचार के बाद तबीयत सही होने पर उनको घर भेज दिया गया है। गैस रिसाव के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल रहा। प्रबंधन ने घटना को छिपाने के लिए प्रयास भी किए। लेकिन निजी अस्पताल के स्टाफ से घटना की जानकारी बाहर आ गई। चुचैला कलां के एक ग्रामीण ने बताया कि करीब छह माह पहले भी गांव के ही इरफान नामक युवक काम करने के दौरान प्लांट में घायल हो गया था। बाद में

### पूर्व में भी जनपद में गैस रिसाव की घटनाएं हो चुकी हैं

जनपद में पहले भी गैस रिसाव की घटनाएं हो चुकी हैं। सामाजिक व किसान संगठन इसके खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई पुख्ता कार्रवाई नहीं की गई। गजरौला की औद्योगिक इकाइयों में गैस रिसाव की घटनाएं होती रही है। मटर फैक्टरी में हुई गैस रिसाव के बाद प्रशासन को भी इसके प्रति गंभीर होना होगा। वही दूसरी ओरमटर फ्रोजन प्लांट के प्रबंधक मनीष चौधरी का कहना है कि वह निजी कार्य से बाहर हैं। उनको घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### गैस रिसाव के बाद लोग दहशत में

मटर फ्रोजन प्लांट में गैस रिसाव के बाद सुरक्षा इंतजाम पर सवालिया निशान लगने शुरू हो गए हैं। गनीमत यह रही कि गैस रिसाव के बाद कोई गंभीर रूप से बीमार नहीं हुआ। हालांकि घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में दिखाई दिए। प्रबंधन ने पीड़ितों के उपचार के लिए प्रयास किए। लेकिन घटना के बाद लोग दहशत में रहे। ग्रामीणों ने बताया कि फैक्टरी चांदपुर मार्ग पर स्थित है।

# जनपद में महिला आयोग ने लगाई जन–अदालत

जन एक्सप्रेस । बांदा



9 मार्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिला सुरक्षा और सम्मान की प्रतिबद्धता को जमीन पर उतारते हुए।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल सोमवार को पहुंचीं।शहर के सर्किट हाउस सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान इन्होंने महिलाओं की समस्याओं को न सिर्फ सुना बल्कि अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।अर्चना पटेल ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न,बाल श्रम और बाल विवाह जैसे गंभीर मामलों की गहनता से समीक्षा की।इन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट लहजे में निर्देशित किया कि महिलाओं की समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुना जाए और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़ेंगी महिलाएं-जनसुनवाई के दौरान सदस्य अर्चना पटेल ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश की हर बेटी और महिला को आत्मनिर्भर बनाना है। इन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं को दिलाया जाए। साथ ही पात्र पीड़ित महिलाओं को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के भी निर्देश दिए।

गरीबों और बेसहारा महिलाओं को सरकारी योजनाओं का सहारा-जनसुनवाई के दौरान सदस्य अर्चना पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम जमवारा की कुरेशा बेगम जिनके पति का देहांत हो चुका है उन्हें तत्काल राशन कार्ड और विधवा पेंशन से जोड़ा जाए। साथ ही उनकी बेटियों को %मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना% का लाभ दिलाने के भी आदेश दिए।

दबंगों और पारिवारिक प्रताड़ना पर कड़ा प्रहार-योगी सरकार के शासन में कानून का इकबाल कायम रखते हुए आयोग ने विभिन्न उत्पीड़न के मामलों पर सख्त रुख अपनाया जिसमें ग्राम नरौली की भूरी सिंह को उसके देवर से सुरक्षा दिलाने के लिए सीओ को निर्देशित किया गया।वहीं ग्राम सैमरा की महिला की शिकायत पर भी पुलिस को त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए गए।ग्राम मिरजापुर और ग्राम बिलबई की पीड़ित महिलाओं ने ग्रामीणों व पड़ोसियों द्वारा मारपीट व अभद्रता की शिकायत की जिस पर सीओ बबेरू और सीओ सदर को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।इसके अलावा पारिवारिक व राजस्व से सम्बंधित आये मामलों का निस्तारण करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।सुरक्षा और स्वावलंबन की प्रतीक योगी सरकार-महिला जनसुनवाई कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए उनके द्वार तक पहुँच रही है।लखनऊ से जनपद पहुँचे महिला आयोग ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि प्रदेश में नारी की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। ÷महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन÷ के संकल्प के साथ योगी सरकार आज प्रदेश की आधी आबादी के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित हो रही है।महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मुख्यमंत्री की मां पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश में दिखा विश्व हिंदू महासंघ

जन एक्सप्रेस । बांदा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर की माता के संबंध में कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले को लेकर जनपद में आक्रोश का माहौल देखने को मिला। विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी मौलाना के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी न केवल एक व्यक्ति विशेष बल्कि समूचे सनातन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है।जानकारी के अनुसार विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शिवविलाश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बिहार के अररिया जिले के जोकीहाट निवासी मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा एक सार्वजनिक मंच से भाषण के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महाराज की माता के संबंध में आपत्तिजनक,अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी की गई है। बताया गया कि उक्त भाषण का वीडियो 7 मार्च से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,जिससे देशभर के हिंदू समाज में नाराजगी और आक्रोश व्याप्त हो गया है।

विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जैसे ही यह वीडियो कार्यकर्ताओं तक पहुंचा,संगठन के लोग आक्रोशित हो गए। इसके बाद संगठन ने जिला प्रशासन से मिलकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शिवविलाश शर्मा ने कहा कि गोरक्षपीठ सनातन धर्म की धर्मध्वजा वाहक है और करोड़ों सनातनियों की आस्था का केंद्र है।ऐसे में गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की माता के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना समस्त सनातन समाज का अपमान है।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती है और इससे सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित होता है। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आरोपी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगे व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन के माध्यम से विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत धार्मिक भावनाएं भड़काने,समाज में वैमनस्य फैलाने,शांति व्यवस्था भंग करने तथा आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चित्रकूट महिला रत्न से किया नारी शक्तियों का सम्मान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चित्रकूट महिला रत्न सम्मान का आयोजन राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख की स्मृति में समर्पित चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया।

मंदाकिनी पैलेस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में रंजना उपाध्याय पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा, दिव्या त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, एवं भैरों प्रसाद मिश्र पूर्व सांसद, आर.के. सिंह पटेल पूर्व सांसद, दिनेश कुमार मिश्र पूर्व विधायक, चंद्र प्रकाश खरे पूर्व जिलाध्यक्ष व विवेक अग्रवाल ने राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत गायन किया गया, इसके बाद महिला दिवस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. तुषार कान्त शास्त्री ने लोगों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की महिलाओं को चित्रकूट महिला रत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा साथ ही राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी अनन्या सिंह को विशेष रूप से उनकी उपलब्धियों हेतु पुरस्कृत किया जाएगा।

बेसिक शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिल्पा चैहान व उर्मिला श्रीवास्तव व माध्यमिक शिक्षा में कमला साहू व रजनी खरे को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में समाज सेवा में वर्षा सिंह पटेल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य में डॉ. प्रीति झा, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा में वंदना पटेल, शारीरिक योग में मंजू केसरवानी, पुलिस प्रशासन में स्वाति पाण्डेय, पत्रकारिता में नाजरीन रिजवी, न्याय (अधिवक्ता) में वंदना मिश्रा, कला एवं संस्कृति में डॉ. संध्या, विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा मे पल्लवी सिंह, महिला उद्यमी में रूपा अग्रवाल, कुटुंब प्रबोधन में राजेश्वरी द्विवेदी, प्रगतिशील किसान में गंगावती व समाज सेविका में (मरणोपरांत) शशिदेवी वर्मा को महिला रत्न से सम्मानित किया गया।

दिव्या त्रिपाठी, नीलम देवी महिला थाना प्रभारी, पद्मा सिंह, रूपा अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता, विवेक अग्रवाल समाज सेवी, जगदीश गौतम वरिष्ठ नेता, विनोद केसरवानी प्रिंस मोबाइल, अभिमन्यु सिंह समाजसेवी, मिन्हाज खान डायरेक्टर किंगसन स्कूल, कमलेश कुमार सचिव चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब आदि द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम दीनदयाल सोध संस्थान तथा चित्रकूट स्पोर्ट क्लब द्वारा किया गया। जिसमें क्लब के संयोजक कमलेश कुमार, राजकुमार निषाद, गीत श्रीवास्तव, अशोक कुमार सेन, महेश प्रजापति, कमरूल इस्लाम, राजकरण वर्मा, साकेत बिहारी शुक्ल एवं गीत श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# खेत से लौट रही नाबालिग बालिका को रोककर दबंगों ने धमकाया



जन एक्सप्रेस । बांदा

रविवार की शाम अपने खेत से लौट रही नाबालिग बालिका को दबंगों ने घेरकर रोकर लिया।इसके बाद दबंगों ने बालिका को गाली-गलौज करते हुए उलाहना दी कि अपने पिता को समझा ले। यदि रामबाबू निषाद के खिलाफ शिकायत की तो अंजाम बुरा होगा। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपनी मां को दी।पीड़िता मां ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। एसपी को दिये ज्ञापन में बबेरू तहसील के ग्राम मुरवल निवासी अलका सिंह पत्नी बुधदेव ने बताया है कि 8 मार्च की शाम उसकी नाबालिग पुत्री खेत से लौट रही थी। तभी अजय पुत्र कल्लू आरख ने उसकी उसकी पुत्री को रोककर बुरी-बुरी गालियां देने लगा। इसके बाद उक्त वक्ति ने उसकी पुत्री से कहा कि अपने पिता को समझा लो यदि रामबाबू निषाद के खिलाफ शिकायत की तो जान से मार दूंगा। पीड़िता ने मामले की पूरी जानकारी स्थानीय चौकी में दी। लेकिन दबंग के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं इस संबंध में जब रामबाबू से बात की गई तो उन्होनें कहा कि वह बाहर हैं। उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। बाकी चौकी इंचाज से जानकारी कर लीजिए कि यह लोग कैसे हैं।

# कांग्रेस नेता नाथूराम सेन हुआ निधन,जिलाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । बांदा



सोमवार को पार्टी के प्रति समर्पित, निष्ठावान,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नाथूराम सेन के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके निज निवास पहुंचकर कांग्रेस पार्टी का झण्डा पार्थिव शरीर पर ससम्मान उडाकर माला व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ससम्मान अन्तिम विदाई दी एवं हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी गई।शव यात्रा में कांग्रेस जन सहित क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित कांग्रेस वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी,दिनेश कुमार गुप्ता शामिल रहे। कमरुद्दीन उर्फ मुन्ना भइया जी बुंदेलखंड गन हाउस वाले के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके आवास पहुंचकर साथियों सहित हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।साथ में जिला महासचिव शोएब रिजवी,अमित तिवारी,कांग्रेस वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, दिनेश कुमार गुप्ता, शाकिर मंसूरी शामिल रहे।

## 13 मार्च को आयेंगी महिला आयोग की सदस्य

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** तेरह मार्च को उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता हमीरपुर पहुंचकर महिलाओं से जुडी कल्याणकारी योजनाओं का उन्हें फायदा दिलाने के साथ ही महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की रोकथाम के साथ ही बिना देर किये इंसाफ दिलाने के साथ ही शिकायतकर्ताओं की आसानी के मद्देनजर डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता 13 मार्च 26 को सुबह 11 बजे से जागरूकता कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान महिलाओं के मामलों की समीक्षा के साथ ही आये हुये मामलों की सुनवाई भी की जायेगी।

## तीन युवकों के पीटने से युवक का टूट गया पैर

**जन एक्सप्रेस/बांदा** जिले के गिरवां थाना क्षेत्र के छनिहा पुरवा जरर गांव में सीसी रोड में अतिक्रमण करने से मना करना युवक को भारी पड गया ।जहां पड़ोसी दबंगों ने मिलकर एक युवक को बेरहमी से पीटा ।उनकी पिटाई से युवक का पैर फैक्चर होने की बात सामने आई है ।इतना ही नहीं घटना के बाद पीड़ित लोगों ने गिरवा थाना पहुंचकर शिकायत भी की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कार्यवाही न होने के कारण पीड़ित युवक अपने परिवार के साथ ट्राई साइकिल में पहुंचकर एसपी कार्यालय में घटना की जानकारी दी है ।मीडिया से जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी लोगों ने सीसी रोड पर अतिक्रमण बालू, ईटा,रखना तथा रास्ते के सामने चबूतरे का निर्माण करना ।इन सभी बातों पर उसने रोक लगाया था जिसके वजह से तीन लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी जिसके वजह से उसका पैर फैक्चर हो गया।

# संगठन को मजबूत करने के लिए हर बूथ में जोड़ें 20 यूथ– आशीष पटेल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जिले में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बाद में डाक बंगला कर्वी में उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट कर आगामी पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ में 20 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जिला मुख्यालय आए थे। इस दौरान उन्होंने मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी और अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह से मुलाकात की। इसके बाद लोक निर्माण विभाग निरीक्षण गृह पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। जिताऊ उम्मीदवारों को चिन्हित करने और चुनाव में दम दिखाने के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए जिले के प्रत्येक बूथ में 20 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया। साथ ही कहा कि पंचायत चुनाव में प्रतिनिधित्व मिलना ही चाहिए प्रधान, बीडीसी और डीडीसी के पदों पर कार्यकर्ता चुनाव जीतें और बाद में ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में वह भरपूर मदद करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं नें तमाम समस्याएं बताई जिसपर उन्होंने अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर नाथूराम पटेल, जब्बर सिंह, फौजी रामसिया सिंह, केशव प्रसाद, महेंद्र पटेल, पंकज सिंह, विष्णु प्रताप सिंह समेंत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के साथ पहुंचे कर्वी माफी प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह, अशोक पटेल, राजकुमार सिंह, रामदास सिंह समेंत अन्य नें डाक बंगला में कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महिला दिवस पर कराया संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत सह प्रमुख डॉ. सुनीता श्रीवास्तव तथा इकाई मंत्री कु. शिवानी मौजूद रहीं।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. सुनीता ने कहा कि महिला शक्ति समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाने तथा समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष संध्या पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्राओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करना ही सशक्त समाज की पहचान है। इकाई मंत्री शिवानी ने कहा कि आज की युवा छात्राएं अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। उन्होंने सभी छात्राओं से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कु. वर्षा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एन.डी.आर.एफ. एवं नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा किया गया आपदा बचाव अभ्यास

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिले के सुप्रसिद्ध लक्ष्मण झूला रोपवे पर सोमवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवकों द्वारा विशेष आपदा प्रबंधन एवं बचाव अभ्यास (मॉक ड्रिल) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य रोपवे में तकनीकी खराबी अथवा किसी आपात स्थिति के दौरान फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने की कार्यकुशलता तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की क्षमता का परीक्षण करना था।

इस अभ्यास में स्वयंसेवक सौरभ मिश्रा, रविशंकर पाण्डेय, अस्मित सिंह सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे। अभ्यास के मुख्य बिंदुओं में यह माना गया कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण रोपवे की ट्रॉलियां हवा में बीच रास्ते में ही रुक गई हैं और उनमें कई यात्री फंसे हुए हैं। इस पर त्वरित प्रतिक्रिया सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम एवं नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने तत्काल मोर्चा संभाला। बचाव दल ने आधुनिक उपकरणों तथा रस्सियों की सहायता से हवा में लटकी ट्रॉलियों तक पहुँच बनाई।

सुरक्षित रेस्क्यू बचाव कर्मियों ने अत्यंत कुशलता का परिचय देते हुए फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित तरीके से जमीन पर उतारा। इस दौरान रोप रेस्क्यू की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्राथमिक चिकित्सा के लिए सुरक्षित बाहर निकाले गए यात्रियों को नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।

इस अभ्यास में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नागरिक सुरक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा स्थानीय रोपवे प्रबंधन का सक्रिय सहयोग रहा।

इस अवसर पर कुलदीप सिंह डिप्टी कमांडेंट, एनडीआरएफ, राहुल सिंह आपदा विशेषज्ञ, बृजेश कुमार तिवारी इंस्पेक्टर सहित एनडीआरएफ की टीम एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं प्रशिक्षण दीपक त्रिपाठी सहायक उप नियंत्रक द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यालय स्टाफ सुनील कुमार, अमन कुमार, रेणुका यादव एवं दीपक पटेल ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ एनएसएस शिविर

**जन एक्सप्रेस/बांदा** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई के अन्तर्गत चतुर्थ एक दिवसीय शिविर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता की संरक्षिका में कार्यक्रम अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई डॉक्टर सबीहा रहमानी, डॉक्टर जयंती सिंह एवं सह कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर रामनरेश पाल जी के दिशा निर्देशन में स्वयं सेवी छात्राओं को उनके आत्मसम्मान की रक्षा, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति संचेतित करने के उद्देश्य से छात्राओं को स्क्रीन में हक़ मूवी एबीपीवी प्रभारी महिला प्रकोष्ठ आयुषी के सौजन्य से दिखाई गई। इस अवसर पर बौद्धिक विमर्श भी हुआ जिसकी अध्यक्षता डाक्टर सबीहा रहमानी के द्वारा की गई। डाक्टर सबीहा रहमानी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए कि आत्मनिर्भरता ही हमारी पहली कुंजी है अपने स्व व सम्मान की रक्षा हेतु संकल्प लें।

# आयुष चिकित्सको की संवेदी करण कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । बांदा



सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं एच.एल.एफ पी.पी.टी (एजेन्सी एच.आई.वी.) के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय सभागार में आयुष चिकित्सको की संवेदी करण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डा0 अजय कुमार जिला क्षय रोग अधिकारी एवं अन्जुला सचान (स्टेट प्रोगाम आफिसर एच.एल.एफ पी.पी.टी, एजेन्सी एच.आई.वी.) के द्वारा आयुष चिकित्सको को टीबी कार्यक्रम एवं एच.आई.वी. एक्ट 2017 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में 40 आयुष चिकित्सक उपस्थित रहे।इस दौरान प्रदीप कुमार (डी.पी.सी. एन.टी.ई.पी.) ब्रजेन्द्र कुमार (डीपीएम डाप्कू) गनेश प्रसाद (डीपीपीएमसी एन.टी.ई.पी.),योगेन्द्र सिंह (डी.सी एचएलएफ पी.पी. टी.) एवं आमिर हाशिमी (एकाउन्टेन्ट एन.टी.ई.पी.) आदि उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराएं अधिक से अधिक मुकदमें– जिला जज

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




सोमवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, शेषमणि शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

इला चैधरी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश द्वारा 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण हेतु बल दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं, उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वे अपने-अपने न्यायालयों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके, को अधिक से अधिक चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें। बैठक में अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज, राममणि पाठक नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज सी.डि., वर्णिका शुक्ला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अश्वनी कुमार उपाध्याय, सिविल जज सी.डि. एफ.टी.सी., अंशुमान यादव अतिरिक्त सिविल जज सी.डि., सैफाली यादव सिविल जज जू.डि., सृष्टि शुक्ला सिविल जज जू.डि. एफ.टी.सी., विदिशाभूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय मौजूद रहे।



### मजबूरी में जंग लड़ रहे: ईरान

ईरान ने कहा है कि वह मजबूरी में जंग लड़ रहा है, यह उसकी पसंद नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि जंग देश पर जबरन थोपी गई है। जब उनसे सीजफायर के लिए मध्यस्थता की संभावना के बारे... पढ़ें पेज 12 पर...

# जनता दर्शन : सीएम ने बच्चे से ली पढ़ाई की जानकारी बोले, किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का प्रयोग कम करो

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए पीड़ितों मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उनका प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्याओं का निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए। 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एक बच्चे के पास पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ो। सोशल मीडिया का प्रयोग उतना ही करो, जितनी आवश्यकता है। इसका अत्यधिक प्रयोग घातक है। सीएम ने मोबाइल आदि का प्रयोग भी कम करने की सलाह दी।

### निवेश और उद्योग विकास में देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं

'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



### अवैध कब्जे के मामले पर सीएम हुए सख्त

कासगंज से आए पीड़ित ने सीएम के समक्ष पुलिस से जुड़ी शिकायत रखी। पीड़ित ने अपने प्रकरण में कार्रवाई पर देरी की शिकायत की। इस पर सीएम योगी ने पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया। वहीं एक प्रकरण पारिवारिक विवाद से भी जुड़ा आया। अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत पर सीएम सख्त हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने पीड़ित को आश्वस्त किया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई होगी।

# बॉम्बे पावभाजी को देने होंगे करोड़ रुपये, ग्राहकों के बिलों में 'पेट पूजा सॉफ्टवेयर' से कर रहे थे गड़बड़ी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




पेटपूजा साफ्टवेयर के जरिये बिलिंग में हेराफेरी के मामले में फंसे राजधानी के बॉम्बे पावभाजी प्रतिष्ठान को दो करोड़ रुपये से अधिक आयकर जमा कराना होगा। बॉम्बे पावभाजी के हजरतगंज और गोमतीनगर के तीन प्रतिष्ठानों के सर्वे में करीब 7 करोड़ रुपये के कारोबार का पता चला है। आयकर विभाग ने रविवार देर रात तक सर्वे की कार्यवाही की थी। बता दें कि हैदराबाद के आयकर विभाग के इनपुट पर देश भर में 17 से अधिक प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग ने रविवार को सर्वे किया था, जिसमें राजधानी का बॉम्बे पावभाजी प्रतिष्ठान भी शामिल था। दरअसल, देश भर में जिन रेस्टोरेंट्स आदि द्वारा 'पेट पूजा सॉफ्टवेयर' का इस्तेमाल किया जाता है, वहां साफ्टवेयर की मदद से करीब 70 हजार करोड़ रुपये की हेराफेरी के सुराग मिलने के बाद नई दिल्ली स्थित आयकर विभाग के मुख्यालय के निर्देश पर की गई थी। इसके तहत राजधानी स्थित आयकर विभाग की जांच इकाई के अधिकारियों ने भी बॉम्बे पावभाजी के तीनों प्रतिष्ठानों पर जाकर पेटपूजा साफ्टवेयर को खंगाला, जिसमें करीब सात करोड़ रुपये का अधिक कारोबार करने के सुराग मिले। इस दौरान संचालक का बयान भी दर्ज किया गया, जिसने साफ्टवेयर के जरिये गड़बड़ी होने की बात कबूली है।

### कई अन्य प्रतिष्ठान भी रडार पर

सूत्रों की मानें तो राजधानी के तमाम रेस्टोरेंट संचालक आयकर विभाग के रडार पर हैं। विभाग द्वारा इन प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को होने वाली बिलिंग और टैक्स चुकाने की जानकारी जुटाई जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इन प्रतिष्ठानों द्वारा कितना जीएसटी जमा कराया जा रहा है ताकि उसके आधार पर आयकर का भी आकलन किया जा सके।

# तकनीकी खराबी से इंडिगो की लखनऊ-कोलकाता फ्लाइट एक घंटे लेट, डिप्टी सीएम भी फंसे रहे




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कोलकाता जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के कारण करीब एक घंटे की देरी से रवाना हुई। इस दौरान विमान में सवार यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। फ्लाइट में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद थे, जिन्हें भी अन्य यात्रियों के साथ लगभग एक घंटे तक विमान में ही रुकना पड़ा। जानकारी के अनुसार लखनऊ से कोलकाता के लिए निर्धारित समय पर उड़ान भरने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान विमान में तकनीकी खामी सामने आ गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एयरलाइन के इंजीनियरों ने तुरंत विमान की जांच शुरू की और समस्या को ठीक किया। तकनीकी जांच और मरम्मत के चलते उड़ान करीब एक घंटे तक रुकी रही। बाद में खराबी दूर होने के बाद विमान ने कोलकाता के लिए सुरक्षित उड़ान भर ली। इस दौरान विमान में मौजूद यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। बताया जा रहा है कि विमान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी सवार थे जिन्हें भी अन्य यात्रियों की तरह एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार तकनीकी जांच पूरी होने के बाद ही विमान को उड़ान की अनुमति दी गई।

# कार की टक्कर से महिला घायल, इलाज जारी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिंगवाँ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुम्हरावां बाबागंज मार्ग पर मुसपिपरी गाँव के पास इंडिगो कार की टक्कर से महिला घायल, जिसके पैर में आई गम्भीर चोट, वही सूचना मिलते ही स्थानीय महिंगवा की पुलिस तत्काल मौके पर पहुँचकर घायल महिला को ईलाज हेतु एम्बुलेंस से राम सागर मिश्र हॉस्पिटल भेजवाया और टक्कर मारने वाली कार को कब्जे में लिया । वही घायल महिला महिंगवाँ थाना क्षेत्र के पुहुपपुर मजरा सुबंशीपुर की बताई जा रही है। महिगवां थाना अध्यक्ष ने बताया कि गाड़ी संख्या यूपी 32 सीएक्स 8237 बाबागंज की तरफ से आ रही थी और चालक द्वारा नियंत्रण खो जाने के कारण गाड़ी ने महिला को टक्कर मार दी गाड़ी को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है तथा घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई।

# जन समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करें अधिकारी: शर्मा

- विद्युत, सफाई, सड़क निर्माण व जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सरकारी आवास पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना। बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे। श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल सुधार, साफ-सफाई की व्यवस्था, सड़क निर्माण, जलनिकासी तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई मामले सामने आए। श्री शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं।जन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और प्रशासन से उम्मीद रखती है, इसलिए अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका प्रभावी समाधान करना है। इससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है और समस्याओं का समाधान भी तेजी से हो पाता है। श्री शर्मा ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए तथा नागरिकों को सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।इस अवसर पर ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी ढंग से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को सचिवालय स्थित नवीन भवन में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय उपलब्धियां तथा लाभार्थियों तक पहुंच की स्थिति का आकलन किया गया मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे। इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक के दौरान डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ये दोनों विश्वविद्यालय दिव्यांगजन के लिए उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं और इन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल स्तर पर कार्यशालाएं, जागरूकता कार्यक्रम और प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों और अवसरों की जानकारी दिव्यांग छात्रों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। इसके साथ ही उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री कश्यप ने कहा कि योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना तभी तय होता है जब उसका सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। उन्होंने जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें कर अपेक्षित प्रगति न करने वाले जनपदों में जिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राज्य निधि का उपयोग संवेदनशीलता के साथदिव्यांगजनों के हित में किया जाए। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों और उनके निस्तारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत अब तक 11,98,725 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं। कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत अब तक 13,395 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत अब तक 22,672 दिव्यांगजनों को 26,830 विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों को निःशुल्क यात्रा सुविधा भी प्रदान की जा रही है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि शादी अनुदान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 232 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अब तक 94,040 लाभार्थियों को 188.08 करोड़ रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से भेजी जा चुकी है।छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत भी व्यापक स्तर पर लाभ प्रदान किया गया है। पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत 25,98,344 छात्रों को 1586.59 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में है अपार प्रतिभा: संदीप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- बेसिक शिक्षा मंत्री ने अयोध्या में किया बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन
- योगी सरकार शिक्षा के साथ खेल प्रतिभाओं को दे रही प्रोत्साहन

प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या की पावन धरा पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने डाभासेमर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि खेल बच्चों के जीवन में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं हैं बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और खेल दोनों को समान महत्व दे रही है। आज बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में अपार प्रतिभा है और ऐसे आयोजन उन्हें अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कई खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। एक समय था जब परिषदीय विद्यालयों की स्थिति काफी खराब मानी जाती थी, लेकिन योगी सरकार के कार्यकाल में विद्यालयों का व्यापक कायाकल्प हुआ है। आज प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं और बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्रदान किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने का अवसर मिले। प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ उन्हें सरकारी नौकरियों के अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में विभिन्न मंडलों से आए छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। सुल्तानपुर की छात्रा अनुश्री ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और मशाल दौड़ के साथ प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं के कारण ग्रामीण अंचल के बच्चे भी खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मिल्कीपुर विधायक चंद्रभान पासवान ने कहा कि योगी सरकार में खेलों को लगातार बढ़ावा मिला है, जिससे बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है।400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में विदुषी पांडेय गाजीपुर प्रथम, रोशनी कासगंज द्वितीय रहीं,400 मीटर बालक वर्ग में कार्तिक अमरोहा प्रथम, संजय उन्नाव द्वितीय तथा राजेंद्र गाजीपुर तृतीय स्थान पर रहे। 600 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में अतिया देवरिया प्रथम, शिवांगी यादव जौनपुर द्वितीय तथा करिश्मा तृतीय रहीं और 600 मीटर बालक वर्ग में आकाश गाजीपुर प्रथम, अर्जुन रामपुर द्वितीय तथा अमन बुलंदशहर तृतीय स्थान पर रहे।

# 'नो टोबैको प्लेज' में यूपी देश में अव्वल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को तंबाकू के सेवन से दूर रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एनटीसीपी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर देश में पहला स्थान हासिल किया। केंद्र सरकार के टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत आयोजित ऑनलाइन 'नो टोबैको प्लेज' अभियान में वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे ज्यादा भागीदारी दर्ज की । इस सूची में उत्तर प्रदेश के बाद हरियाणा दूसरे, राजस्थान तीसरे और दिल्ली चौथे स्थान पर रही।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के इस अभियान में उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है। उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष 2024-25 में भी टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के दौरान ऑनलाइन 'नो टोबैको प्लेज' में देश में शीर्ष स्थान हासिल किया था। लगातार दूसरे वर्ष यह उपलब्धि राज्य के युवाओं, स्कूलों, स्वास्थ्य विभाग और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई है।

# प्रेरणा कैंटीन: 10 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन बन रहीं ग्रामीण महिलाओं की तरक्की का आधार
- हर महिला को कैंटीन से 10 हजार रुपए से अधिक की हो रही मासिक आय

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई प्रेरणा कैंटीन के बड़े सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू हुई इस योजना से अब तक 10 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित इन कैंटीन से न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मजबूत अवसर भी मिल रहा है।प्रदेश भर में 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जा रहा है, जो ग्रामीण महिलाओं की तरक्की का मजबूत आधार बन रही हैं। इन कैंटीनों का संचालन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं, जिससे उन्हें नियमित आय के साथ रोजगार का स्थायी साधन मिल रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, रोजगार के नए अवसर और सरकारी योजनाओं का लाभ देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। प्रेरणा कैंटीन का संचालन जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, विकासखंड कार्यालय के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों को यहां स्वच्छ और किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इससे जहां लोगों को बेहतर सुविधा मिल रही है, वहीं महिलाओं की आय भी लगातार बढ़ रही है।

# शिक्षा को सर्वसुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध: योगेंद्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

शिक्षा व्यवस्था को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार सख्त कदम उठा रही है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा शुल्क केवल शासनादेश में निर्धारित दरों के अनुसार ही लें। शासनादेश के विपरीत अधिक शुल्क वसूलने वाले विश्वविद्यालयों के ऑडिट कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है।प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा शासनादेश के विपरीत फीस लिए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य विश्वविद्यालयों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही परीक्षा शुल्क लिया जाना चाहिए। कोई विश्वविद्यालय निर्धारित शुल्क से अधिक परीक्षा शुल्क वसूलता है तो उसकी ऑडिट कराई जा सकती है और उचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता, पारदर्शी व छात्र हितैषी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। फीस में अनावश्यक वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को सर्वोपरि रख निर्णय लेने चाहिए।मुताबिक शासनादेश राज्य विश्वविद्यालयों में परीक्षा शुल्क की समानता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीपीएड, बीजेएमसी, बीएफए और बीवोक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 800 रुपये, एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स बीटेक, बायोटेक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1000 रुपये तथा बीडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस और बीयूएमएस जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1500 रुपये प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है।उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया कि वे शासनादेशों का पूर्ण रूप से पालन करें और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें।

# डेटा इकॉनामी की नई राजधानी बन रहा यूपी

- योगी सरकार में डेटा सेंटर पॉलिसी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती
- 2030 तक प्रदेश में 5 गीगावाट क्षमता वाले बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश तेजी से देश की उभरती डेटा इकॉनामी का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। योगी सरकार की डेटा सेंटर नीति और हालिया घोषणाओं के चलते प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का दायरा लगातार बढ़ रहा है। फरवरी 2026 में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन की घोषणा की। इसका उद्देश्य डेटा सेंटर उद्योग के विकास को संस्थागत ढांचा प्रदान करना और निवेश प्रक्रिया को और अधिक तेज करना है। योगी सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश में 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख डेटा स्टोरेज और क्लाउड सेवाओं के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। तेजी से बढ़ते डिजिटल उपयोग, क्लाउड सेवाओं की मांग और डेटा लोकलाइजेशन की नीति के बीच डेटा सेंटर उद्योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनकी कुल क्षमता 900 मेगावाट होगी। कई परियोजनाओं पर काम भी आगे बढ़ चुका है। सरकार की ओर से अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जा चुका है, जिनमें 6 डेटा सेंटर पार्क और 2 डेटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 21,342 करोड़ रुपये के निवेश और 644 मेगावाट की क्षमता सुनिश्चित हो चुकी है। यह प्रगति इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश में में डेटा सेंटर सेक्टर तेजी से गति पकड़ रहा है और बड़ी टेक कंपनियां यहां निवेश को लेकर रुचि दिखा रहीं हैं। आईटी विशेषज्ञ प्रदीप यादव का कहना है कि डेटा सेंटर उद्योग के विस्तार से केवल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ही मजबूत नहीं होगा, बल्कि इससे आईटी, क्लाउड सेवाओं, नेटवर्किंग और तकनीकी सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके साथ ही यूपी में स्टार्टअप और डिजिटल सेवाओं के लिए भी मजबूत आधार तैयार होगा। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कोई डेटा सेंटर स्थापित नहीं था। योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद पिछले कुछ वर्षों में स्थिति तेजी से बदली है। प्रदेश में नीति आधारित प्रोत्साहन, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश अनुकूल माहौल के कारण डेटा सेंटर मामले में लगातार प्रगति हो रही है, जबकि कई परियोजनाएं निर्माण और प्रस्तावित चरण में हैं। सरकार का मानना है कि डेटा सेंटर क्लस्टर और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन से निवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आएगी।

# 15 दिन से खराब हैंडपंप,पांच सौ मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर मासूम,जिम्मेदार कौन?

जन एक्सप्रेस | तिलोई,अमेठी




तिलोई तहसील अंतर्गतड्ड्सिंहपुर विकासखंड की ग्राम सभा महिया सिंदुरिया स्थित महेशपुर प्राथमिक विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी देखने सामने आई है।यहां पिछले करीब 15 दिनों से विद्यालय का हैंडपंप खराब पड़ा है,जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चों को पीने के पानी के लिए लगभग 500 मीटर दूर तक जाना पड़ रहा है।विद्यालय के शिक्षक का कहना है,कि हैंडपंप खराब होने की सूचना कई बार ग्राम प्रधान अजय सिंह को दी जा चुकी है,लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई।नतीजा यह है कि विद्यालय में पढ़ने वाले मासूम बच्चों को अपनी प्यास बुझाने के लिए स्कूल परिसर से बाहर जाना पड़ता है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि बच्चे पानी लेने के लिए सड़क पार कर दूर जाते हैं। ऐसे में अगर किसी बच्चे के साथ रास्ते में कोई दुर्घटना हो जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी? यह सवाल अब ग्रामीणों और अभिभावकों के मन में गूंजने लगा है।ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार हर साल विद्यालयों के रखरखाव और मरम्मत के लिए लाखों रुपये का बजट देती है, लेकिन इसके बावजूद बच्चों को पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं मिल पा रही है। इससे व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत कराई जाए, ताकि विद्यालय के बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल मिल सके।अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी जल्दी संज्ञान लेता है और मासूम बच्चों की इस परेशानी का समाधान कब तक हो पाता है।

## रायबरेली में हर महीने नि:शुल्क नेत्र शिविर-9 तारीख को मरीजों की मुफ्त जांच, चश्मा और इलाज

**रायबरेली।** जिले के गौरा विकासखंड क्षेत्र की किशोरी बलम पुर पंचायत में हर महीने की 9 तारीख को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर गदा गंज थाने के सामने स्थित पंचायत भवन में लगता है। सतगुरु संघ जानकी कुंड, चित्रकूट द्वारा आयोजित इस शिविर में मरीजों को मुफ्त जांच, चश्मा और इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। प्रत्येक शिविर से लगभग 50 से 60 मरीजों को चित्रकूट ले जाया जाता है, जहां उनका नि:शुल्क उपचार होता है। डॉ. विनय अग्रहारी ने बताया कि सतगुरु चित्रकूट की विशेष बसें मरीजों को किशोरी बलम पुर पंचायत भवन से चित्रकूट ले जाती हैं। उपचार पूरा होने के बाद उन्हें वापस उसी स्थान पर छोड़ा जाता है। यह सेवा विशेष रूप से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों के लिए है।

# सिंहपुर सीएचसी में आरओ प्लांट खराब, मरीजों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा

जन एक्सप्रेस | सिंहपुर,अमेठी



तिलोई तहसील क्षेत्र के सिंहपुर विकासखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में लगा शुद्ध पेयजल का आरओ प्लांट कई दिनों से खराब पड़ा है।भीषण गर्मी के इस मौसम में अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है,जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अस्पताल परिसर में लगा आरओ मशीन ठीक से पानी नहीं दे रहा है। इसके चलते मरीजों और तीमारदारों को मजबूरन बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है या फिर बिना फिल्टर का पानी पीना पड़ रहा है। गर्मी के इस दौर में अस्पताल जैसी जगह पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था ठप होने से लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।स्थानीय पत्रकार अंकित त्रिवेदी ने इस संबंध में सिंहपुरसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ.सुनील चौधरी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो सका।क्षेत्र के लोगों और मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग तथा संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि अस्पताल में लगे आरओ प्लांट को शीघ्र ठीक कराया जाए,ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके।

# राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान को मिला पूर्णकालिक कुलसचिव

जन एक्सप्रेस | अमेठी



राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान आरजी आईपीटी अमेठी के प्रशासनिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है।संस्थान में नौ मार्च सोमवार को राजन श्रीवास्तव ने प्रथम पूर्णकालिक कुलसचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया।उनकी नियुक्ति संस्थान के संचालक मंडल की स्वीकृति से पाँच वर्षों की अवधि के लिए की गई है।श्रीवास्तव इससे पूर्व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी बीएचयू में संयुक्त कुलसचिव के पद पर कार्यरत थे। उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रशासनिक एवं अकादमिक प्रबंधन में उन्हें तीन दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है।उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से आरजीआईपीटी की प्रशासनिक व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।पदभार ग्रहण करने के अवसर पर राजन श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता संस्थान में पारदर्शी,सुदृढ़ और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करना होगी।उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान के सभी हितधारकों,छात्रों,शिक्षकों और कर्मचारियों को संस्थान की प्रगति का पूरा लाभ मिल सके,इसके लिए वे प्रतिबद्ध रहेंगे।संस्थान में प्रथम पूर्णकालिक कुलसचिव की नियुक्ति को आरजी आईपीटी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पड़ाव माना जा रहा है,जिससे संस्थान की प्रशासनिक एवं अकादमिक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।संस्थान पहुंचने पर उप कुलसचिव समीर रंजन सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भोये बाजार में बड़ा हादसा टला, खड़ी ट्रक को दूसरी ट्रक ने मारी टक्कर, तालाब में पलटी

**अमेठी।** जनपद के जामों थाना क्षेत्र अंतर्गत भोये बाजार में सोमवार को एक अजीबोगरीब हादसा देखने को मिला।सीमेंट से लदी एक ट्रक सड़क किनारे खड़ी कर चालक नाश्ता करने चला गया था। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी ट्रक ने खड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि खड़ी ट्रक स्टार्ट होकर बिना चालक के ही आगे बढ़ने लगी।अनियंत्रित ट्रक कुछ दूरी तक चलने के बाद सड़क किनारे स्थित तालाब में जा पलटी।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।गनीमत रही कि हादसे के समय ट्रक के सामने कोई व्यक्ति या वाहन नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हादसे में ट्रक को नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# पैरा खिलाड़ी हर्षवर्धन मणि दीक्षित को पूर्व सांसद ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति, भारत (पंजीकृत) इकाई बलरामपुर के तत्वावधान में धुसाह स्थित निर्माणाधीन भगवान परशुराम मंदिर परिसर, समय माता मंदिर के निकट आयोजित भव्य होली मिलन समारोह सामाजिक सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद पं0 चन्द्र भाल मणि तिवारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्रावस्ती प0 दद्दन मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पं0 विनय मोहन त्रिपाठी तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी पं0 अखिलेश्वर तिवारी भी मौजूद रहे । कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी हर्षवर्धन मणि दीक्षित को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हर्षवर्धन के पिता एवं कोच हिमांशु मणि दीक्षित एवं उनके भाई यशवर्धन दीक्षित भी थे । सम्मान प्राप्त करने के बाद हर्षवर्धन मणि दीक्षित ने कहा कि यह दिन उनके जीवन के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने बताया कि उन्हें यह सम्मान इंडियन पैरा गेम्स में पदक प्राप्त करने, इंडियन पैरा ओलंपिक गेम्स के लिए भारत की ओर से चयनित होने तथा खेल के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि उनके अब तक के संघर्ष, मेहनत और समर्पण की पहचान है। खेल के इस सफर में कई उतार-चढ़ाव और कठिन परिस्थितियां आई, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियों के पीछे उनके परिवार, गुरुओं और शुभचिंतकों का आशीर्वाद और सहयोग है। हर्षवर्धन मणि दीक्षित ने इस सम्मान के लिए समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, जिला अध्यक्ष पं0 राम नरेश त्रिपाठी तथा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पं0 सौरभ त्रिपाठी का धन्यवाद किया, जिन्होंने मंच पर उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साह और आत्मविश्वास कई गुना बढ़ाया ।उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि उनके परिवार, गुरुओं, साथियों और उन सभी लोगों के लिए गर्व का क्षण है जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उनका हौसला बढ़ाया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में होली के पारंपरिक गीत-संगीत, रंग-गुलाल और आपसी मिलन के साथ समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और आपसी प्रेम को बढ़ाने का पर्व है। समारोह में समिति के जिला अध्यक्ष पं0 राम नरेश त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पं0 सौरभ त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं0 अरुण कुमार पाण्डेय, महामंत्री पं0 अम्बरीश शुक्ला, उपाध्यक्ष पं0 संजय मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पं0 प्रवीन तिवारी, कोषाध्यक्ष पं0 तुलसीष दूबे सहित अन्य कई पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में एकता, भाईचारे तथा सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# होली मिलन समारोह में अग्रवाल सभा की नवीन कार्यकारिणी का गठन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में अग्रवाल सभा द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम श्री महाराजा अग्रसेन मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान अग्रवाल सभा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जानकारी के अनुसार 8 मार्च को आगामी दो वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु चुनाव संबंधित नामांकन प्रक्रिया शुरू किया गया जो प्रातः 10रू00 बजे से 12रू00 बजे तक चुनाव अधिकारी सभा अध्यक्ष सौम्य अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न हुई। सायं 5रू00 बजे से होली मिलन एवं सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई । आगंतुक लोग एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी । सायं 6रू00 बजे से अग्रवाल सभा, बलरामपुर की आम सभा की बैठक की गई जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए गठित कार्यकारिणी के सदस्यों के निर्विरोध चयन की सूचना दी गई। सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण कोई चुनाव कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष सौम्य अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवीकांत अग्रवाल भगवतीगंज एवं अजय कुमार अग्रवाल बलरामपुर, सचिव विनोद कुमार बंसल, निरीक्षक मोहनलाल अग्रवाल और सुशील कुमार हमीरवासिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, भवन अध्यक्ष साकेत कुमार तुलस्यान, भंडार अध्यक्ष शरद अग्रवाल, जनसंपर्क अधिकारी आलोक अग्रवाल निर्वाचित घोषित किए गए। सदस्यों में अशोक कुमार गुप्ता, निर्मल कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार तुलस्यान, पवन अग्रवाल, अरुण केडिया, सुनील अग्रवाल, अभिषेक सिंघल सहित अन्य बन्धु उपस्थित रहे। सायं 7रू00 बजे से लखनऊ से सी. टी. सी. एस. फैमिली के कलाकारों द्वारा विभिन्न होली गीतों और अन्य गीतों पर अपनी नृत्य प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एंकर, कॉमेडियन, मिमिक्री आर्टिस्ट विजय गुप्ता द्वारा दर्शकों के साथ मनोरंजन सवाल जवाब और हंसी ठहाकों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन के पूर्व फूलों वाली प्रसिद्ध होली खेली गई जिसमें उपस्थित जनसमूह भी बराबर से सम्मिलित रहा। सभी कलाकारों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो एवं गिफ्ट हैंपर देकर सम्मानित किया गया। सी. टी. सी. एस. के फाउंडर अध्यक्ष मनोज कुमार, ऑफिशियल फोटोग्राफर निखिल बालूजा एवं कोरियोग्राफर दिव्या शुक्ला को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## पंचायत चुनाव की प्रमुख घटनाओं की वीडियोग्राफी हेतु, जेम पोर्टल पर कस्टम बिड प्रकाशित

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली अंजूलता ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 हेतु आयोग के मानक के अन्तर्गत सामान्य निर्वाचन की विभिन्न प्रक्रिया के दौरान प्रमुख घटनाओं की वीडियोग्राफी की व्यवस्था कराने हेतु जेम पोर्टल पर जेम बिड संख्या त्श्वस्/2026/क्ष/7329425 दिनांक 07 मार्च 2026 को प्रकाशित कर दी गयी है, बिड बंद होने की तिथि 17 मार्च 2026 समय अपरान्ह 14ः00 बजे तथा बिड खुलने की तिथि 17 मार्च 2026 को समय अपरान्ह 14ः30 बजे है तथा उपरोक्त व्यवस्थाओं की कुल अनुमानित लागत रू0 20,00,000/- (मु0 बीस लाख मात्र) है।

# सेवारत स्वर्णकार संस्थान का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




जनपद की ख्याति प्राप्त लब्ध समाजसेवी संस्था सेवारत स्वर्णकार संस्थान का होली मिलन कार्यक्रम स्थानीय रामा कृष्णा इण्टर कालेज के सभागार में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए पारम्परिक रूप से फूलों की होली खेली। होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जे.पी. त्रिपाठी ने कहा कि व्यवसाय के साथ-साथ हमें शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की जरूरत है। होली मिलन हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम आपसी गिले शिकवे भुलाकर अपने व राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए काम करें। उन्होंने स्वर्णकार समाज द्वारा समय-समय पर किये जा रहे जनोपयोगी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए बधाई दी। संस्थान के संरक्षक भौमेश कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम प्रगति के नये आयाम गढ़ते हैं। हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान एवं सेवारत बनाने के सतत् प्रयास करना है। उन्होने लोगों का आह्वान किया कि वे तन-मन-धन से समाज सेवा में आगे आएं। संस्थान के अध्यक्ष इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि होली मिलन हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम आपसी गिले शिकवे भुलाकर अपने व राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए काम करें। संस्थान के महासचिव प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा कि होली का पर्व श्रद्धा, सद्भावना, मस्ती और भाईचारे का त्यौहार है, रंगों के माध्यम से खुशियाँ मनाने का पर्व है, आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का त्यौहार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओरी लाल वर्मा एवं सफल संचालन गोविन्द सोनी तथा आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन डा0 सियाराम वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुकेश रस्तोगी, पारसनाथ, पुरुषोत्तम बाबू, केदारनाथ, सतीश चंद्र सोनी, संतोष सोनी, पूर्व अध्यक्ष शिवशरण शरण लाल, सूरज बर्फानी, त्रिलोकी नाथ, अरूण कुमार, राजकुमार सोनी, विशाल नाथ आदि उपस्थित रहे। महिला वर्ग मे मीरा रस्तोगी, ऊषा सोनी, सुकीर्ति वर्मा ने संयुक्त होली गीत, भजन आदि प्रस्तुत किए।

# चौहान गुट ने थाना नसीराबाद पुलिस के ढुलमुल रवैये के खिलाफ प्रदर्शन कर डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान की अगुवाई में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित डीएम व एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर थाना नसीराबाद पुलिस के ढुलमुल रवैये को लेकर व्यापारी एकता जिंदाबाद, थाना नसीराबाद पुलिस मुर्दाबाद के नारे के साथ मौखिक रूप से अवगत करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष चौहान ने बताया कि बीते कई माह से थाना नसीराबाद पुलिस द्वारा क्षेत्र में व्यापारियों और ग्रामीणों के साथ हुए कई मामलों जैसे चोरी, मारपीट, लूटपाट को लेकर प्रार्थना पत्र दिये गये, यहां तक कि एक चोरी के मामले सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराई गई तब भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। थाना नसीराबाद पुलिस अपनी कुम्भकर्णीय नींद से बाहर नहीं आई। जिसको लेकर आज मैं पदाधिकारियों, नसीराबाद इकाई और व्यापारियों के साथ डीएम व एसपी महोदय को लिखित और मौखिक रूप से अवगत करते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है। जिस पर 19 मार्च तक सभी मामलों में अगर कोई भी नहीं हुई तो हम समस्त चौहान गुट व्यापार मंडल अपने समस्त पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ पैदल मार्च करते हुए लखनऊ जाएगा और माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर अवगत कराते हुए दोषियों की विरुद्ध कार्यवाही की मांग करेंगे। क्योंकि हमारा व्यापार मंडल चौहान गुट व्यापारियों को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर की लड़ाई लडने के लिए सदैव तैयार रहता है। ज्ञापन देने में जी सी सिंह चौहान के साथ मो0 उमर, इम्तियाज खान, वसीम खान, अध्यक्ष संजय मौर्य, सोनू मौर्य, भोला पासी, शुभम विश्वकर्मा, नवीन पासी, सुनील गौतम, कमलेश गौतम आदि मौजूद रहे।

## फेसबुक लाइव पर धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, रायबरेली पुलिस की कार्रवाई

**रायबरेली।** में फेसबुक लाइव धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर लाइव आकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को दबोच लिया।

यह मामला रायबरेली के थाना बछरावां क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार ग्राम रामपुर हसनगंज निवासी हरिओम चतुर्वेदी पुत्र अमरनाथ चतुर्वेदी ने थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कमनी तालाब निवासी सलाउद्दीन मंसूरी पुत्र फखरूद्दीन ने 6 मार्च 2026 को अपने फेसबुक आईडी से लाइव आकर उन्हें और उनके परिवार को सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी ।पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना बछरावां में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मु0अ0सं0 0116/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352 और 351(3) के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सप्त दिवसीय शिविर का उद्घाटन समारोह सोमवार को विजलीपुर में आयोजित किया गया । जानकारी के अनुसार 9 मार्च को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई तथा कल्पना चावला इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल तथा डॉ अनामिका सिंह के संयोजकत्व मे सप्त दिवसीय शिविर के पहले दिन के कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय बिजलीपुर मे किया गया । कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सचिव कर्नल (रिटायर्ड) संजीव कुमार वार्ष्णेय थे । विशिष्ट अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह, मां पाटेशवरी विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयोजक प्रो विमल प्रकाश वर्मा, डॉ आलोक शुक्ल, नीरज सिंह प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय विजलीपुर तथा मीरा चौहान उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण, सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । वैदिक मंगलाचरण सलोनी, सगुण, मानसी ने किया ।सरस्वती वंदना पियूष मुकेश, धरमेश ने किया । कार्यक्रम के प्रारंभ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई तथा कलपना चावला इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ला तथा अनामिका सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सचिव कर्नल ( रिटायर्ड) संजीव कुमार वार्ष्णेय तथा अन्य अतिथियों का स्वागत शिविर मे परंपरागत ढंग से किया । कार्यक्रम के प्रारंभ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने इस सप्त दिवसीय शिविर के सात दिनो तक दो सत्र मे चलनेवाले शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की । तत्पश्चात डॉ रमेश शुक्ल के नेतृत्व मे स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा बिजलीपुर गांव का भ्रमण कर स्वच्छता से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया तथा मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई। तत्पश्चात डॉ रमेश शुक्ल ने सवंयसेवक एवं स्वयं सेविकाओं, छात्र छात्राओं तथा ग्रामीणों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के विषय मे बताया । प्रबंध समिति के सचिव कर्नल ( रिटायर्ड) संजीव वार्ष्णेय ने मानव जीवन मे अनुशासन के महत्व विषय पर अपने विचार संक्षेप मे रखे । उन्होने कहा कि अनुशासन ही देश के महान बनाता है तथा अनुशासन के बिना समाज का विकास संभव नही है । प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने सेवा भाव को जीवन का मूल तत्व कहा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज मे जागरूकता के फैलाव के महत्व की जानकारी संक्षेप मे दी । प्रो विमल प्रकाश वर्मा ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप मे प्रकाश डाला । कार्यक्रम मे वेलकम स्पीच डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने दिया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनामिका सिंह ने किया। आज के कार्यक्रम मे महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ए के दीक्षित, डॉ ओमप्रकाश, डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ बी एल गुप्ता, डॉ विनीत, डॉ अनुज सिंह, शिवम सिंह सहित सैकडों स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाएं उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।



## The Kerala Story 2 में अदा शर्मा को नहीं किया गया कास्ट, अब एक्ट्रेस ने कही ये बड़ी बात

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा साल 2023 में विपुल अमृतलाल शाह द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म 'द केरल स्टोरी' में नजर आई थीं. फिल्म को डायरेक्ट किया था सुदिप्तो सेन ने. अब लगभग तीन सालों के बाद अमृतलाल शाह ने डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह के साथ मिलकर 'द केरल स्टोरी 2' बनाई है. सुदिप्तो सेन ने ये सीक्वल फिल्म डायरेक्ट नहीं की है. उनके साथ-साथ अदा शर्मा भी इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं. पहले पार्ट में उनका लीड रोल था, लेकिन इस बार उन्हें कास्ट नहीं किया गया. फिल्म में कास्टिंग न होने के सवाल पर अब अदा ने रिएक्ट किया है.

फर्स्ट पोस्ट के साथ बातचीत में अदा शर्मा से जब 'द केरल स्टोरी 2' में कास्टिंग को लेकर सवाल हुआ, उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें फिल्म का ऑफर मिला था? तो इस सवाल का जवाबे देते हुए उन्होंने कहा, मुझे सीक्वल में रोल का ऑफर मिला था या नहीं, इस बारे में बातचीत मेकर्स और एक्टर्स के बीच में ही रहना चाहिए. इस




बारे में पब्लिक में बात नहीं की जानी चाहिए. यानी अदा को फिल्म में काम करने का ऑफर मिला था या नहीं, इस बारे में उन्होंने कुछ बताने से इनकार कर दिया.

**अदा शर्मा ने ये बात भी कही**

इस बारे में बात करते हुए कि क्या फैंस उन्हें सीक्वल फिल्म में मिस कर रहे हैं, इसपर अदा ने कहा, ऑडियंस मुझे लेकर काफी बायस हैं. वो मुझे काफी ज्यादा पसंद करते हैं. मैं बहुत लकी हूं कि वो मुझे हर फिल्म में देखना पसंद करते हैं.'द करल स्टोरी 2' 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है.

**अदा शर्मा की फिल्म ने कितनी कमाई की थी ?**

इस बार फिल्म में अदिति भाटिया, ऐश्वर्या ओझा और उल्का गुप्ता को लिया गया है. इस फिल्म को अपने पहले पार्ट की तरह रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है. 7 दिनों में 'द केरल स्टोरी 2' ने सिर्फ 22.34 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

फिल्म के पहले पार्ट ने अपने बजट से 20 गुना ज्यादा कमाई की थी. 'द केरल स्टोरी' सिर्फ 15 करोड़ रुपये में बनी थी और दुनियाभर से उस फिल्म ने 302 करोड़ रुपये अपने नाम कर लिए थे. हालांकि, दूसरे पार्ट का यहां तक पहुंचना काफी मुश्किल लग रहा है.

## नए गाने ने बढ़ाई बादशाह की मुश्किलें, हरियाणा महिला आयोग ने भेजा समन




इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री कॉन्ट्रोवर्सी से भरी है, आए दिन कोई न कोई किसी विवाद में फंसा होता है. अब पंजाबी सिंगर और रैपर बादशाह भी अपने विवादों को लेकर चर्चा में आ गए हैं. अपने गानों और आवाज के जरिए लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले बादशाह की कमाल की फैन फॉलोइंग है. हाल ही में सिंगर का नया गाना 'टटिहरी' रिलीज हुआ है, जिसके बाद से वो अपने नए गाने को लेकर विवाद में फंस गए हैं. हरियाणा महिला आयोग की तरफ से उन्हें समन भेजा गया है और जवाब मांगा गया है.

बॉलीवुड रैपर-सिंगर बादशाह का हाल ही में एक गाना रिलीज हुआ है, जिसका टाइटल टटिहारी है, ये एक हरियाणवी फोक सॉन्ग है. लेकिन, गाना रिलीज होने के बाद से हरियाणा महिला आयोग की तरफ से गाने की लाइन्स पर आपत्ति जताई गई है और साथ ही म्यूजिक वीडियो के एक सीन को लेकर भी सवाल किया गया है. सिंगर रैपर बादशाह को हरियाणा राज्य महिला की तरफ से समन जारी किया है, जिसमें पक्ष रखने के लिए 13 मार्च को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है.

**गाने को लेकर क्या है शिकायत ?**

पानीपत की नारी तू नारायणी संस्था की अध्यक्ष सविता आर्य और शिव आरती फाउंडेशन के प्रमुख शिव कुमार की शिकायत पर महिला आयोग ने ये नोटिस जारी किया है. इसके अलावा रोहतक के एडवोकेट राज नारायण पंघाल ने भी राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को शिकायत भेजी है. शिकायत में बादशाह के रैप सॉन्ग की लाइन 'आया बादशाह डोली चढ़ाने, इन सबकी घोड़ी बनाने' पर आपत्ति उठाई गई है. शिकायत में कहा गया है कि इस गाने में गंदी शब्दावली का इस्तेमाल किया गया है.

**बादशाह को देनी होगी सफाई**

इतना ही नहीं साथ ही गाने की वीडियो में स्कूल ड्रेस में नाबालिग बच्चियों को हरियाणा रोडवेज की बस पर चढ़ कर स्कूल बैग के साथ नाचते और स्कूल बैग फेंकते हुए दिखाया गया है. पूरे मामले को लेकर सहारण खाप ने भी ऐतराज दर्ज करवाया है. अब बादशाह को इस मामले में सफाई देनी होगी. बादशाह का ये गाना 1 मार्च को रिलीज हुआ है, 5 दिन पहले रिलीज हुए इस गाने पर 4.2 मिलियन व्यूज हैं.

## थियेटर छोड़िए, OTT पर देख डालिए जान्हवी कपूर की ये 5 फिल्में, दो तो रही हैं बड़ी हिट




बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में पिछले आधे दशक में जितनी भी एक्ट्रेस आई हैं उसमें चुनिंदा ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता का स्वाद चखा है साथ ही लोगों के दिलों में जगह भी बनाई है. एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने भी अपनी मां श्रीदेवी की तरह ही अभिनय की दुनिया में हाथ आजमाया और बॉलीवुड समेत साउथ जगत तक भी अपनी पहुंच स्थापित की. एक्ट्रेस ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी हाथ आजमाया. कभी अपने अभिनय से तो कभी फैशन सेंस से फैंस को एंटरटेन किया और उनकी फेवरेट बन गईं. एक्ट्रेस का फिल्मी सफर 7-8 साल का हो चुका है साथ ही उनकी उम्र भी अब 29 साल की हो चुकी है.

**धड़क**

ये जान्हवी कपूर की डेब्यू फिल्म थी जो साल 2018 में रिलीज की गई थी. फिल्म की खास बात ये थी कि ये मराठी फिल्म सैराट का रीमेक थी. फिल्म में जान्हवी के अपोजिट ईशान खट्टर नजर आए थे. इस फिल्म को थियेटर में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था साथ ही ओटीटी पर भी इसकी खूब तारीफ हुई थी. फिल्म के बाद जान्हवी कपूर के पास कई फिल्मों के ऑफर्स आए थे. फिल्म में इंटर कास्ट मैरिज जैसे इश्यू को दिखाया गया था और ये रोमांस के साथ एक्शन से भी भरपूर थी. इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं.

**उलझ**


उलझ फिल्म की बात करें तो इस फिल्म के जरिए मेकर्स ने एक्ट्रेस पर भरोसा जताया था और इसमें उनका लीड रोल था. लेकिन फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों ने सिरे से नकार दिया था. इसके अलावा फिल्म में राजेश तैलंग, आदिल हुसैन, गुल्शन दैवैया, सचिन खेडेकर और साक्षी तंवर जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था. एक्ट्रेस ने इसमें लंदन में डुक्नस अफसर का रोल प्ले किया था. फिल्म को आप नेटफ्लिक्स प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं.

**गुंजन सक्सेना बायोपिक**

इस फिल्म को फैंस अभी भी जान्हवी कपूर के अब तक के करियर की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस मानते हैं. ये एक बायोपिक फिल्म थी जिसमें जान्हवी ने इंडियन एयरफोर्स की अफसर गुंजन सक्सेना का रोल प्ले किया था.

फिल्म की स्टोरी को लेकर कुछ कॉन्ट्रोवर्सी भी हुई थी लेकिन पब्लिक ने इसे पसंद किया था. फिल्म पहले सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी लेकिन कोविड के चलते इसे सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था. अभी भी इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं.

## शाहरुख खान छोड़िए, अब एक्शन मोड में सुहाना खान, 100 लोगों के बीच 8 दिन तक क्या किया?



शाहरुख खान की 2023 के बाद से ही कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है. जी हां, वो 2023 के किंग बन गए थे, जब 'पठान' और 'जवान' से 1000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया. इस साल वो वापसी करने जा रहे हैं, उनकी जिस फिल्म का सबको बेसब्री से इंतजार है, वो KING है. फिल्म को 24 दिसंबर, 2026 को रिलीज किया जाना है. जिसके लिए शाहरुख तेजी से तैयारी भी कर रहे हैं. जबकि, यह सुहाना खान की थिएट्रिकल फिल्म है. फिल्म से एक्टर का




सॉल्ट एंड पेपर लुक सामने आ चुका है, जिसमें शाहरुख को देखकर फैन्स खुश हो गए. इसी बीच फिल्म का मुंबई में ही शूट चल रहा था, जिसे लेकर एक तगड़ा अपडेट सामने आ गया है.

दरअसल शाहरुख खान की 'किंग' में कई एक्टर्स एक साथ दिखने वाले हैं. जिसमें शाहरुख, सुहाना के अलावा राघव जुयाल, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर और अक्षय ओबेरॉय भी शामिल है. जबकि, कुछ दिनों पहले ही जानकारी मिली थी कि रानी मुखर्जी के साथ शाहरुख और सुहाना कोई फ्लैशबैक सीन शूट करने वाले हैं. जहां अभिषेक बच्चन भी मौजूद रहेंगे. अब और तगड़े सीक्वेंस के बारे में जानकारी मिल गई है.

**शाहरुख की 'किंग' को लेकर क्या अपडेट मिला ?**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि, भयंदर के एलोरा स्टूडियो में 8 दिन तक एक एक्शन शेड्यूल पूरा किया गया. यह सीक्वेंस विजयादशमी सेलिब्रेशन के बैकग्राउंड में शूट किया गया है. जिसके लिए एक बड़ा सेट डिज़ाइन किया गया था. जानकारी के मुताबिक, यह पूरा सीन विजयादशमी पर शूट हुआ है, जिसका स्केल बढ़ा है और खूब एनर्जी भी देखने को मिलेगी. वहीं, ढोल, रंगों और विसर्जन वाले दिन दिखने वाले जोश के साथ फिर से इसे शूट किया है. शाहरुख और सुहाना ने 8 रातों तक सैकड़ों बैकग्राउंड परफॉर्मर्स की भारी भीड़ के साथ शूटिंग की.

दरअसल इस सीक्वेंस में सुहाना खान ने कई स्टंट भी किए हैं. दरअसल यह पहला मौका है, जब शाहरुख खान अपनी बेटी के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे. हालांकि, यह पहले पूरी तरह से सुहाना की ही फिल्म थी, जब इसे सुजॉय घोष बना रहे थे. लेकिन फिर रातों-रात डायरेक्टर बदल गया और फिलहाल सिद्धार्थ आनंद ही डायरेक्ट कर रहे हैं. हालांकि, अब लीड रोल में शाहरुख खान है और अभिषेक बच्चन को विलेन बनाया गया है. पर फिलहाल शाहरुख खान के लुक के अलावा और किसी की भी तस्वीरें सामने नहीं आई है.

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# 'गरीबों के बैंकर' पर उठते सवाल

**कानून के अनुसार 5% लाभ श्रमिक कल्याण निधि में जमा करना आवश्यक था लेकिन कथित रूप से इन भुगतानों की अनदेखी की गई। इसके बजाय, लाभ विदेश भेजे गए और सरकार को फर्जी कर दिए गए, जिससे उन्हीं लोगों को वंचित किया गया जिन्हें ग्रामीण मॉडल के माध्यम से सशक्त बनाने का दावा किया गया था। 1990 के 6,000 टका वेतन पाने वाले प्रबंधक और आज के अरबों टका के धनकुबेर के बीच का यह विरोधाभास एक मौलिक प्रश्न उठाता है कि क्या 'गरीबों के बैंकर' वास्तव में भूमिहीनों के लिए सुरक्षा जाल बना रहे थे।**

*बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की अगुवाई करने वाले मुहम्मद यूनुस की इससे पहले ग्रामीण बैंक मिशन को लेकर वैश्विक प्रशंसा होती रही है लेकिन उनके साम्राज्य के पीछे की वित्तीय संरचना पर गहराई से नज़र डालने पर जटिल और गंभीर रूप से चिंताजनक कहानी सामने आती है। जहाँ दुनिया ने उन्हें सूक्ष्म ऋण (माइक्रोक्रेडिट) का अग्रदूत माना, वहीं उपलब्ध आँकड़े व्यक्तिगत और संस्थागत संपत्ति के चौंकाने वाले संचय की ओर संकेत करते हैं, जो ग्रामीण बैंक मिशन की उनकी सादगीपूर्ण शुरुआत से तीव्र विरोधाभास दर्शाते हैं। अक्सर भुला दिया जाता है कि ग्रामीण बैंक कार्यक्रम की शुरुआत बांग्लादेश की स्वतंत्रता के बाद भूमिहीन लोगों के लिए बिना जमानत ऋण उपलब्ध करवाने की पहल के रूप में हुई थी। संविधान के अनुच्छेद 152 के अंतर्गत इसे एक वैधानिक सरकारी प्राधिकरण के रूप में स्थापित किया गया था। महत्वपूर्ण बात यह है कि बैंक की शुरुआत पूरी तरह सरकारी धन से हुई थी और 1983 में ग्रामीण बैंक अध्यादेश जारी किया गया। जब डॉ. यूनुस ने 1990 में प्रबंध निदेशक का पद संभाला, तब उनका आधिकारिक वेतन मात्र 6,000 टका था। हालांकि, साल 2013 तक वित्तीय परिदृश्य में नाटकीय परिवर्तन आ चुका था। उनके निजी बैंक खातों में 118 करोड़ टका पाए गए। विविध जमापूंजीः विशेष खातों में स्टैंडर्ड चार्टर्ड (18121274701), साउथ ईस्ट बैंक (0212100020061) और रूपाली बैंक (0489010008096) शामिल थे। ट्रस्ट नेटवर्क: द प्रोफेसर यूनुस ट्रस्ट और फैमिली ट्रस्ट में कुल मिलाकर 77 करोड़ टका थे। बड़ी राशिः सबसे चौंकाने वाली राशि ग्रामीण कल्याण और ग्रामीण टेलीकॉम फंड में थी, जिनमें क्रमशः 2,253 करोड़ और 2,721 करोड़ टका विभिन्न सावधि जमा रसीदों में रखे गए थे। यूनुस की वित्तीय कहानी केवल नकद संपत्तियों तक सीमित नहीं है; यह विशाल अचल संपत्ति वाले साम्राज्य की भी कहानी है। ग्रामीण गरीबी पर ध्यान केंद्रित करने के दावों के बावजूद उच्च-स्तरीय शहरी और रिसॉर्ट संपत्तियों में महत्वपूर्ण निवेश किए गए। इन संपत्तियों पर नजर डालें- लक्ज़री निवासः फैमिली ट्रस्ट के नाम पर गुलशन में 9 करोड़ टका का एक फ्लैट खरीदा गया, साथ ही पेरिस में एक और विलासितापूर्ण निवेश किया गया। रिसॉर्ट और भूमिः 'निर्झर' रिसॉर्ट ब्रांड ने पूर्बाचल में 4,080 कट्ठा और कॉक्स बाज़ार में एक अन्य स्थान पर भूमि पर कब्ज़ा किया हुआ है। टूटे वादेः 2015 में चट्टोग्राम में 'आनंद स्कूल' खोलने के लिए ग्रामीण कल्याण फंड को 87 कट्ठा सरकारी भूमि दी गई थी। हालांकि, स्कूल कभी नहीं बना और भूमि का सार्वजनिक कल्याण के लिए उपयोग कभी नहीं हुआ। पूरे बांग्लादेश में अनुमान है कि ग्रामीण लोगों की सेवा के नाम पर 6,000 करोड़ टका मूल्य की भूमि खरीदी गई, जिसका बड़ा हिस्सा अब कथित रूप से पूंजी को विदेश ले जाने के लिए बेचा जा रहा है। इस कहानी का सबसे परिष्कृत पहलू शायद ग्रामीण नाम का उपयोग करके वैश्विक व्यापार करना है, जबकि इस बैंक को ही किनारे रखा गया। बताया जाता है कि डॉ. यूनुस ने ग्रामीण ब्रांड का उपयोग यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका में सामाजिक व्यवसायों में निवेश के लिए किया। हालांकि, इन कंपनियों की घरेलू वास्तविकता निराशाजनक बताई गई। विदेश से आया पैसा, विभिन्न कंपनियों को चलाने में इस्तेमाल हुआ लेकिन उन कंपनियों ने कभी लाभ नहीं देखा। कंपनियाँ हमेशा घाटा दिखाती रहीं और पैसों की हेराफेरी की जाती रही। इसके अतिरिक्त, इन संस्थाओं के प्रबंधन पर श्रम और कर कानूनों के व्यवस्थित उल्लंघन के आरोप हैं। कानून के अनुसार 5% लाभ श्रमिक कल्याण निधि में जमा करना आवश्यक था लेकिन कथित रूप से इन भुगतानों की अनदेखी की गई।*

## एक्सप्रेस आलेख

**यहां भारतीयों के लिए समझने के लिए बहुत कुछ है, वस्तुतः कूटनीति का मूल सिद्धांत ही यही है कि कोई देश अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाते हैं। इसमें भावनात्मक नारेबाजी का कोई औचित्य नहीं है बल्कि व्यावहारिक सोच की आवश्यकता होती है। इसी दृष्टि से देखें तो भारत का अमेरिका के साथ सहयोग वर्तमान की कोई कमजोरी नहीं है, यह तो एक सोचा-समझा निर्णय है। यही कारण है कि कांग्रेस का यह आरोप कि भारत-अमेरिका के सामने झुक गया है, वास्तविकता से बहुत दूर दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हर देश अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसले करता है। अभी आपको जो दिख रहा है।**

# अमेरिका के सामने झुक गया भारत, आरोप और वैश्विक हकीकत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**यह उल्लेख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारतीय सभ्यता के विचार और मूल्य आज भी दुनिया के दूसरे हिस्सों में बसे भारतीय समुदाय के जीवन और सोच का हिस्सा हैं। फाउंडेशन ने यह भी कहा कि जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिका में धार्मिक विविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन सभी तथ्यों के बीच भारत और अमेरिका के संबंधों को समझना भी जरूरी है।**

भारतीय राजनीति में आरोपों की कमी कभी नहीं रहती। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु जब आरोप तथ्यों और वैश्विक वास्तविकताओं से कटकर राजनीतिक बयान बन जाते हैं तब वे स्वभाविक तौर पर अपनी गंभीरता खो देते हैं। हाल के दिनों में कांग्रेस की ओर से यह आरोप लगाया गया कि भारत की सरकार अमेरिका के सामने झुक गई है, ठीक वैसा ही है। वस्तुतः यह आरोप सुनने में भले ही तेज और आक्रामक लगे, पर यदि इसे वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और दुनिया की वास्तविक परिस्थितियों की रोशनी में देखा जाए तो यह लगभग खोखला और निराधार प्रतीत होता है। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि दुनिया की शक्ति संरचना कैसी है। आज भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में कुछ ही देश ऐसे हैं जिनका प्रभाव राजनीति, अर्थव्यवस्था, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से दिखाई देता है। अमेरिका उन देशों में सबसे प्रमुख है। उसकी अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, उसकी तकनीकी कंपनियां वैश्विक नवाचार की दिशा तय करती हैं और उसकी सैन्य शक्ति का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यही कारण है कि दुनिया भर के देश उसके साथ सहयोग और साझेदारी की कोशिश करते हैं। किसी देश की वास्तविक ताकत का सबसे बड़ा संकेत यह नहीं होता कि उसके बारे में राजनीतिक भाषणों में क्या कहा जा रहा है, वस्तुतः यह होता है कि दुनिया के लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। यदि हम इस कसौटी पर अमेरिका को देखें तो एक सच्चाई साफ नजर आती है। दुनिया भर के करोड़ों लोग आज भी अमेरिका को अवसरों की भूमि मानते हैं। भारत, चीन, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कई देशों से लाखों लोग हर साल अमेरिका में पढ़ने, काम करने और बसने का सपना देखते हैं। यदि वैश्विक शक्ति के अन्य आयामों पर नजर डालें तो अमेरिका की बढ़त कई क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई देती है। तकनीकी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां वहीं से निकली हैं और सिलिकॉन वैली आज भी नवाचार का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई शीर्ष विश्वविद्यालय अमेरिका में स्थित हैं और यही कारण है कि दुनिया भर के छात्र वहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं। अर्थव्यवस्था के स्तर पर अमेरिकी डॉलर अभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय व्यवस्था में सबसे प्रभावशाली मुद्रा बना हुआ है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी गंतव्य बना हुआ है और वहां प्रवासी मूल के लोगों की संख्या करोड़ों में है। यह केवल कानूनी रास्तों तक सीमित नहीं है। अमेरिका मेक्सिको सीमा पर हर साल हजारों लोग अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। कठिन रेगिस्तानी रास्ते, नदियों का जोखिम और सख्त सीमा सुरक्षा के बावजूद



**पिछले कई दशकों से भारत की विदेश नीति में अमेरिका के साथ सहयोग एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। दो हजार आठ का भारत-अमेरिका असैनिक परमाणु समझौता इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसके बाद साल 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से लगातार रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ता गया है।**

लोग उस दिशा में बढ़ते रहते हैं। कई बार यह प्रयास दुखद घटनाओं में बदल जाता है और कुछ लोग अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। इसके बावजूद अमेरिका जाने का सपना खत्म नहीं होता। यह एक कठोर किंतु स्पष्ट सच्चाई है कि यदि कोई देश इतना महत्वहीन या कमजोर होता तब भला क्यों लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डालकर वहां पहुंचने की कोशिश करते? अमेरिका की ताकत उसकी सेना या अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्थाएं हैं। वहां का संविधान, न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों की व्यवस्था दुनिया में मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे का उदाहरण मानी जाती है। इसी का एक ताजा उदाहरण जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को लेकर चल रही बहस है। अमेरिका में कई धार्मिक संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय से अपील की है कि जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रयास में 'हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन' ने प्रमुख भूमिका निभाई है। इस संगठन ने सत्तावन धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में एक मित्र याचिका दायर की है। यह याचिका ट्रंप बनाम बारबरा नामक मामले में दी गई है जो इस समय न्यायालय में विचाराधीन है। यह विवाद उस समय सामने आया जब दो हजार पच्चीस की शुरुआत में 'डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन' ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने का प्रयास किया।

अमेरिका के संविधान के चौदहवें संशोधन में स्पष्ट रूप से लिखा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति नागरिक माना जाएगा। यही प्रावधान अमेरिकी लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों में से एक है और इसी कारण इस विषय पर व्यापक बहस चल रही है। इस बहस में एक दिलचस्प पहलू यह भी सामने आया है कि हिन्दू समुदाय ने अपने तर्क यहां सिर्फ संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर ही सिद्ध करने के प्रयास नहीं किए हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर भी रखे हैं। 'हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन' का कहना है कि हिंदू परंपरा पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की शिक्षा देती है। यह विचार महा उपनिषद में व्यक्त 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत में मिलता है, जिसका अर्थ है कि उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है। संकीर्ण सोच वाले लोग किसी को अपना और किसी को पराया मानते हैं लेकिन उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है। इसी प्रकार तैत्तिरीय उपनिषद में 'अतिथि देवो भव' का संदेश दिया गया है, जिसमें अतिथि को देवता के समान सम्मान देने की बात कही गई है। कहा गया है कि अतिथि को देवता के समान मानकर उसका सम्मान करना चाहिए। यह उल्लेख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारतीय सभ्यता के विचार और मूल्य आज भी दुनिया के दूसरे हिस्सों में बसे भारतीय समुदाय के जीवन और सोच का हिस्सा हैं। फाउंडेशन ने यह भी कहा कि जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिका में धार्मिक विविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन सभी तथ्यों के बीच भारत और अमेरिका के संबंधों को समझना भी जरूरी है। यह संबंध किसी एक सरकार या किसी एक राजनीतिक दल की देन नहीं हैं। पिछले कई दशकों से भारत की विदेश नीति में अमेरिका के साथ सहयोग एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। दो हजार आठ का भारत-अमेरिका असैनिक परमाणु समझौता इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसके बाद साल 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से लगातार रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ता गया है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 13:54 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 07:05 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | हर्षण, 08:21 |
| सूर्योदयः | 06:44 |
| सूर्यास्तः | 18:30 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 03:33-05:01 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:13 -01:00 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्विमिंग पूल के पानी में मौजूद क्लोरीन बालों को कैसे डैमेज कर सकता है?

**मौसम** बदलने लगा है। गर्मियां बढ़ने लगती हैं। कई लोगों ने अभी स्विमिंग जैसी एक्टिविटी को अपनी नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाना शुरू कर दिया है। वैसे तो यह एक्टिविटी बहुत ही बेहतरीन है और हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इससे हमारा वजन संतुलित रहता, हड्डियां लचीली होती हैं और तरह-तरह के लाभ मिलते हैं। हालांकि, हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते हैं कि स्विमिंग पूल के पानी में क्लोरीन की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जो कि बालों को डैमेज कर सकती है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से एक हैं, जो नियमित रूप से क्लोरीन के पानी के संपर्क में आते हैं

**क्लोरीन के पानी से बाल कैसे डैमेज होते हैं?:** क्लोरीन बालों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक तत्व है। यह बालों की प्रोटेक्टिव लेयर को नुकसान पहुंचाता है। इसकी वजह से बाल बहुत ज्यादा सूखे, बेजान और कमजोर हो जाते हैं। यहां तक कि क्लोरीन बालों के क्यूटिकल्स को क्षतिग्रस्त करता है, जिससे बालों की इंटरनल प्रोटीन की संरचना कमजोर हो जाती है। नतीजतन, बाल दो मुंहे हो जाते हैं और शुष्क होने के कारण



हेयर फॉल भी बढ़ जाता है। यही नहीं, अगर कोई लंबे समय तक क्लोरीन के पानी के संपर्क में आता है, तो उनके बालों का रंग बदल जाता है और इससे स्कैल्प इरिटेशन भी हो सकती है।

**क्लोरीन के पानी से बालों को डैमेज होने से कैसे बचाएं?:** क्लोरीन के पानी से बालों को डैमेज होने से बचाना मुश्किल नहीं है। इसके लिए यहां बताए गए टिप्स को फॉलो करें-स्विमिंग पूल में जाने से पहले बालों पर नारियल तेल जरूर अप्लाई करें। इससे बालों की में नमी लॉक हो जाएगी और क्लोरीन सीधे बालों को डैमेज नहीं कर सकेगा। स्विमिंग करते हुए बालों का भीगना लाजिमी है। इसलिए, आप चाहें तो बाजार में मिलने वाले लिव-इन क्लोरीन प्रोटेक्टेंट का यूज करें। आप चाहें, तो नेचुरल प्रोडक्ट भी यूज कर सकते हैं। इसमें ऑलिव ऑयल और जोजोबा ऑयल शामिल हैं। क्लोरीन के पानी को सीधे सिर पर लगने न दें। स्विम कैप पहनना सही होता है। इससे बालों को काफी हद तक क्लोरीन के पानी के संपर्क में आने से रोका जा सकता है। स्विमिंग के तुरंत बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धोना न भूलें। इस तरह क्लोरीन से बालों को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है और बालों की चमक को बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

**निष्कर्षः** स्विमिंग पूल का पानी बालों को कई तरह से डैमेज कर सकता है, जैसे बालों का झड़ना, कमजोर होना और बालों का शुष्क होना। जारिह है कि कोई भी नहीं चाहता है कि ऐसा कुछ हो। इसलिए, आप स्विमिंग करने के लिए जाने से पहले बेहतर होगा कि स्विम कैप पहनें, नारियल तेल सिर पर लगाएं और स्विमिंग के बाद माइल्ड शैंपू से हेयर वॉश करें। इस तरह बालों को नुकसान होने से रोका जा सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# संस्थागत संस्कृति के सामने खड़ा सियासी व्यवहार का प्रश्न



प्रो. आरके जैन

**यदि यह रास्ता संकुचित होने लगे, तो राजनीतिक टकराव अनावश्यक रूप से तीखे और कटु हो जाते हैं, और उसके साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा भी प्रभावित होने लगती है।**

**लोकतंत्र** केवल चुनावों और सत्ता परिवर्तन की औपचारिक प्रक्रिया का नाम नहीं है; यह सम्मान, मर्यादा और संस्थागत गरिमा की उस सूक्ष्म परंपरा पर आधारित व्यवस्था है जो शासन को स्थायित्व और विश्वसनीयता प्रदान करती है। जब इस परंपरा में जरा-सी भी दरार पड़ती है, तब कोई सामान्य-सी घटना भी राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन जाती है। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से जुड़ा हालिया विवाद इसी प्रकार का प्रसंग है, जिसने भारतीय लोकतंत्र के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है—क्या तीव्र होती राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान धीरे-धीरे केवल औपचारिकता बनकर रह गया है? राष्ट्रपति के मंच से व्यक्त हुए कुछ भावुक शब्दों ने पूरे देश को यह सोचने पर विवश कर दिया कि प्रोटोकॉल महज़ नियमों का संकलन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा और उसकी गरिमा को सुरक्षित रखने वाला आवश्यक अनुशासन है। संविधान की सबसे गहरी शक्ति उसकी संस्थाओं की गरिमा में निहित होती है और उन संस्थाओं में राष्ट्रपति का पद राष्ट्र की सर्वोच्च मर्यादा और एकता का जीवंत प्रतीक माना जाता है। इसलिए राष्ट्रपति

**इस पूरे विवाद ने एक बेहद महत्वपूर्ण और चिंताजनक प्रश्न को सामने ला खड़ा किया है क्या हमारे लोकतंत्र में संवाद और संवेदनशीलता की जगह धीरे-धीरे कम होती जा रही है? यदि किसी प्रशासनिक कारण से कोई कार्यक्रम अपने मूल स्वरूप में आयोजित नहीं हो पाया, तो उसे स्पष्ट और संयमित संवाद के माध्यम से सहजता से समझाया जा सकता था। लेकिन जब संवाद की जगह आरोप-प्रत्यारोप ले लेते हैं।**

को केवल एक औपचारिक पद के रूप में देखना संविधान की भावना को सीमित कर देना होगा। जब इस पद पर आसीन व्यक्ति सार्वजनिक मंच से यह अनुभव व्यक्त करे कि उसे उसके पद के अनुरूप सम्मान नहीं मिला, तो यह महज़ व्यक्तिगत असहजता का प्रसंग नहीं रह जाता। यह उस संवैधानिक संस्कृति की परीक्षा बन जाता है जिस पर भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की नींव टिकी है। किसी भी राज्य की सरकार, चाहे वह किसी भी दल की क्यों न हो, उसके लिए यह अनिवार्य है कि वह राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की संस्थाओं का सम्मान बनाए रखे। क्योंकि जब संस्थाओं के प्रति आदर कम होने लगता है, तब अंततः लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता भी धीरे-धीरे क्षीण पड़ने लगती है। आदिवासी समाज की संवेदनशीलता इस घटना का उतना ही महत्वपूर्ण पक्ष है। भारत के आदिवासी समुदाय सदियों से अपनी पहचान और सांस्कृतिक सम्मान के लिए संघर्ष करते रहे हैं। ऐसे में जब देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति किसी सांस्कृतिक आयोजन में पहुंचती हैं, तो वह केवल एक कार्यक्रम नहीं रहता, बल्कि प्रतीकात्मक रूप से पूरे समुदाय के आत्मसम्मान का उत्सव बन जाता है। यदि उस अवसर पर किसी प्रकार की प्रशासनिक लापरवाही या प्रोटोकॉल की कमी का आरोप लगे, तो स्वाभाविक है कि यह पीड़ा अधिक गहरी महसूस होती है। इसलिए राष्ट्रपति के शब्दों में जो भावुकता दिखाई दी, वह केवल व्यक्तिगत अनुभव नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक संवेदनशीलता का प्रतिबिंब भी थी जो आदिवासी समाज से जुड़ी है। आज की राजनीति की एक बड़ी विडंबना यह बन गई है कि लगभग हर घटना को तुरंत राजनीतिक दृष्टि से परखा जाने लगता है। राष्ट्रपति की टिप्पणी सामने आते ही राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का तूफान उठना स्वाभाविक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे गंभीर विषय बताते हुए संवैधानिक गरिमा का प्रश्न बताया, जबकि दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इन आरोपों को राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया। लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक होते हैं, लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब संवैधानिक संस्थाएं भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का हिस्सा बनने लगती हैं। तब वास्तविक मुद्दा—संस्थाओं की प्रतिष्ठा—पृष्ठभूमि में चला जाता है और चर्चा केवल दलगत हितों तक सीमित रह जाती है। प्रोटोकॉल को अक्सर महज औपचारिकता समझ लिया जाता है, जबकि उसका असली महत्व उसके संदेश में छिपा होता है। जब किसी राज्य में राष्ट्रपति का स्वागत मुख्यमंत्री या वरिष्ठ मंत्री करते हैं, तो वह केवल एक स्वागत समारोह नहीं होता; यह उस राज्य की ओर से राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति होता है। यदि यह परंपरा टूटती है, तो जनता के मन में यह संदेश जाता है कि राजनीतिक असहमति संस्थागत मर्यादा से भी बड़ी हो गई है। यह स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वस्थ नहीं कही जा सकती।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# हाईवे पर लापरवाही का कहर: थकान, तेज रफ्तार और अव्यवस्था से बढ़ते सड़क हादसे

■ नींद की झपकी और तेज रफ्तार का खतरा: हाईवे पर यात्रियों की सुरक्षा बड़ा सवाल

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद के गजरौला थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सोमवार तड़के मजदूरों से भरी बस के पलटने की घटना केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं है, बल्कि यह हमारी परिवहन व्यवस्था और सड़क सुरक्षा से जुड़ी गंभीर खामियों को उजागर करने वाली चेतावनी भी है। दिल्ली से लखीमपुर खीरी जा रही निजी डबल डेकर बस के पलटने से 26 मजदूर घायल हो गए, जिनमें छह को गंभीर चोटें आई हैं। सौभाग्य से सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन यह हादसा उन तमाम सवालों को फिर से सामने ले आया है, जिन पर अक्सर दुर्घटनाओं के बाद कुछ दिन चर्चा होती है और फिर सब कुछ पहले जैसा ही हो जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के करीब तीन बजे जब मजदूरों से भरी बस गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम कैंच के पास नेशनल हाईवे से गुजर रही थी, तभी चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क पर पलट गई। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है। हादसे के बाद चालक का मौके से फरार हो जाना भी कई तरह की आशंकाओं को जन्म देता है। पुलिस के अनुसार यदि चालक मौके पर मिल जाता तो उसका मेडिकल परीक्षण कराकर यह स्पष्ट किया जा सकता था कि हादसे के पीछे वास्तविक कारण क्या था। यह भी संभावना जताई जा रही है कि चालक नशे की हालत में भी हो सकता था। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस के पलटने से कई यात्री उसके अंदर फंस गए और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही गजरौला थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों की मदद से क्रेन मंगाकर बस को सीधा कराया गया और अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक शर्मा के अनुसार हादसे में घायल 26 लोगों को जिला अस्पताल लाया गया, जिनमें छह को गंभीर चोटें आई हैं। हालांकि सभी घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है और चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हो गया। बस के सड़क पर पलट जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया और क्रेन की सहायता से बस को हटवाकर मार्ग को दोबारा सुचारू कराया। यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाओं की संख्या लगातार क्यों बढ़ती जा रही है। देशभर में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है, हाईवे चौड़े हुए हैं और वाहनों की संख्या भी कई गुना बढ़ गई है, लेकिन इसके साथ ही सड़क सुरक्षा की व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो पाई है। तेज रफ्तार, चालक की थकान, ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह बनती जा रही है। विशेष रूप से मजदूरों या यात्रियों को ढोने वाली निजी बसों और वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन कई बार केवल कागजों तक ही सीमित रह जाता है। लंबी दूरी तक लगातार वाहन चलाने वाले चालकों को पर्याप्त विश्राम नहीं मिल पाता, जिसके कारण थकान और नींद की झपकी जैसी समस्याएं सामने आती हैं। यही छोटी सी चूक कई बार बड़े हादसों का कारण बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना आम बात हो गई है। कई बार भारी वाहन और बसें निर्धारित गति सीमा से कहीं अधिक तेज रफ्तार में चलती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि हाईवे पर नियमित निगरानी, स्पीड कंट्रोल और सख्त चेकिंग की व्यवस्था हो तो इस तरह की घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। दरअसल, सड़क दुर्घटनाएं केवल एक व्यक्ति की गलती नहीं होतीं, बल्कि यह एक व्यापक व्यवस्था की विफलता भी होती हैं। यदि वाहन की तकनीकी जांच नियमित रूप से हो, चालकों के लिए निर्धारित समय के बाद विश्राम अनिवार्य किया जाए, स्पीड मॉनिटरिंग सख्त हो और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए, तो कई दुर्घटनाओं को होने से पहले ही रोका जा सकता है। गजरौला क्षेत्र की यह दुर्घटना प्रशासन और परिवहन व्यवस्था के लिए एक चेतावनी है। आवश्यकता इस बात की है कि इसे केवल एक खबर समझकर भुला न दिया जाए, बल्कि इससे सबक लेकर सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर कदम उठाए जाएं। सड़कें विकास और प्रगति का प्रतीक होती हैं, लेकिन जब उन्हीं सड़कों पर लापरवाही और अव्यवस्था हावी हो जाती है, तो वही सड़कें लोगों के लिए खतरे का कारण बन जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि प्रशासन, परिवहन विभाग और आम नागरिक सभी मिलकर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें, ताकि भविष्य में इस तरह के दर्दनाक हादसों को रोका जा सके।

# बाबा का जनता दरबार: लोगों की समस्याओं के समाधान का भरोसेमंद केंद्र



■ जनता के बीच सक्रियता से बढ़ा विश्वास, स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का जनता दरबार बना उम्मीद की किरण

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**

**पीलीभीत।** तराई क्षेत्र की बांसुरी नगरी के रूप में पहचान रखने वाले जनपद पीलीभीत में इन दिनों एक ऐसा जनसंपर्क मंच चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां आम जनता अपनी समस्याएं लेकर सीधे पहुंचती है और समाधान की उम्मीद भी लेकर लौटती है। यह मंच है बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का 'जनता दरबार', जो धीरे-धीरे क्षेत्र के लोगों के लिए भरोसे का केंद्र बनता जा रहा है। दरअसल लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद होता है। जब जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को न केवल सुनते हैं बल्कि उनके समाधान के लिए सक्रिय प्रयास भी करते हैं, तब शासन व्यवस्था पर लोगों का विश्वास और मजबूत होता है। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाला स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का जनता दरबार इसी परंपरा का एक उदाहरण बनकर उभर रहा है। प्रतिदिन की भांति आयोजित जनतादर्शन कार्यक्रम में दूर-दराज गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। कोई राजस्व संबंधी समस्या लेकर आता है, तो कोई बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ्य या अन्य प्रशासनिक मुद्दों को लेकर अपनी बात रखता है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर त्वरित समाधान कराने का प्रयास करते हैं। यही वजह है कि जनता दरबार में रोजाना उमड़ने वाली भीड़ इस बात का प्रमाण बन चुकी है कि लोगों को यहां अपनी बात रखने और न्याय मिलने की उम्मीद दिखाई देती है।

### जनता दरबार से बढ़ रहा विश्वास- सामाजिक और आध्यात्मिक वातावरण

राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि आम आदमी की आवाज आसानी से नहीं सुनी जाती। ऐसे में यदि कोई जनप्रतिनिधि नियमित रूप से जनता से सीधे संवाद स्थापित करता है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहता है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला कदम माना जाता है। बरखेड़ा क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह जनता दरबार इसी कारण लोगों के बीच विश्वास और उम्मीद का प्रतीक बनता जा रहा है। जनतादर्शन कार्यक्रम के दौरान आश्रम में पहुंचे क्षेत्रवासियों को श्री परमअक्रिय धाम का प्रसाद भी ग्रहण कराया जाता है, जिससे कार्यक्रम में सामाजिक और आध्यात्मिक वातावरण का भी समावेश देखने को मिलता है। यह पहल केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं रहती, बल्कि समाज में आपसी जुड़ाव और विश्वास को भी मजबूत करती है। किसी भी जनप्रतिनिधि की वास्तविक पहचान केवल चुनाव जीतने से नहीं बनती, बल्कि जनता के बीच उसकी सक्रियता और संवेदनशीलता से बनती है। बरखेड़ा क्षेत्र में आयोजित स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का जनता दरबार इस बात का उदाहरण बन रहा है कि यदि जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता दें, तो लोकतंत्र की मूल भावना और मजबूत हो सकती है। ऐसे प्रयास न केवल लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं, बल्कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच विश्वास की एक मजबूत कड़ी भी स्थापित करते हैं।

### सरकार की विभिन्न योजनाओं को घर-घर पहुंचने में प्रबल भूमिका

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक होने के साथ-साथ स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का जनता से सीधा जुड़ाव उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान बन गया है। वह केवल कार्यालय या मंचों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कई बार जरूरतमंद लोगों के घर तक पहुंचकर उनकी पीड़ा समझते हैं और हर संभव सहायता करने का प्रयास करते हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं और सहायता को पात्र लोगों तक पहुंचाने में भी वह सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इससे न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ भी आम जनता तक पहुंच पाता है।

# शारदा पार क्षेत्र में बनेगा छात्रावास, विश्व हिंदू परिषद का बड़ा निर्णय

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



तहसील पूरनपुर क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुकेश के प्रथम आगमन पर क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। ग्राम कबीरगंज में आयोजित बैठक में शारदा पार क्षेत्र में छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। ग्राम कबीरगंज में आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान इकबाल सिंह सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शारदा पार क्षेत्र लंबे समय से अशिक्षा, पिछड़ेपन, धर्मांतरण की घटनाओं और चिकित्सा सुविधाओं की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में छात्रावास का निर्माण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। बैठक के बाद नगर पालिका सभागार पूरनपुर में जिला पीलीभीत और जिला बीसलपुर के पदाधिकारियों के साथ जिला कार्यकारिणी एवं परिचय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक कार्यों को गति देने और क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री अनुज कुमार, प्रांत संगठन मंत्री राजेश, विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र कुमार, प्रांत सह सत्संग प्रमुख कृष्ण गंगवार, जिला संगठन मंत्री ललित अग्रवाल, जिलाध्यक्ष बीसलपुर धनपाल गंगवार, संगम अग्रवाल, रक्षिता पटेल, सोनी पटेल, अमन सक्सेना, परविंदर सिंह, शिवम गंगवार, शोभिंदर सिंह, सुनील पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष पूरनपुर प्रदीप शर्मा, मंत्री नवनीत मिश्रा, सहमंत्री दिनेश राठौर तथा गौ सेवा प्रमुख सुनील वर्मा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। छात्रावास निर्माण के लिए निधि एकत्र करने को लेकर पूरनपुर के व्यापारी वर्ग के साथ भी एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के आयोजक हर्ष गुप्ता ने भरोसा दिलाया कि पूरनपुर क्षेत्र का हर छोटा-बड़ा व्यापारी इस सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करेगा। बैठक का संचालन जिला मंत्री प्रवीन अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### होली मिलने जा रहे ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर (पीलीभीत)।** घुंघचाई थाना क्षेत्र में होली के मौके पर मिलने जा रहे एक ग्रामीण पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए धारदार हथियार से वार कर दिया। गांव भैंसासुर निवासी रामप्रताप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में होली मिलने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही विकास और भीमसेन ने उसे रोक लिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। बताया गया कि मारपीट के दौरान सिर पर धारदार हथियार से वार किए जाने से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। आरोप है कि हमलावर लोगों को भी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घायल युवक थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### पूर्णागिरि धाम को रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के जनकापुर गांव से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच पैदल रवाना हुआ। यात्रा शुरू होने से पहले गांव के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर मां का दरबार सजाया गया।सोमवार को श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ पदयात्रा का शुभारंभ किया। डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरे गांव में भक्ति का माहौल बन गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु मार्ग में सफाई करते हुए आगे बढ़ते दिखाई दिए।गांव की गलियों से गुजरते समय ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया और प्रसाद देकर मंगलमय यात्रा की कामना की। यात्रा में कलाकारों ने आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत कीं, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे हर वर्ष आस्था और श्रद्धा के साथ मां पूर्णागिरि धाम की पैदल यात्रा करते हैं और रास्ते भर भजन-कीर्तन करते हुए मां का स्मरण करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

### रम्पुरा गांव में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के बंडा रोड स्थित गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम रम्पुरा में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाएं। इस अवसर पर शाहिद खान ने कहा कि नशा मुक्ति केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। जब युवा वर्ग आगे आएगा तभी समाज को नशे की बुराइयों से मुक्त किया जा सकेगा। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली और घर-घर जाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। अभियान में डॉ. अरविंद दीक्षित, डॉ. सौरभ सक्सेना, अंकित गुप्ता, डॉ. राजिया और शकील सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुधीर शर्मा ने भी पहुंचकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। अनुष्का श्रीवास्तव, शिवानी, गौरी दीक्षित, वैष्णवी और सोनिया मंडल सहित कई स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### अच्छे कार्यो के लिये आशाओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग, नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण सहित उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आशाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया और अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित भी किया गया। उन्होंने बताया कि आशा योजना का शुभारंभ वर्ष 2005 में हुआ। उस समय मातृ व शिशु मृत्यु दर बहुत अधिक थी, जिसकी मुख्य वजह घरेलू प्रसव थी। प्रदेश में वर्ष 2005 में लगभग 74 प्रतिशत घरेलू प्रसव हुआ करते थे, वहीं अब घरेलू प्रसवों में बहुत कमी आयी है तथा आज 85 प्रतिशत से अधिक संस्थागत प्रसव हो रहे हैं, जिससे निसंदेह आशा का योगदान वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में कुल 3830 आशाओं को लगभग 31करोड़ 12 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि दी गई।

# घर में घुसकर हमला करने का आरोप, पुलिस ने दोनों पक्षों को लिया हिरासत में



■ सोशल मीडिया विवाद के बाद हुआ बवाल, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

क्षेत्र के सिमरा तालुका महाराजपुर इलाके में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक युवक के घर में घुसकर उस पर और उसके परिवार पर हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणियों को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर आठ मार्च को कुछ लोग गोलू यादव के घर पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आई उसकी मां को भी चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और हमलावरों को पकड़ लिया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## असुरक्षित निर्माण कार्य: एक लापरवाही और उजड़ गया परिवार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



बरखेड़ा क्षेत्र के गांव डांडिया भगत में छज्जा तोड़ते समय हुए हादसे में एक मजदूर की मौत और उसके बेटे के गंभीर रूप से घायल होने की घटना केवल एक पारिवारिक त्रासदी नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों के दौरान बरती जा रही लापरवाही की एक कड़वी सच्चाई भी उजागर करती है। ग्रामीण इलाकों में अक्सर मकानों की मरम्मत या निर्माण कार्य बिना किसी तकनीकी सलाह, सुरक्षा उपकरण या उचित सावधानियों के किए जाते हैं। नतीजा यह होता है कि मामूली दिखने वाला काम भी कई बार जानलेवा साबित हो जाता है। डांडिया भगत गांव की यह घटना इसी हकीकत की याद दिलाती है कि सुरक्षा के अभाव में एक पल की चूक पूरे परिवार की जिंदगी बदल सकती है। जिस व्यक्ति की मौत हुई, वह अपने परिवार का सहारा था। मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करने वाले व्यक्ति के अचानक चले जाने से केवल एक जीवन ही समाप्त नहीं होता, बल्कि उसके साथ पूरे परिवार का आर्थिक और सामाजिक संतुलन भी डगमगा जाता है। घायल बेटे का उपचार चल रहा है, लेकिन इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। यह भी सच है कि ग्रामीण समाज में अक्सर लोग आर्थिक तंगी के कारण स्वयं ही निर्माण या मरम्मत का काम करने लगते हैं। ऐसे में तकनीकी जानकारी के अभाव में दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यदि निर्माण कार्यों में थोड़ी सावधानी, उचित उपकरण और सामूहिक सहयोग लिया जाए तो कई दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। प्रशासन और स्थानीय निकायों को भी इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। पंचायत स्तर पर निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा संबंधी सलाह और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए तो ग्रामीणों को लाभ मिल सकता है। साथ ही ऐसे हादसों से प्रभावित परिवारों के लिए सरकारी सहायता और सामाजिक सहयोग भी जरूरी है, ताकि संकट की इस घड़ी में उन्हें सहारा मिल सके। डांडिया भगत की यह घटना एक चेतावनी है कि जीवन से बढ़कर कोई काम नहीं होता। सुरक्षा के प्रति जागरूकता ही ऐसी त्रासदियों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

# उन्नत गन्ना बीज की जानकारी अब ऑनलाइन पोर्टल पर भी उपलब्ध, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ: खुशीराम भार्गव

■ कम पैदावार वाली गन्ना किस्मों से बचें किसान, उन्नत प्रजातियों की बुवाई बढ़ाने के निर्देश

■ पूरनपुर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई की समीक्षा बैठक, डीसीओ ने पर्यवेक्षकों को दिए अहम निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर में गन्ना बुवाई की प्रगति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला गन्ना अधिकारी (डीसीओ) पीलीभीत खुशी राम भार्गव ने गन्ना पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने आवंटित सर्किलों में किसानों से लगातार संपर्क बनाए रखें और उन्हें अगेती व उन्नतशील गन्ना किस्मों की बुवाई के लिए प्रेरित करें, ताकि क्षेत्र में गन्ना उत्पादन और चीनी प्रतिशत दोनों में वृद्धि हो सके।

### किसानों को उन्नत किस्मों के लिए किया जाएगा प्रेरित

बैठक में डीसीओ ने कहा कि वर्तमान समय में गन्ना उत्पादन को बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक पद्धति और उन्नत प्रजातियों का चयन अत्यंत आवश्यक है। यदि किसान पुरानी और कम उत्पादन देने वाली किस्मों की जगह नई व उन्नत किस्मों की बुवाई करेंगे तो इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि चीनी मिलों की रिकवरी भी बेहतर होगी। उन्होंने गन्ना पर्यवेक्षकों से कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करें और उन्हें आधुनिक खेती की तकनीकों के बारे में जानकारी दें। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर संजय श्रीवास्तव, दिवाकर सरोज, लखविंदर सिंह, विवेक मिश्रा, पंकज कुमार, जावेद बेग सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में अधिकारियों ने भरोसा जताया कि गन्ना विभाग की सक्रियता और किसानों के सहयोग से इस वर्ष बसंतकालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य आसानी से पूरा किया जा सकेगा और क्षेत्र में गन्ना उत्पादन को नई गति मिलेगी।

### पौधशाला धारकों की सूची समितियों और गोदामों पर चस्पा

डीसीओ ने बताया कि किसानों को उन्नत अगेती गन्ना किस्मों की पौध आसानी से उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा पौधशाला धारक किसानों की सूची तैयार कर सभी गन्ना समितियों तथा खाद गोदामों पर चस्पा कर दी गई है। इससे किसान अपने नजदीकी पौधशाला से उन्नत बीज प्राप्त कर सकेंगे और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। ऑनलाइन पोर्टल से भी मिल सकेगी जानकारी किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीज उत्पादक गन्ना किसानों एवं पौधशाला धारक किसानों की सूची पोर्टल पर भी उपलब्ध कराई गई है। डीसीओ ने बताया कि किसान इस पोर्टल पर जाकर अपना गन्ना कोड दर्ज करें और बीज उपलब्धता विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद आधार संख्या, बैंक खाता संख्या या मोबाइल नंबर दर्ज करके अपनी पसंद की गन्ना किस्म का चयन कर सकते हैं। इसके माध्यम से किसान अपने नजदीकी पौधशाला से प्रमाणित गन्ना बीज आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

### रिजेक्ट गन्ना किस्मों से दूर रहने की सलाह- उत्पादन बढ़ाने पर जोर

बैठक में जिला गन्ना अधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि गन्ना पर्यवेक्षक किसानों को कम पैदावार और कम चीनी प्रतिशत वाली रिजेक्ट गन्ना किस्मों की बुवाई से रोकें। उन्होंने कहा कि ऐसी किस्मों की खेती से किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता और चीनी मिलों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए किसानों को केवल स्वीकृत और अनुशंसित गन्ना किस्मों की ही बुवाई करनी चाहिए। बैठक में यह भी कहा गया कि यदि किसान समय से बसंतकालीन गन्ना बुवाई कर उन्नत किस्मों का चयन करते हैं तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। इससे क्षेत्र के किसानों की आय में भी सुधार होगा और चीनी उद्योग को भी मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने गन्ना पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे किसानों के साथ नियमित बैठकें करें और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करें।

# सामूहिक विवाह समारोह में 400 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

■ नवीन मंडी समिति परिसर में सजे मंडप, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दी नवजीवन की शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को नवीन मंडी समिति परिसर में बड़े स्तर पर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के पंजीकृत 425 जोड़ों में से 400 जोड़ों ने विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। इन नवविवाहित जोड़ों में आठ अल्पसंख्यक समुदाय के जोड़े भी शामिल रहे।विवाह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां एक साथ कई मंडपों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर-वधू ने एक-दूसरे का हाथ थामा। समारोह में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी और समृद्ध दाम्पत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सरकार की ओर से नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप आवश्यक घरेलू सामग्री भी प्रदान की गई। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा। बड़ी संख्या में परिजन और स्थानीय लोग भी समारोह के साक्षी बने और नवदम्पतियों को शुभकामनाएं दीं। विधायक बाबूराम पासवान ने इस अवसर पर कहा कि सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। इसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराया जा रहा है और समाज में सहयोग व समानता का संदेश भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि आर्थिक अभाव किसी भी बेटी के विवाह में बाधा न बने।

### स्वरोजगार के लिए युवाओं को मिल सकता है ब्याजमुक्त ऋण: ज्ञानेंद्र सिंह (जिलाधिकारी)

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। यदि कोई नवविवाहित जोड़ा अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो वह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत युवाओं को पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपना रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी नवदंपतियों को जीवन की नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिम्मेदार और सुखी पारिवारिक जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# डीएम ने पेयजल और विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिले में पेयजल और विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, वाटर कूलर, ट्यूबवेल, हैडपम्प, सफाई व्यवस्था तथा नहरों के संचालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी पानी की शिकायत प्राप्त हो, वहां तत्काल टीम गठित कर मौके पर जांच कराई जाए और समस्या का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी सरकारी संस्थानों, कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलरों की नियमित जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सभी वाटर कूलर क्रियाशील अवस्था में रहने चाहिए ताकि आम लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। यदि किसी स्थान पर वाटर कूलर खराब पाया जाता है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित किसी भी ट्यूबवेल को खराब स्थिति में नहीं रहने दिया जाए। यदि कहीं कोई ट्यूबवेल खराब है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराकर चालू कराया जाए, जिससे पानी की आपूर्ति लगातार बनी रहे और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली आपूर्ति किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए तथा ट्रांसफार्मरों को खुले में न रखा जाए। ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा और नियमित जांच भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी विशेष निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निकायों और पंचायतों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए तथा ट्रांसफार्मरों को खुले में न रखा जाए। ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा और नियमित जांच भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी विशेष निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निकायों और पंचायतों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि किसी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति किसी कारणवश बाधित हो जाती है तो जब तक समस्या का स्थायी समाधान न हो जाए, तब तक वहां टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराई जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं और कार्यों की जानकारी प्रचार प्रसार कराया जाए ताकि आम जनता को भी जानकारी मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में पानी, बिजली, सफाई व्यवस्था, हैडपम्प, ट्यूबवेल तथा नहरों का संचालन पूरी तरह क्रियाशील रहना चाहिए। इन सभी व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधीक्षण अभियंता, डीआईओएस अयोध्या प्रसाद आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली बालाजी महाराज की शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



श्री मंगलकारी बालाजी महाराज के 20 वें वार्षिकोत्सव के पहले दिन बड़े धूमधाम से भजन कीर्तन के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जहाँ सैकड़ो भक्तों ने न केवल शोभायात्रा में भाग लिया वहीं नाचते एवं गाते हुए बालाजी महाराज के जयघोष लगाए।

सोमवार को प्रातः महावीर गंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा का शुभारंभ स्वामी पूर्णानंद जी महाराज के सानिध्य में शहर के महापौर प्रशांत सिंघल और भाजपा नेता मनीष बूल ने बालाजी महाराज की आरती उतारकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। जिसका वैदिक विधि विधान से आचार्य गौरव शास्त्री ने पूजन अर्चन भी करवाया।

भक्ति से सराबोर शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों की विशेष छटा देखने को मिली राम दरबार, बांके बिहारी,शिव-पार्वती, श्गणेश, खाटू श्याम जी और सिंदूरी हनुमान की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं बनवासी स्वरूप में राम दरबार, पंच प्यारे, महाकाल की शाही पालकी और घोड़ों पर सजे राजकुमारों की झलक भी हिस्सा रही। चंदौसी के प्रसिद्ध ढोलो का काफिला शोभायात्रा के साथ महावीर गंज से प्रारंभ होकर रेलवे रोड बाजार, माल गोदाम और बस स्टैंड दुबे पढ़ाब, टीकाराम कॉलेज,होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए सेंटर पॉइंट स्थित टीकाराम मंदिर पर संपन्न हुई जहाँ जगह जगह सनातन प्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

शोभा यात्रा के दौरान वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों के माध्यम से कहा कि भवसागर से पार लगाने के लिए राम नाम का स्मरण अति आवश्यक है वहीं यदि भगवान राम के नाम की बात आती है तो वीर पुत्र हनुमान जी अवश्य भक्तों पर कृपा करते हैं। सनातन की पद्धति के अनुसार किसी भी बड़े आयोजन को करने से पूर्व भक्तों की शोभायात्रा निकाली जाती है।उन्होंने कहा कि हर साल होने वाले इस अनुष्ठान के माध्यम से शहर में भक्तिमय माहौल देखने को मिलता है। मंदिर समिति से जुड़े समिति से जुड़े मनोज अग्रवाल ने कहा कि दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के कल के अनुष्ठान में प्रातः 10ः00 बजे से बालाजी महाराज के छप्पन भोग एवं फूल बंगला के दिव्य अलौकिक दर्शन कराये जाएंगे। इसके बाद ?भगवान बालाजी की कृपा कटाक्ष प्राप्ति हेतु पूज्य स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में पाँच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।तथा दोपहर 3ः00 बजे से भंडारा प्रसादी का आयोजन प्रभु की इच्छा तक किया जाएगा।

शोभायात्रा में मंदिर समिति के ललित दीवान, राजेश अग्रवाल, संजीव कंटक, मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश, अजय गुप्ता, कपिल अग्रवाल, गोविंद वार्ष्णेय, संजय गुप्ता,अरुण वार्ष्णेय, राहुल गुप्ता, अक्षय गुप्ता, कीर्ति मित्तल, रागिनी अग्रवाल, सुजाता मित्तल, तन्वी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सीमा मित्तल, तन्वी20 मित्तल, समीक्षा मित्तल, डेजी गर्ग, छवि अग्रवाल, ममता मित्तल, वीना रानी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बार भवन में एल्डर्स कमेटी चेयरमैन ने जिला बार संघ चुनाव में जीते पदाधिकारियों को दी बधाई

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिला जजी परिसर स्थित बार भवन में सोमवार को नवनिर्वाचित जिला बार संघ के पदाधिकारियों को जीत के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन लाजपतराय सक्सेना और चुनाव समिति के सदस्यों की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन लाजपतराय सक्सेना ने बताया कि जिला बार संघ के अध्यक्ष,ऋषि कुमार पटेल महासचिव डॉ. साधना त्रिपाठी और कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को जीत के प्रमाण पत्र देकर उन्हें बधाई दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला बार संघ और एल्डर्स कमेटी एक-दूसरे के पूरक हैं और अधिवक्ताओं को मिलजुलकर कार्य करना चाहिए, ताकि अधिवक्ता समाज की समस्याओं का बेहतर समाधान हो सके। कार्यक्रम के दौरान अरुण कुमार श्रीवास्तव, जगमोहन द्विवेदी, श्यामलाल वर्मा, नाथूराम त्रिपाठी, दृगपाल सिंह परमार वीरेंद्र चतुर्वेदी, राजेश चतुर्वेदी, मनशील गुप्ता, गोपाल श्रीवास्तव, राजाराम ज्ञानी, पंकज खरे, संजीव दीक्षित, विश्राम कुशवाहा बृजेन्द्र कुशवाहा जयदेव सेन आलम बेग राज प्रजापति निकेतन अहिरवार प्रद्युम्न सिरोठिया अनुराधा गौतम, सौरभ सोनी, सोनू यादव रविकांत गौतम विनोद व्यास मोतीलाल पाल सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मानदेय न मिलने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे मनरेगा कर्मचारी

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

ब्लॉक कार्यालय में काम कर रहे मनरेगा कर्मचारियों को बीते नौ माह से मानदेय नहीं मिल रहा है। मानदेय न मिलने कर इनके परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। मनरेगा कर्मचारियों ने बीडीओ के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर मानदेय दिलाने की मांग की है। ब्लॉक कार्यालय में काम कर रहे ग्राम रोजगार सेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को जुलाई 2025 से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। मनरेगा कर्मचारी प्रकाश बाबू, महावीर शरण, हिम्मत सिंह, इंद्रपाल सिहं, महेंद्र पाल, कमल किशोर, पवन तिवारी, बुद्ध सिंह, प्रवीन, दिव्या, अनिल, गनेश, शिवकुमार, मोहित आदि ने डीएम को संबोधित ज्ञापन बीडीओ अरूण कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि इन महीनों में प्रमुख पर्व दशहरा, दीपावली, होली, नवरात्रि के अलावा वैवाहिक तिथियां भी निकल गई है। शादी और पर्व पर घरों में अधिक खर्च होता है। इसके बाद भी उन्हें बीते नौ माह से मानदेय का भुगदान नहीं किया गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश के 12 प्रदेशों में उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मानव दिवस सृजित करने पर प्रशंसा की थी। सर्वाधिक मानव सृजन में सहयोग करने वाले कर्मचारियों को मानदेय तक नहीं मिल पा रहा है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। मानदेय का नौ माह से भुगतान न होने के कारण उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। कर्मचारियों ने उनके उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम से उत्पीड़न रोकने व लंबित नौ माह के मानदेय का भुगतान कराने की मांग की है। जिससे वह आर्थिक तंगहाली में न रहें और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिमरों में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिमरों निवासी 30 वर्षीय रागिनी रविवार की सुबह घर में काम करती रही। बताया गया कि शाम तक उसने कम खाना खाया था। पति प्रदीप ने बताया कि रात कि परिवार के सभी लोगों ने दाल चावल व रोटी खाई थी। वह पत्नी रागिनी, पुत्र देव व पुत्री खुशी खाना खाने के बाद सो गए। सुबह 5 बजे पत्नी ने जगाया कि उसे पेट में तेज दर्द हो रहा है। इस पर वह उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गया जहां डाक्टर ने उसे मेडिकल कालेज रेफर किया था। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान रागिनी की मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी डकोर ने एसआई को भेजकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विजय पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## खेत मे मिला वृद्ध लापता का शव

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

बीते पांच दिन से लापता वृद्ध का शव छहपुला के पास स्थित एक खेत में मिला। वृद्ध की पुत्रवधू ने रविवार को ही वृद्ध की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सोमवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे छहपुला के कुछ आगे जब खेतों में कुछ लोग काम करने के लिए जा रहे थे तो उन्हें देवेंद्र कुमार के खेत में एक वृद्ध का शव पड़ा हुआ दिखा। खेत में शव पड़ा होने की जानकारी मिलते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई। मौके से निकल रहे लोगों ने शव मिलने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनीष तिवारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। शव देखने में तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। पुलिस ने जब शव की पहचान कराने का प्रयास किया तो उसकी शिनाख्त मोहल्ला तोपखाना निवासी बृजलाल दोहरे के रूप में हुई। जानकारी मिलते ही पुत्रवधू इंद्रावती भी मौके पर पहुंच गई। इंद्रवती ने बताया कि मृतक उसके ससुर हैं। वह बीती चार मार्च की शाम करीब छह बजे किसी काम के चलते गल्ला मंडी गए थे। तबसे वह वापस नहीं लौटे। उनकी काफी खोजबीन भी की थी लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। आठ मार्च को उन्होंने कोतवाली में ससुर की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी और सोमवार को उनका शव मिला है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल आनंद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हरदोई पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

### बोले- मांग पूरी नहीं हुई तो 11 के बाद नकली और असली हिंदू के बीच होगा वैचारिक धर्मयुद्ध

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सोमवार को हरदोई जिले के माधौगंज में आगमन हुआ। वह ÷गो प्रतिष्ठा-धर्मयुद्ध शंखनाद÷ अभियान के तहत बनारस से लखनऊ तक यात्रा कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य गोमाता को राज्यमाता और राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर समाज को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यदि यह मांग पूरी नहीं हुई तो 11 मार्च को लखनऊ में धर्मयुद्ध शंखनाद किया जाएगा, जो पूरी तरह वैचारिक संघर्ष होगा।

अपने संबोधन में शंकराचार्य ने भारत को ज्ञान और धर्म की भूमि बताते हुए कहा कि यहां व्यक्ति अपने कर्मों से पुण्य और पाप अर्जित करता है। उन्होंने हरदोई को पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र हिरण्यकश्यप की भूमि के रूप में जाना जाता है, जिसका उल्लेख भागवत कथा में भी मिलता है। उन्होंने गौरक्षा के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि पिछली पशुधन गणना के अनुसार देश में गायों की संख्या में 15 से 20 लाख तक की कमी आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर गायों की संख्या घट रही है, वहीं दूसरी ओर गोहत्या से जुड़ी कंपनियों से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए राजनीतिक चंदा लेने की बातें सामने आ रही हैं। शंकराचार्य ने कहा कि यदि गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं दिया गया तो 11 मार्च के बाद वैचारिक स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू होगा। उनके शब्दों में, इस धर्मयुद्ध में कोई तीर, बाण या मिसाइल नहीं चलेगी, बल्कि नकली और असली हिंदुओं के बीच वैचारिक मतभेद का संघर्ष होगा।


## डाबर 'रियल जूस' का महिला दिवस पर नया अभियान- 卐आत्म-संदेह छोड़ें, खुद पर भरोसा करें卐

**कानपुर।** इस महिला दिवस पर जूस ब्रांड रियल ने अपना नया कैंपेन कीप इट रियल शुरू किया है। इसका मकसद महिलाओं को उनके मन में उठने वाले डर और शक को दूर करने के लिए प्रेरित करना है। अक्सर महिलाएं खुद की काबिलियत पर शक करती हैं। यह अभियान बताता है कि एक महिला का अपने परिवार, काम और खुद के लिए प्यार, उसके किसी भी डर से कहीं ज्यादा बड़ा और मजबूत है। डाबर इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) मयंक कुमार ने कहा हम सिर्फ सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहते, बल्कि उस मुश्किल सफर और संघर्ष का भी सम्मान करना चाहते हैं जो एक महिला तय करती है। हम महिलाओं को याद दिलाना चाहते हैं कि उनकी असली ताकत उनका दिल और मेहनत है। इस अभियान के तहत रियल कन्वर्सेशन्स नाम की एक सीरीज शुरू की गई है। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाएं अपनी चुनौतियों पर खुलकर बात करती हैं। वे बताती हैं कि कैसे वे घर और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच तालमेल (द जगल) बैठाती हैं।


# पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट से छूट देने की मांग, सैकड़ों शिक्षकों ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को भेजा पत्र



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

ब्लॉक संसाधन केंद्र हरपालपुर में सोमवार को अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सरोज सिंह भदौरिया ने की। इस दौरान अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव आलोक मिश्रा की उपस्थिति में सैकड़ों शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, नेता प्रतिपक्ष तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर आरटीई एक्ट 2010 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग की।

बैठक में अटेवा के अध्यक्ष विमलेश भदौरिया, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संगठन मंत्री रविंद्र सिंह यादव, ब्लॉक मंत्री सुनीत तिवारी, कार्यसमिति सदस्य अवधेश यादव तथा ब्लॉक कोषाध्यक्ष अभिषेक गौतम सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव आलोक मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगा और किसी भी स्थिति में शिक्षकों के हितों से समझौता नहीं होने दिया जाएगा।इस अवसर पर आर्येंद्र मिश्र, अजय कांत, पल्लवी तिवारी, अमित कुमार, ज्ञानेन्द्र यादव, सर्वेंद्र यादव, सत्यवती, पवन कुमार, मोहन कटियार, जुगल किशोर, अरविंद कुमार, प्रदीप पाल, सौरभ यादव, अवनीश कुमार, प्रशांत यादव, रामगुनी, मनीषा, श्वेता सक्सेना समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।


## डाबर वाटिका का नया अभियान- 'वाटिका आई एम मोर'

**कानपुर।** डाबर वाटिका ने (वाटिका आई एम मोर) नाम से एक नई और प्रभावशाली मुहिम शुरू की है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को कम आंकने वाली भाषा को चुनौती देना है। अक्सर महिलाओं की पहचान उनकी योग्यता के बजाय उनके जेंडर के आधार पर की जाती है, जैसे- महिला क्रिकेटर, महिला सीईओ या महिला अभिनेत्री। इसके अलावा, उनकी सफलता को अक्सर सिर्फ शब्द से जोड़ा जाता है- जैसे कि वह सिर्फ भाग्यशाली थीं या सिर्फ भावुक थीं। वाटिका आई एम मोर इन शब्दों को हटाकर एक ऐसी नई सोच बनाना चाहता है, जहाँ महिलाओं के साहस और उनकी बहुमुखी पहचान का सम्मान हो। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड (हेयर केयर), श्री अंकुर कुमार ने कहा, वाटिका में हमारा हमेशा से मानना रहा है कि एक महिला की पहचान बहुत गहरी और बहुआयामी होती है। यह अभियान उन बंदिशों के खिलाफ खड़ा होने का हमारा तरीका है, जिनमें समाज महिलाओं को बांधने की कोशिश करता है। हम एक ऐसी वैश्विक चर्चा शुरू करना चाहते हैं जो सिर्फ शब्द से आगे बढ़े-क्योंकि एक महिला सिर्फ कुछ नहीं होती; वह प्रकृति की एक शक्ति, एक लीडर और एक निर्माता है।


## हार्वेस्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रेढ़र क्षेत्र के कुठौंदा खेत में कतराई कराते समय हार्वेस्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई।

रेढ़र थाना क्षेत्र के कुठौंदा गांव निवासी राजू बरार 50 वर्ष मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। जिसके चलते उसके गांव में बृजेश गुबरेले ने मटर की थ्रेसिंग के लिए पंजाबियों के हार्वेस्टर को भाड़े पर लाकर अपने खेत में गेंहू कतराने का काम शुरू कराया था।बताया गया कि यहीं पर थ्रेसिंग कार्य में राजू बरार भी मजदूरी का काम कर रहा था। रविवार देर शाम को राजू कटी पड़ी गेंहू का ढेर लेकर हार्वेस्टर में डालने जा रहा था। तभी पैर फिसलने के कारण वह नीचे गिर गया और हार्वेस्टर की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा कि मृतक के दो पुत्र मिथुन व पुष्पेंद्र और तीन पुत्रियां हैं। उसकी पत्नी सोमवती और दोनों लड़के बाहर रहकर पानीपुरी का धंधा करते है। जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। इसके अलावा थाना पुलिस को भी घटना के बारे में सूचना दे दी गई है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने में जुट गई है। पिता मंजू के मुताबिक पुलिस ने घटना करने वाले हार्वेस्टर को कब्जे में लिया है जबकि मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# हरदोई के आटो चालक को मिला 38.5 करोड़ लेन-देन का इनकम टैक्स से नोटिस,नोटिस देख उड़े होश

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम गंजहाखेड़ा मजरा कुकुरा के एक आटो चालक को इनकम टैक्स विभाग से 38.5 करोड़ रुपये का लेन-देन करने और उसका आयकर रिटर्न न भरने का नोटिस मिला है।भारी भरकम टैक्स नोटिस देख उसके होश उड़ गये है।जब उसने वकील के माध्यम से जानकारी करायी तो पता चला कि उसके आधार कार्ड पैन कार्ड और फोटो का दुरुपयोग किया गया है।

दरअसल गंजहाखेड़ा निवासी 52 वर्षीय रामपाल दिल्ली में ऑटो चलाता है और उसकी मां का 3 वर्ष पहले निधन हो गया था। दिल्ली में गाड़ी बुक करने के लिए वह मोबाइल पर बात कर रहा था उसी समय मोबाइल कान से छिन गया था।इस मोबाइल में पैन कार्ड आधार कार्ड फोटो थीं। कुछ दिन पहले गांव के टेलर रजनीश को डाकिया एक चिट्ठी दे गया।टेलर ने वह चिट्ठी उसको भेजी तो उसने देखा कि तो वह 38.5 करोड़ रुपये का लेन-देन करने और उसका इनकम टैक्स रिटर्न न भरने की नोटिस आयकर विभाग से थी।इसके बाद रामपाल ने हाईकोर्ट के वकील को दिखाया तो उन्होंने पैन कार्ड से डिटेल निकलवाई तो पता चला कि सत्र 2023-24 में 7.5 करोड़ और सत्र 2024-25 में 31 करोड़ का लेनदेन हुआ है।रामपाल को यह पता ही नहीं चला और उसके पैन कार्ड से 38.5 करोड़ का लेनदेन किया गया है। अब इनकम टैक्स ने आयकर रिटर्न न भरने की नोटिस दी है।दिल्ली में 15 वर्षों से रामपाल अपनी पत्नी रामलली के साथ रहकर ई रिक्शा चलाता है। और पत्नी घरों में झाड़ू पोंछा करती है गांव में उसके पास एक बीघा खेत है जिस पर किसानी होती है।



## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र की ग्राम खदानी में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोटरा के ग्राम खदानी निवासी राजेश्वर उर्फ राजू 28 वर्ष ने बीते दिन रात में खाना खाने के बाद कमरे में सो गया।बताया गया कि पत्नी के सो जाने के बाद उसने किन्हीं कारणों के चलते कमरे की छत के कुन्दा में साड़ी डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पत्नी जब बड़े भोर जागी तो उसने अपने पति को फंदे पर लटकते देखा तो वह चीखने लगी और उसने तत्काल मामले की सूचना परिवारजनों को दी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मामले में थाना प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अरवल पुलिस ने तमंचा लहराने वाले तीसरे युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



अरवल थाना क्षेत्र के श्रीमऊ बाजार में 4 दिन पूर्व बीती 5 मार्च को सरेआम दबंगई करते हुए युवकों द्वारा तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी देने का वीडीओ वायरल होने पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस ने इस घटना में अंकित वर्मा पुत्र रिशिपाल वर्मा निवासी मोहल्ला खालसा थाना सांडी एवं आकाश कश्यप पुत्र वीरपाल निवासी मोहल्ला पीरजादा खिड़किया थाना सांडी को पूर्व में ही तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।सोमवार को पुलिस ने तीसरे आरोपी आशीष उर्फ शाका पुत्र सुभाष कश्यप निवासी मोहल्ला पीरजादा खिड़किया थाना सांडी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार करने में शामिल पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अभय कुमार सिंह,आरक्षी राजेश कुमार,अंकुर एवं दिगमोहन शामिल रहे।

# दो दिवसीय रोजगार मेले में 780 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय आईटीआई परिसर में आयोजित दो दिवसीय वृहद रोजगार मेले के पहले दिन यानी सोमवार को युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दिनभर चली साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद कुल 780 अभ्यर्थियों का विभिन्न निजी कंपनियों में चयन किया गया। इससे जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। रोजगार मेले में 36 प्रतिष्ठित कंपनियों एवं नियोजकों ने प्रतिभाग कर युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के लिए एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से पंजीकरण कराया था, जिनमें से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य, डीएम शिव सहाय अवस्थी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के




लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने युवाओं को मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। रोजगार मेले जैसे आयोजन युवाओं को सीधे कंपनियों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने कार्यस्थल पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करें। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें अपने कौशल के अनुरूप कार्य करने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर सहायक निदेशक सेवायोजन प्रयागराज राजीव कुमार यादव ने रोजगार मेले के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद रोजगार मेला दो दिनों तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के द्वितीय दिवस 10 मार्च को भी बीस से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की कि वे समय से पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम के दौरान सेवायोजन कार्यालय द्वारा करियर काउंसलिंग के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. मनीष मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव, अजीत सिंह तथा आदर्श श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें स्वरोजगार को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग ने युवाओं से अपील की है कि वे सेवायोजन पोर्टल एवं रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर अधिक से अधिक रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी, सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह, आईटीआई प्रधानाचार्य आलोक कुमार सहित सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी शुभम श्रीवास्तव, अभिषेक पांडेय, विभांकर सिंह, संतलाल पाल, सुनील गुप्ता, अशोक एवं शिवकुमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

# महंगे शौक के लिए करते थे लूट, छह गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

रुद्रपुर के डहरौली में पेट्रोल पंप लूटकांड का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

इनके पास पुलिस ने अवैध असलहे, कारतूस, लूट की नकदी और घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की हैं। सभी बदमाश महंगे शौक पूरा करने के लिए लूट की घटना का अंजाम देते थे।

इसमें एक बाइक चोरी की है। पकड़े गए सभी आरोपी गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूछताछ में यह युवक एकौना थानाक्षेत्र में हुई छिनैती की घटना में भी संलिप्त पाए गए हैं। सभी आरोपियों पर पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पाण्डेय ने पुलिस लाइन में बताया कि पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश लगी हुई थीं। शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रुद्रपुर-डाला मार्ग पर लखनाघाट मोड़ के पास घेराबंदी कर छह युवकों को दबोच लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान गोलू यादव, राजन गुप्ता, राहुल साहनी, शिवम सिंह, रोशन यादव उर्फ छोटू और नितेश यादव के रूप में हुई है। इनकी उम्र 19 से 22 वर्ष के बीच है। ये सभी गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी बताए जा रहे हैं। तलाशी के दौरान युवकों के पास से एक पिस्टल (32 बोर), चार तमंचे (315 बोर) और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए। इनके पास डकैती और लूट के कुल 4,900 रुपये भी मिले।

साथ ही दो बाइक भी बरामद हुई। इनमें से एक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। पूछताछ में आरोपियों ने 28 फरवरी 2026 को डहरौली बुजुर्ग स्थित ओंकार साहनी के पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

इस वारदात में पेट्रोल पंप के सेल्समैन सचिन साहनी से बदमाशों ने तमंचा दिखाकर 8,400 रुपये नकद लूट लिए गए थे। भागते समय बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की थी।

# होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

बरनवाल सेवा समिति ने रविवार को कसया ढाला स्थित बरनवाल सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह का शुभारंभ बरनवाल समाज के आदि पुरुष महाराज अहिबरन के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। अध्यक्ष अभय नन्दन बरनवाल, मंत्री आशीष जी, अटल जी, नरेंद्र जी, राकेश जी सहित महिला समिति की अध्यक्ष अनामिका, युवा मंच के अध्यक्ष अमित व अन्य पदाधिकारियों ने महाराज के चरणों में नमन किया। इसके पश्चात उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। ग्रुप डांस में तान्या, वाणी और नैन्सी ने अपनी प्रस्तुतियों से



सभी का मन मोह लिया। नन्ही वंशिका ने हास्य गीत प्रस्तुत कर समारोह में हंसी-ठिठोली का रंग भर दिया। वहीं वाणी के सुंदर एकल नृत्य की सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इससे पूर्व होली मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्यों अरुण बरनवाल, अभय नन्दन बरनवाल, आशीष बरनवाल को हरी सब्जियों एवं सलाद की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन कर रहे अटल बरनवाल को फूल-गोभी का बुके देकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरा वातावरण खुशनुमा हो गया। बरनवाल महिला समिति की अध्यक्ष अनामिका बरनवाल, मंत्री प्रीति, कोषाध्यक्ष अमृता बरनवाल, सुप्रिया, शिखा, प्रतिभा, बरनवाल युवा मंच के अध्यक्ष अमित, मंत्री नागेंद्र, कोषाध्यक्ष, प्रशांत, सागर, शिवम आदि उपस्थित रहे।

## तनुज के निलंबन के बाद उठ सकता है कई फर्जीवाड़ों से पर्दा

**देवरिया।** बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक तनुज कुमार के निलंबन के बाद अब विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। चर्चा है कि इस कार्रवाई के बाद एडेड स्कूलों में पिछले लंबे समय से चल रहे फर्जीवाड़ों और मनमानी से पर्दा उठ सकता है।

आरोपी लिपिक के पास ही एडेड जूनियर स्कूलों की अधिकांश विभागीय फाइलें रहती थीं। इन फाइलों की पड़ताल से अन्य स्कूलों में भी फर्जीवाड़ों की परतें बाहर आ सकती हैं। इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग के हलकों में चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के मुताबिक बीएसए दफ्तर में तनुज श्रीवास्तव के पास एडेड स्कूलों से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण फाइलें उसी के पास रहती थीं। आरोप है कि वह इन मामलों को अपने खास तरीके से हैंडल करता था। नियमों को ताक पर रखकर फाइलों को आगे बढ़ाना या न बढ़ाना उसके हाथ में था। इसके कारण कई पात्र शिक्षक परेशान थे, तो वहीं अपात्रों को अनुचित लाभ मिलने की चर्चाएं आम हैं।

# विधायक ने पेयजल योजना के तहत 'जल अर्पण कार्यक्रम' का किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के विकास खंड सदर के अंतर्गत रामपुर गौरी गांव में सोमवार को पेयजल योजना के अंतर्गत ÷जल अर्पण कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर द्वारा पेयजल योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही जलापूर्ति व्यवस्था का प्रतीकात्मक रूप से जल अर्पण करते हुए ग्राम प्रधान रामपुर गौरी को सुपुर्द किया गया जिससे ग्रामवासियों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामवासियों से संवाद कर पेयजल योजना के संचालन एवं जलापूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामवासियों ने बताया कि योजना के माध्यम से गांव में निरंतर



एवं सुचारू रूप से जलापूर्ति हो रही है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। विधायक ने ग्रामवासियों से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा पानी का अनावश्यक व्यर्थ न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रभात फेरी भी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने जल बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान रामपुर गौरी, सहायक अभियंता हिमांशु केसरवानी, बृजेश कुमार (जूनियर इंजीनियर, उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण), सोमेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दरोगा भर्ती को लेकर प्रशासन अलर्ट, एएसपी व एडीएम ने कोषागार में परखी सुरक्षा

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में होने वाली आगामी दरोगा भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय और अपर जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से जिला कोषागार का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने परीक्षा सामग्री की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोषागार में परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं ( ओएमआर शीट ) और गोपनीय दस्तावेजों के भंडारण कक्ष का जायजा लिया। एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय ने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, फुटेज




बैकअप और प्रवेश-निकास द्वारों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी की जांच की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय ने बताया कि परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा सुरक्षा में चूक की संभावना न रहे।

## 673वीं रैंक पाकर डॉ. सूरज ने रोशन किया जिले का नाम

**कुशीनगर।** मेहनत, लगन और मजबूत इरादों की बदौलत डॉ. सूरज पटेल ने बड़ी सफलता हासिल कर अपने परिवार और जिले का सम्मान बढ़ाया है। मुख्यालय के भीमापार निवासी, दीवानी कचहरी में लिपिक विनोद कुमार चौधरी के पुत्र डॉ. सूरज पटेल का चयन संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में 673वीं रैंक पाई है। डॉ. सूरज ने इंटर तक की शिक्षा शहर के सरस्वती विद्या मंदिर से पूरी की। इसके बाद वह बीआरडी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बने। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना देखा, इसके लिए देश की राजधानी दिल्ली में दो वर्ष तक अपनी तैयारी की। कड़ी मेहनत व अनुशासित तैयारी के दम पर इसे सच कर दिखाया। इस शानदार उपलब्धि से इनकी माता सुशीला चौधरी, बड़े भाई डॉ. विकास पटेल (सर्जन), चाचा एडीओ पंचायत राधेश्याम चौधरी, शिक्षिका चाची रेनू चौधरी, अंकिता सिंह, सुषमा सिंह, शशिकला सिंह आदि ने खुशी जताई है।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले की कोहंडौर थाने की पुलिस ने सोमवार को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिव नारायण वैस के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष कोहड़ौर धनन्जय राय व उनकी पुलिस टीम द्वारा थाना इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान व पीआरवी कांस्टेबल प्रेम कुमार भारती की सूचना पर थाना इलाके के बिजरा गांव निवासी अभियुक्त बृजेश गौतम पुत्र हीरालाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया।



# डीएम ने आगामी पर्व व परीक्षाओं के मद्देनजर निषेधाज्ञा किया लागू

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में आगामी त्योहार और होने वाली परीक्षाओं के मद्देनजर सोमवार से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इस संबंध में डीएम शिवसहाय अवस्थी ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया। जिसके मुताबिक अब सार्वजनिक स्थल पर पांच या उससे अधिक व्यक्ति इकट्ठा नहीं हो पाएंगे। त्योहार पर कोई नई परम्परा नहीं कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का शस्त्र लेकर नहीं चलेगा न तो उसका प्रयोग करेगा। हालांकि यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी या कर्मचारी तथा बैंक में लगे हुए सुरक्षाकर्मियों पर लागू नहीं होगा। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुसार होगी। लाउडस्पीकर का प्रयोग सक्षम अधिकारी एवं संबन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली जायेगी। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास दो सौ मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आईटी गैजेट्स सहित किसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रनिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्र के आस-पास एक किमी. की परिधि में फोटो कापी एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। कोई भी परीक्षार्थी बिना परीक्षा सम्पन्न हुए सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा और न ही उत्तर पुस्तिका बाहर ले जायेगा। परीक्षा की समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्न-पत्र को परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। यह प्रतिबंध एक मई तक जिले भर में लागू रहेगा।

## जश्न पर खुफिया एजेंसियों की पैनी नजर... बॉर्डर पर बढ़ी चौकसी

**कुशीनगर।** ईद और नेपाल में हुए चुनाव के बाद नई सरकार बनने वाली है। ऐसे में सीमावर्ती इलाके में सुरक्षा एजेंसियों का मूवमेंट तेज हो गया है। त्योहार और नई सरकार बनने के जश्न में युवाओं के उल्लास के बीच कोई माहौल को खराब न करे और अशांति की स्थिति न बने, इसे देखते हुए दोनों देशों की जांच एजेंसियां सक्रिय हो गईं हैं। वहीं, चुनाव और त्योहार को देखते हुए सीमावर्ती थानों की पुलिस ने भी गश्त और निगरानी तेज कर दी है। जिले की 68 किलोमीटर सीमा नेपाल बॉर्डर से लगती है। इसमें ककरहवा, अलीगढ़हवा, खुनुवां और बढ़नी बॉर्डर मुख्य केंद्र है। यहां से वाहनों की आवाजाही होती है। इसके अलावा अन्य रास्तों के अलावा पगडंडी से भी लोग आते-जाते हैं। नेपाल में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए दो से पांच मार्च की मध्यरात्रि तक भारत-नेपाल सीमा को पूरी तरह सील कर दिया गया था।

# राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में सोमवार को राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) परिवहन विभाग दयाशंकर सिंह के आगमन पर निरीक्षण भवन में कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में कोर व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। राज्यमंत्री के आगमन पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा सहित राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस लाइन से आये दल द्वारा पारंपरिक सम्मान स्वरूप गार्ड ऑफ ऑनर ( सलामी ) भी प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान जिले में कोर



व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने तथा जनहित से जुड़े विषयों पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय की सख्ती, अवैध अपमिश्रित शराब के साथ महिला गिरफ्तार

■ पुलिस टीम की सक्रियता से अवैध शराब का भंडाफोड़, यूरिया व नौशादर बरामद

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



जनपद में अवैध गतिविधियों और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना परसरामपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई कर अवैध अपमिश्रित शराब के कारोबार पर कड़ा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक बस्ती डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हरैया स्वर्णिमा सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष परसरामपुर विश्व मोहन राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय अपनी सक्रिय कार्यशैली, सजग नेतृत्व और कानून व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता के लिए क्षेत्र में लगातार चर्चा में बने हुए हैं। उनके नेतृत्व में थाना परसरामपुर पुलिस द्वारा अपराधियों और अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में थाना परसरामपुर पुलिस टीम ने ग्राम अचरवल में सटीक सूचना के आधार पर छापेमारी की कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से दो जर्किन में लगभग 20 लीटर अवैध अपमिश्रित शराब, 1 किलो यूरिया तथा करीब 500 ग्राम नौशादर बरामद किया। बरामद सामग्री से स्पष्ट है कि अवैध शराब को मिलावटी तरीके से तैयार किया जा रहा था, जो समाज और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता था। गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान मिथलेश सोनकर उर्फ बच्ची पत्नी रामनरेश निवासी ग्राम अचरवल



अवैध कच्ची शराब माफियाओं पर पुलिस कसेगी शिकंजा!

थाना परसरामपुर जनपद बस्ती के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उक्त महिला अवैध रूप से अपमिश्रित शराब तैयार कर उसके अवैध कारोबार में संलिप्त थी। इस मामले में थाना परसरामपुर पर मु0अ0सं0 74/2026 धारा 274 बीएनएस व 60(ए) उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्ता को माननीय न्यायालय बस्ती भेज दिया गया है। गिरफ्तारी और बरामदगी की इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय, उपनिरीक्षक झारखंडेय पांडे, हेड कांस्टेबल राघवेंद्र दुबे, कांस्टेबल लवकुश सिंह तथा महिला कांस्टेबल प्रगति मिश्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### थानाध्यक्ष परशुरामपुर विश्व मोहन राय का सख्त संदेश

थानाध्यक्ष परसरामपुर विश्व मोहन राय ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में कच्ची शराब का अवैध कारोबार करने वाले माफियाओं को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाना ही पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने साफ कहा कि जो भी व्यक्ति कच्ची शराब बनाने, बेचने या इस अवैध धंधे में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे कानून के दायरे में लाया जाएगा। थाना परसरामपुर पुलिस पूरी तरह सतर्क है और क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में परशुरामपुर थाना क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जाएगा।

### जन एक्सप्रेस की खबर का असर, पुलिस ने की कार्रवाई

क्षेत्र में अवैध अपमिश्रित शराब के कारोबार को लेकर जन एक्सप्रेस द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। खबर के बाद थाना परसरामपुर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए छापेमारी की कार्रवाई की और अवैध अपमिश्रित शराब के साथ महिला को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई को जन एक्सप्रेस की खबर का असर माना जा रहा है, जिससे अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# टीईटी के सवाल को लेकर 20 शैक्षिक संगठनों ने बनाया महासंघ, भेजा ज्ञापन

■ टेट की अनिवार्यता समाप्त किये जाने को लेकर निर्णायक संघर्ष का निर्णय लिया गया

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सोमवार को प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में टेट की अनिवार्यता समाप्त किये जाने को लेकर निर्णायक संघर्ष का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि टेट के सवाल को लेकर प्रदेश स्तर पर 20 शैक्षिक संगठनों का एक सामूहिक अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया गया है। इसके बैनर तले 9 मार्च से शिक्षक की पाती राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री (उ.प्र.), नेता प्रतिपक्ष भारत और यूपी को पत्र भेजा जा रहा है। दूसरे चरण में 13 अप्रैल को प्रेस क्लब बस्ती में बैठक के बाद कम्पनीबाग से जिलाधिकारी कार्यालय तक मशाल जुलूस निकाला जायेगा। तृतीय चरण में 3 मई को राजधानी लखनऊ में आयोजित महारैली में बस्ती के शिक्षक हिस्सा लेंगे और चौथे चरण में मानसून सत्र में संसद का घेराव का निर्णय लिया गया है। बैठक के बाद अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ द्वारा राष्ट्रपति सहित सम्बंधित ज्ञापन भेजा गया। यह जानकारी देते हुये उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि बैठक में अटेवा के अध्यक्ष तौव्वाब अली, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष अम्बिका पाण्डेय, टी.एस.सी.टी. अध्यक्ष प्रमोद ओझा, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिला संयोजक अजय कुमार वर्मा आदि ने कहा कि अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की एकजुटता से टेट समस्या का समाधान होगा। बैठक में मुख्य रूप से अभय सिंह यादव, स्कन्द मिश्र, दिवाकर सिंह, इन्द्रसेन मिश्र, चन्द्रभान चौरसिया, विनोद यादव, आनन्द सिंह, मारूफ खान, नरेन्द्र दूबे, राजीव पाण्डेय, सतीश शंकर शुक्ल, ओम प्रकाश पाण्डेय, सुखराज गुप्ता, सौरभ त्रिपाठी, शैल शुक्ल, संजय यादव, सन्तोष शुक्ल, राजेश चौधरी, इजहारुल हक, विनय करूण, रामपाल चौधरी, त्रिलोकीनाथ, सुनील पाण्डेय, रविन्द्रनाथ, आशुतोष पाण्डेय, भैयाराम राव, अरविन्द पाण्डेय, कृष्ण कुमार वर्मा, ओंकार चौधरी, नरेन्द्र पाण्डेय, मुक्तिनाथ वर्मा, फैजान अहमद, वैभव कन्नौजिया, दिनेश वर्मा, चन्द्रिका सिंह, प्रणव मिश्र, राजेश कुमार, सत्य प्रकाश पाठक, देवेन्द्र वर्मा, भरतराम, शोभाराम, अभिराम वर्मा, ज्ञानदास चौधरी के साथ ही विभिन्न संगठनो के पदाधिकारी, शिक्षक उपस्थित रहे।

# चौकिया दर्शन करने आये किशोर की चौकियां पोखरा में डूबने से हुई मौत



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चौकिया माता दर्शन करने आए तीन दोस्तों में से एक दोस्त की डूब के हुई मौत आज सोमवार की सुबह लगभग 11:00 बजे चौकिया स्थित पोखरे में डूबने से मौके पर मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलदीप कश्यप 15 वर्ष पुत्र संतोष कश्यप दीवानगंज पट्टी प्रतापगढ़ का निवासी है अपने दो दोस्तों के साथ कमलदीप और अमित के साथ चौकिया माता दर्शन करने आया था जहां वह तीनों चौकिया मे स्थित पोखरे पर स्नान कर रहे थे कि अचानक कमलदीप पोखरे में डूब गया काफी चीख पुकार के बाद स्थानीय लोगों ने निकालने का प्रयास किया आनंन फानन में 108 एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल जौनपुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत्यु घोषित कर दिया लाइन बाजार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# धूमधाम से संपन्न हुआ स्वर्णकार समाज जौनपुर का होली मिलन व प्रथम शपथ ग्रहण समारोह

■ मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक सूबेदार मेजर कृष्ण कुमार सेठ रहे उपस्थित, समाज की एकता व संगठन मजबूती पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




जौनपुर स्वर्णकार समाज जौनपुर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं प्रथम शपथ ग्रहण समारोह राजमहल पैलेस, जौनपुर में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह के मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक सूबेदार मेजर कृष्ण कुमार सेठ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के संस्थापक संरक्षक नन्हेंलाल वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संरक्षक दिनेश सेठ,मानिकचंद सेठ, अशोक चंद सेठ, एडवोकेट चंद्र प्रताप सोनी एवं मुन्नालाल सेठ सहित समाज के कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। समारोह में विशिष्ट सदस्यों के रूप में श्याम जी वर्मा, निरंजन वर्मा, गौतम सोनी, नरेश सेठ, महेश सेठ, आदर्श सेठ, संदीप सेठ, प्रभात सेठ, सुखसागर सेठ, कृष्ण कुमार सेठ, घनश्याम सेठ, श्याम बाबू सेठ, जयप्रकाश वर्मा, गुड्डू सेठ एवं सुरेश सेठ सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज जौनपुर की नवगठित कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से शपथ दिलाई गई। संगठन के अध्यक्ष राजकुमार सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत सेठ कार्यक्रम संयोजक (गहना कोठी), महामंत्री विष्णु सेठ, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सेठ (औजार वाले) तथा उपाध्यक्ष सुनील सेठ, विनय बारोटिया, बंशीधर सेठ, विनोद सेठ, राधेश्याम सेठ,सूरज सेठ, अनिल सेठ, सनी वर्मा एवं संतोष सेठ को संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसके अतिरिक्त संगठन में वरिष्ठ मंत्री मनोज वर्मा एवं प्रिंस सेठ, जबकि मंत्री के रूप में रमेश सेठ, राजकुमार सेठ (कल्लू), राजीव सेठ, संतोष सेठ, धर्मेंद्र कुमार सेठ, आशीष सेठ, मनीष सोनी एवं दिनेश चंद्र वर्मा को मनोनीत किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में सुशील कुमार स्वामी एवं महेश सेठ, आय-व्यय प्रभारी कमलेश सोनी, कानूनी सलाहकार विजय सोनी एडवोकेट, प्रवक्ता ओम प्रकाश सोनी तथा संपर्क प्रमुख राम प्रताप सोनी को संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष राजकुमार सेठ ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।अपने संबोधन में वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा के महत्व तथा संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के लोग संगठित होकर कार्य करें और नई पीढ़ी को शिक्षा व संस्कार से जोड़ें। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा समाज में भाईचारा और आपसी सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के लोगों की भागीदारी रही, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया।

# जल जीवन मिशन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीएम



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जिले में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही पेयजल परियोजनाओं, उनके संचालन और रखरखाव की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने रेस्टोरेशन कार्यों तथा ओवरहेड टैंक (ओएचटी) निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे कराए जाएं, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि परियोजनाओं के संचालन और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, परियोजना निदेशक के.के.द्य पांडे, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

# साड़ी के फंदे से महिला ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर रामपुर थाना क्षेत्र के सधीरनगंज गांव में सोमवार को एक 60 वर्षीय महिला ने सीमेंट की गाटर में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सधीरनगंज गांव निवासी इंद्रावती (60 वर्ष) पत्नी पंधारी पाल ने अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक जब वह दिखाई नहीं दीं तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उनका शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही रामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# जौनपुर इमामबाड़ा व कब्रिस्तान में तोड़फोड़ मामले में कार्रवाई की मांग, डीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



तहफ्फुज-ए-कब्रिस्तान कमेटी व पंजतनी कमेटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह को जिलाधिकारी के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपकर इमामबाड़ा व कब्रिस्तान में हुई तोड़फोड़ की घटना की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बीते 4 मार्च को होली के दिन कोतवाली थाना क्षेत्र के भंडारी रेलवे स्टेशन के पीछे कदम रसूल छोटी लाइन इमामबाड़ा में कुछ अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी। वहीं इमामबाड़े के पूरब दिशा में लाइनबाजार थाना क्षेत्र के मानेपुर स्थित कब्रिस्तान में शहीद बाबा की कब्रों को भी क्षतिग्रस्त कर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पूरे मामले की पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त जांच कराई जाए तथा कब्रिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने लाइनबाजार थानाध्यक्ष सतीश सिंह को भी प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छोटी लाइन इमामबाड़ा प्रकरण में कोतवाली पुलिस द्वारा तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने पर प्रशासन के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष शाहिद मेहदी, महासचिव सरदार हुसैन बबलू, मेहंदी रजा एडवोकेट, नेहाल हैदर, कैफी रिजवी और हसनैन कमर दीपू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अहमदपुर में किशोर की हुई मौत के मामले में डीएम ने जांच के दिये आदेश

■ सैकड़ों ग्रामीणों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे परिजनों ने उठायी आवाज

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर बीते रविवार को जफराबाद के अहमदपुर गांव में पोखरे में डूबने से 14 वर्षीय किशोर की हुई मौत के मामले में सोमवार को गांव के सैकड़ों लोग डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किये तथा मामले की जांच की मांग किये। इस पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय टीम गठित करते हुये प्रकरण की जांच कराने तथा रास्ते के बगल भारी गड्ढा अथवा खुदवाने वाले आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही हेतु थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को निर्देशित किया। इतना ही नहीं, किशोर यश गौतम का पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात उचित मुआवजा दिये जाने का भी आवश्वासन दिया। ज्ञात हो अहमदपुर गांव निवासी सतीश गौतम पुत्र स्व. गिरधारी लाल का आरोप है कि उनके गांव के रिंकू सिंह तथा कृपाशंकर ने उसके घर के पास रास्ते को सटाकर 20 फिट गहरा गड्ढा खोदकर पोखरा बनाया है। रविवार की दोपहर को उनके भाई प्रवीण कुमार का 14 वर्षीय पुत्र समीर उर्फ यश कुछ लड़कों के साथ पोखरे के पास खेल रहा था। उसी समय रिंकू और कृपाशंकर यश को अपने पास बुलाये और उससे जबरदस्ती पोखरे में मछली डलवाने लगे। जब यश पोखरे में डूबने लगा तब दोनों लोग मौके से भाग निकले। उसके साथ के अन्य लड़कों के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचकर यश को पानी से बाहर निकलवाकर उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। ज्ञात हो मृतक यश 3 भाइयों में बड़ा था। उसके दो भाइयों में 12 वर्षीय जिगर तथा 9 वर्षीय निष्कर्ष तथा मां सीमा देवी के आंसू अभी भी नहीं रुक रहे हैं।

# मौला अली की शहादत की याद में सदर इमामबारगाह से निकला मातमी जुलूस, गूंजे नौहे और मातम



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

हज़रत अली इब्न अबु तालिब की शहादत की याद में नगर के बेगमगंज स्थित सदर इमामबारगाह में अकीदतमंदों द्वारा मजलिस व मातमी जुलूस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंजुमन शमशीरे हैदरी के नेतृत्व में निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर मौला अली की याद में नौहाख्वानी और मातम किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मोहसिन आगा ने कहा कि मौला अली पूरी इंसानियत के लिए अमन, इंसाफ और बराबरी के अलमबरदार थे। उन्होंने कहा कि मौला अली की जिंदगी हमें सच्चाई, न्याय और कमजोरों की मदद करने का पैगाम देती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे मौला अली की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में उतारें और समाज में भाईचारा व इंसाफ कायम करने का प्रयास करें। मजलिस के अंत में मौलाना अम्बर अब्बास खान ने तकरीर करते हुए मौला अली के मसाएब का बयान किया। उनके दर्द भरे बयान को सुनकर मजलिस में मौजूद अकीदतमंद गमगीन हो उठे और कई लोग रो पड़े। पूरे इमामबारगाह में 'या अली' और 'हैदर मौला' की सदाएं गूंजती रहीं। मजलिस के बाद मातमी जुलूस बरामद हुआ, जिसमें अलम और शबीहे ताबूत मौला अली निकाले गए। जुलूस के साथ अंजुमन शमशीरे हैदरी के अकीदतमंदों ने नौहाख्वानी और सीना-ज़नी कर शहादत का गम मनाया। जुलूस के दौरान पूरे क्षेत्र का माहौल गमगीन रहा। इस मौके पर नौशाद हुसैन, संजय, अली मंजर, चुनमुन भाई, बबलू, रिजवान, दिलदार हुसैन, नाजिम हुसैन, मुमताज, मोहर्रम अली, महफूज़ सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। जुलूस का संचालन फैजी जौनपुरी ने किया।

# बेहतर उपज देने वाले किसानों को मिलेगा सम्मान, 7 हजार तक इनाम, रजिस्ट्रेशन शुरू

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर भूतपूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता Chaudhary Charan Singh की जन्मतिथि 23 दिसंबर को हर वर्ष किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कृषि व उससे जुड़े क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को जनपद व राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाता है। इसके लिए किसानों से पंजीकरण कराने की अपील की गई है। कृषि विभाग के अनुसार किसानों की फसलों के क्रॉप कटिंग परिणाम के आधार पर प्रतियोगिता कराई जाती है। खरीफ और रबी फसलों में सर्वाधिक उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों को जनपद स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले किसान को 7000 रुपये, द्वितीय स्थान पर 5000 रुपये, साथ ही प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष जनपद में कुल 36 किसानों को पुरस्कार दिया जाएगा। उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि आत्मा योजना के अंतर्गत 23 दिसंबर को आयोजित होने वाले किसान सम्मान दिवस के लिए रबी फसलों के किसानों का पंजीकरण शुरू हो गया है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपने उपज परिणाम निर्धारित प्रारूप में तैयार कर कृषि भवन में जमा कर रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों की सूची मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति से अनुमोदित होने के बाद प्रदेश स्तर पर भेजी जाती है।

# सिद्धार्थ उपवन में होली मिलन समारोह, गुलाल-फूलों की बारिश में घुला सौहार्द का रंग

■ होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व कृपाशंकर सिंह 7आदर्श तिवारी के फगुआ गीतों ने बांधा समां

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर नगर के सिद्धार्थ उपवन में कृपाशंकर सिंह मित्र मंडली द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पूर्व गृह राज्य मंत्री व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने रंग-बिरंगे गुलाल लगाकर किया। परंपरागत अंदाज में एक-दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियां उड़ाकर लोगों ने होली की शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरा वातावरण रंग और उमंग से सराबोर हो गया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कृपाशंकर सिंह ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब लाने का अवसर देता है। साथ ही उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम में लोकगीत कलाकार आदर्श तिवारी ने फगुआ और होली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को सराबोर कर दिया। उनके गीतों पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। वहीं पूर्व विधायक सुषमा पटेल, विधायक रमेश चंद्र मिश्रा और सुनीता सिंह ने भी फगुआ गीत 'होली खेला रघुवीरा' गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि फागुन का महीना प्रकृति और समाज दोनों को उल्लास से भर देता है, जबकि पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने कहा कि होली जीवन को सामूहिक रूप से आनंदित बनाने का उत्सव है। इस अवसर पर डॉ. हरेंद्र सिंह, लीना तिवारी, विद्यासागर सोनकर, पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर, दिनेश चौधरी, मुकेश सिंह, भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति,सुशील मिश्रा, डीसीएफ धनंजय सिंह, शशि मोहन सिंह, रत्नाकर सिंह, विवेक सिंह राजा, कुंवर जय सिंह, दुष्यंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, राहुल सिंह, सजल सिंह, धीरू सिंह, अंजना सिंह, अंजना श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, राजेश उपाध्याय, श्याम राज सिंह, मनोज अग्रहरि, विनोद अग्रहरि, रविन्द्र सिंह, बृजेश यादव सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया, जबकि अंत में कृपाशंकर सिंह ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीएम योगी आदित्यनाथ की माता के बारे मे अपशब्द कहने वाले मौलाना का फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



छोटी काशी गोला गोकरणनाथ स्थित अशोक चौराहे पर बिहार में मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा योगी जी की माँ के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किये जाने के विरोध में जिले के हिन्दूवादी नेता विपिन मिश्रा जी के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में हिन्दू संगठनो हिन्दू समाज के लोग एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन कर मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पुतला दहन किया गया और उप जिलाधिकारी गोला के माध्यम माननीय प्रधानमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया, विरोध प्रदर्शन में शामिल विपिन मिश्रा ने कहा हम सभी हिन्दू संगठन एवं हिन्दू समाज के लोग माननीय प्रधानमंत्री जी से मांग करते हैं कि हम सभी सनातनियो की आन बान शान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ महाराज की पूज्य माता जी के बारे में बिहार में मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया जिससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज में आक्रोश व्याप्त है जिसकी वजह से साम्प्रदायिक माहौल भी खराब हो सकता है इसलिए मौलाना अब्दुल्ला सलीम पर रासुका के तहत कार्यवाही होना अति आवश्यक है इसके साथ साथ मौलाना की सम्पत्ति की एवं बैंक खातों की जाँच भी की जाय जिससे देश का माहौल खराब कराने के लिए मौलाना अब्दुल्ला सलीम को कहाँ कहाँ से कौन कौन लोग फंडिंग कर रहे हैं क्योंकि पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री के अलावा गोरक्षपीठाधीश्वर भी है करोड़ो सनातनियो के दिलों की धड़कन है करोड़ो सनातनी उन्हें अपना भगवान आदर्श गुरु मानते है उन सभी सनातनियों में काफ़ी आक्रोश है अगर कार्यवाही नहीं हुई तो ये मौलाना फिर से ऐसे गलत बयान देकर देश को दंगे की आग में झोंकने का कार्य करेगा विरोध प्रदर्शन में ब्रजपाल भार्गव जी, सोनी मिश्रा,रिशु मिश्रा,पंकज राज,बलवंत सिंह,सुभम तिवारी, पवन राज, दिव्यांशु दीक्षित,राजन शुक्ला, अमन, आशीष, जयेंन्द्र मिश्रा सोनू, पीयूष, सुधीर गुप्ता, अर्पित सिंह हिमांशु वर्मा, अंकित सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

जन एक्सप्रेस। कानपुर



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन द्वारा माइग्रेंट रेसिलियंस कोलैबोरेटिव परियोजना के अंतर्गत कबीर नगर द्वितीय समुदाय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था। संगोष्ठी में समुदाय की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभासद वंदना शर्मा तथा पार्षद प्रतिनिधि गुंजन शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा जया सिंह (मंडल कोषाध्यक्ष), पप्पू पासवान (मंडल अध्यक्ष) सहित समुदाय की कई महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान फाउंडेशन की जिला समन्वयक अंकिता तिवारी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए की। उन्होंने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और स्ल्श्ट परियोजना के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और प्रवासी श्रमिकों व उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है। इसके बाद सलमान ने स्ल्श्ट कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल श्रमिक संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित है, जिसके माध्यम से श्रमिकों को सरकारी योजनाओं और अधिकारों से जोड़ा जाता है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वंदना शर्मा और गुंजन शर्मा ने महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में उनकी भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सशक्तिकरण पर आधारित कविताएं और गीत प्रस्तुत किए तथा जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस संगोष्ठी में लगभग 70 लोगों ने भाग लिया और इसे महिलाओं को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उ प्र राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 मार्च 2026 को जनपद में करेंगी महिला जनसुनवाई



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। 09 मार्च 2026, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य सुजीता कुमारी 11 मार्च 2026 को जनपद लखीमपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे से की करेंगी महिला जनसुनवाई जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी द्वारा जनपद लखीमपुर में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने जाने एवं आवेदक / आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष की उपस्थिति में महिला जनसुनवाई कलेक्ट्रेट सभागार लखीमपुर में की जाएगी, तत्पश्चात महिला उत्पीडन के मामलों की समीक्षा करेंगी।

### 12 मार्च2026 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर दे

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड गोला द्वारा द्वितीय मिल बंदी सूचना दिनांक 12 मार्च 2026 सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड को भेज दी है।इस संबंध में चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्राय: समाप्त हो गया है ,जिस कारण हमारी चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है। अत: क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 12 मार्च2026 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें।

### भुगतान को लेकर शिकायत कर ग्रामीण ने की जांच की मांग



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। पसगवां स्थित शाखा में सोमवार को भुगतान व्यवस्था को लेकर कुछ ग्रामीणों ने असंतोष जताया। ग्रामीणों का कहना है कि वे सुबह से बैंक में अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन देर शाम तक भुगतान नहीं हो सका।ग्राम खड़सरा के कंधई सिंह और सेडा निवासी यदुवीर सिंह सहित कई लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बैंक में कुछ लोगों को पहले भुगतान किया गया, जबकि अन्य ग्राहक लंबे समय तक लाइन में खड़े रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उस दिन की सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए तो पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।इस संबंध में महिपाल सिंह, खुमान, जगबीर सिंह और खुशीराम सहित कई लोगों ने भी अपनी परेशानी बताई और बैंक की व्यवस्था में सुधार की मांग की। वहीं, शाखा प्रबंधक देवेंद्र बहादुर सागर ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि बैंक में नियमानुसार कार्य किया जा रहा है।

### प्रसूता को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि, थककर मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

जन एक्सप्रेस। निघासन-खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन में प्रसव के बाद मिलने वाली सरकारी प्रोत्साहन राशि के लिए एक प्रसूता को लंबे समय से चक्कर काटने पड़ रहे हैं। एक साल बीत जाने के बाद भी राशि न मिलने से परेशान महिला ने अंतत: मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कर सहायता राशि दिलाने की मांग की है।ग्राम नंदापुरवा लुधौरी निवासी ममता देवी पत्नी दीनदयाल का प्रसव 28 दिसंबर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में हुआ था। प्रसव के बाद सरकारी योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए उनका जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) का फार्म भरकर सीएचसी के ब्लॉक अकाउंट मैनेजर प्रदीप गुप्ता के कार्यालय में जमा कराया गया था।आरोप है कि लगभग एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी प्रसूता को 1400 रुपये की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली। सोमवार को जब ममता देवी सीएचसी पहुंचकर ब्लॉक अकाउंट मैनेजर से राशि के संबंध में जानकारी लेने गईं तो उन्होंने कथित रूप से नाराज होकर उन्हें कार्यालय से भगा दिया।प्रोत्साहन राशि पाने की उम्मीद में कई बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चक्कर लगाने के बाद भी जब कोई समाधान नहीं निकला तो थक हारकर प्रसूता ने मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराते हुए सहायता राशि दिलाने की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी निघासन के अधीक्षक डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि वह इस समय सीएमओ की बैठक में जा रहे हैं। मामले की जानकारी लेकर बाद में समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने, गर्भपात कराने और बाद में मारपीट कर धमकी देने का मामला सामने आया है। सचेण्डी थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक समेत उसके परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गोविंद नगर कच्ची बस्ती दादानगर निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2023 में उसकी दोस्ती बाबूपुरवा चकरपुर निवासी एक युवक से हुई थी। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर आरोपी ने अपने माता-पिता और बहनों के साथ मिलकर शादी का आश्वासन देकर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता का आरोप है कि 27 अप्रैल 2024 को चकरपुर स्थित एक होटल में दिखावे के तौर पर शादी कराई गई। इसके बाद 25 सितंबर 2025 को बेटी के जन्म के बाद युवक ने बताया कि उसकी पहले से ही एक अन्य महिला से शादी हो चुकी है। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी सचेण्डी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक सहित उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### युवकों ने एक परिवार पर किया जानलेवा हमला तीन घायल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। रावतपुर गांव में रहने वाले चार युवकों ने अपने साथियों के साथ एक युवक और उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रावतपुर गांव निवासी शरद कुमार राजभर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अभिषेक, आदित्य, विजय और राजेंद्र समेत कई लोगों ने कुल्हाड़ी, डंडा, लोहे की रॉड, ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में शरद कुमार, दशरथ कुमार और रोहन को गंभीर चोटें आई हैं। आरोप है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी भी दे गए। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पटेल संस्थान का प्रतिनिधिमंडल छात्रा से दुष्कर्म-हत्या में कांड पीड़ित परिवार से मिला

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली इलाके में छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। इसी क्रम में, पटेल संस्थान का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सीतापुर जिले में पीड़ित परिवार के गांव पहुंचा और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में संस्थान के अध्यक्ष पटेल राजीव वर्मा, मंत्री अंकुर वर्मा, अजय वर्मा, संजय वर्मा, सतीश वर्मा और शिवम पटेल शामिल थे। यह दल लखीमपुर संस्थान के अध्यक्ष कौशल किशोर वर्मा और कस्ता-मितौली क्षेत्र के सत्यपाल वर्मा के साथ मृतका के गांव पहुंचा।वहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द साझा किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। सदस्यों ने इस जघन्य घटना को समाज के लिए बेहद शर्मनाक बताया। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। जानकारी के अनुसार, छात्रा अपनी मां और बहन के साथ किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह 24 फरवरी को बैंक जाने के लिए घर से निकली थी, जिसके बाद वह लापता हो गई। काफी तलाश के बाद 3 मार्च को उसका शव एक खेत में बरामद हुआ था। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है और लोग दोषियों को सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं।

# किसान को मारने वाले बाघ की तलाश तेज दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन में केज लगाए और निगरानी बढ़ाई



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन क्षेत्र में बाघ के हमले में एक किसान की मौत के बाद वन विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है। विभाग की टीमें लगातार इलाके में गश्त कर रही हैं और बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी अभियान शुरू कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार, यह घटना दो दिन पहले संपूर्णानगर वन रेंज की संपूर्णानगर बीट के मझरा पश्चिम क्षेत्र में हुई। मृतक किसान गन्ने के खेत में काम करने गया था, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया।हमले में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में खेत से उसका अधखाया शव बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही खजुरिया चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाघ को ट्रैक करने के लिए इलाके में पिंजरे लगाए गए हैं। ड्रोन की मदद से भी निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही, सीमा से सटे गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि बाघ की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।वन विभाग ने आसपास के गांवों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्हें अकेले खेत या जंगल की ओर न जाने और खेतों में समूह में ही जाने की सलाह दी गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# मां पीतांबरा शक्तिपीठ बिठूर का आठवां स्थापना दिवस हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस। बिठूर



बिठूर मंधना रोड स्थित मां पीतांबरा शक्ति पीठ का आठवां स्थापना दिवस श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हो गया। आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिकेट, कैरम, पिस्टल शूटिंग, राइफल शूटिंग, सांप सीढ़ी, लूडो, का आयोजन हुआ। सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीमों ने प्रतिभा किया जिसमें शिवा स्ट्राइकर, बजरंगी पहलवान, लंबोदर लीजेंड, भैरव भौकाल टीमें रही। क्रिकेट के पहले मैच में शिवा स्ट्राइकर और लंबोदर लीजेंड टीम आमने-सामने रही। इंडिया मैच लंबोदर लीजेंड टीम ने 9 रनों से जीत लिया। इसके बाद फाइनल मैच में बजरंगी पहलवान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 123 रन का विशाल स्कोर बनाया। लंबोदर लीजेंड के सभी बल्लेबाज विशाल स्कोर को परचेस करते हुए मात्र 49 रनों पर ही ढेर हो गए। 8 मार्च की दोपहर मां पीतांबरा शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बड़े भाई राजेश पाठक और आचार्य राज्ञवल्ब द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कैरम में अजय ने प्रथम गोल्ड, पुष्कर नाथ मिश्रा को सिल्वर मेडल मिला। सांप सीढ़ी में यशकबार व बाटू ने संयुक्त रूप से गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिस्टल शूटिंग में आदि शुक्ला प्रथम पुष्कर नाथ मिश्रा द्वितीय,रामजी शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। वही राइफल शूटिंग में अनुराग सक्सेना प्रथम, सुनील शिव मंगल पांडे द्वितीय, एवं रामकरण तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के चलते वृद्धि स्वास्थ्य शिविर तभी आयोजन किया गया जिसमें ढाई सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ सुनील शिव मंगल पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। जिससे कि शरीर स्वस्थ रहे।

# रावतपुर में बने भूतेश्वर मंदिर के पुजारी का नॉनवेज खाते हुए वीडियो हुआ वायरल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



रावतपुर में बने भूतेश्वर मंदिर के पुजारी का बीते दिनों सोशल मीडिया पर नॉनवेज खाते एक वीडियो फोटो वायरल हो गया था। जिसको लेकर इलाकई लोगों में काफी रोष ब्याप्त था। लोगों का कहना था कि उन्हें मंदिर परिसर और पुजारी रहने का हक नहीं है। जिसके बाद देर रात लोगों ने उन्हें मंदिर परिसर में देखा तो भड़क गए। और उन्हें दौड़ा लिया। जिसके बाद पकड़कर महिलाओं और जेंट्स ने जमकर पीट दिया। वहाँ खड़े कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से बचकर उन्हें थाने लाई।

रावतपुर के केशव पुरम मे बने भूतेश्वर मंदिर में पुजारी प्रशांत गिरी उर्फ गोलू पंडित मंदिर के महंत है और वही मंदिर परिसर मे बने कमरे मे ही रहते है।उनका बीते दो दिन पूर्व नॉनवेज खाते हुए एक फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था जिसको लेकर इलाकाई लोगों में रोष व्याप्त था। देर रात मंदिर परिसर में मौजूद गोलू पंडित को देख पब्लिक भड़क उठी। लोगों ने गोलू पंडित को बेरहमी से पीट दिया। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने 112 नंबर डायल कर कंट्रोल रूम को सूचनादी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस किसी तरह भीड़ से निकाल कर गोलू को थाने ले आई। पिटाई से उनको कई जगह चोटे आई। गोलू पंडित ने देर रात को रावतपुर थाने मे कि तहरीर दी है। पुलिस गोलू कि तहरीर पर जाँच कर कार्रवाई मे जुट गई है

### क्या बोले थाना प्रभारी

रावतपुर थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि पीड़ित गोलू को भीड़ से मुक्त कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मारपीट का वीडियो वायरल है वायरल वीडियो के आधार पर सभी की पहचान की जाएगी।

# वार्ड छह के सभासद हर्ष अवस्थी ने नोटिस निरस्त करने के लिए पालिकाध्यक्ष को दिया धन्यवाद

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर पालिका परिषद गोलागोकर्णनाथ गोकर्ण वार्ड द्वितीय वार्ड नं 06 के सभासद हर्ष अवस्थी ने मोहल्ला निवासियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को निर्माणाधीन शिव कोरीडोर के लिए वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण के लिए जारी नोटिसों को मार्ग क्षेत्र के अतिरिक्त जारी नोटिसों को निरस्त कर मोहल्ला निवासियों को राहत देने करने के लिए धन्यवाद पत्र दिया।सभासद हर्ष अवस्थी ने कहा कि,' नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा वीआईपी मार्ग के अतिरिक्त दी गई नोटिसों को निरस्त करके बहुत ही सराहनीय कार्य किया है इसके लिए मै मोहल्ला निवासियों के साथ धन्यवाद देता हूँ। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,' त्रुटिवश लोगों को नोटिस जारी कर दी गई थी जैसे ही मुझे ज्ञात हुआ मैने तत्काल प्रभाव से नोटिसों को निरस्त कर दिया। मेरा नगर, मेरे नगरवासी, मेरी जिम्मेदारी है कि किसी भी प्रकार की समस्या न हो।इस अवसर पर सभासद हर्ष अवस्थी, परविजय सिंह, कुलदीप गुप्ता, प्रवीन गर्ग, धर्मेन्द्र कुमार, लाल बहादुर एडवोकेट, सरस्वती गुप्ता, रिंकू शुक्ला, अजीत कश्यप, उत्कर्ष मिश्रा, कृतिना, गंगाराम, सुमित,ओमप्रकाश, रामाधार, मोनू आदि वार्डवासी मौजूद रहे।

# चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों को वकीलों ने फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

तहसील अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी के लिए तीन पदों पर हुए मतदान में चंद्रकेश अध्यक्ष और मोहम्मद लतीफ खां मंत्री चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर अरुण गुप्ता विजयी रहे। बाकी चार पदों के लिए पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों को वकीलों ने फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी। निघासन वकील संघ की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्री तीन पदों पर सोमवार को मतदान हुआ। संघ के 139 सदस्यों में 136 ने वोट डाले। सुबह दस बजे से अपरान्ह तीन बजे तक चली वोटिंग के बाद वोटों की गिनती हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी डीपी सिंह ने सहायक चुनाव अधिकारी मयंक वर्मा, रामकुमेश यादव तथा अन्य सहयोगियों की मदद से करीब सवा घंटे में वोटों की गिनती करके परिणाम घोषित कर दिए। अध्यक्ष पद पर 44 मत पाने वाले वीरेंद्र भदौरिया के मुकाबले चंद्रकेश 47 मतों के अंतर से जीत गए। इस पद पर एक मत अवैध निकला। उपाध्यक्ष पद पर अरुण गुप्ता और सोनेलाल के बीच कांटे की टक्कर रही। हालांकि 78 मत पाकर अरुण गुप्ता 58 मत पाने वाले सोनेलाल से बीस मतों के अंतर से विजयी रहे। मंत्री पद पर तकरीबन एकतरफा मुकाबले में मो. लतीफ खां को बाकी दोनों प्रतिद्वंदियों के जोड़ से भी अधिक वोट मिले। मो. लतीफ को सत्तर, महेश पांडे को सैंतीस और राजू गिरि को 28 वोट मिले। एक वोट अवैध रहा। अंकेक्षक पद पर अखिल श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री पर सर्वेश यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर रमेश भार्गव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भारती पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं।

# प्रसव केंद्र पर तैनात एएनएम व स्टाफ नर्स का हुआ प्रशिक्षण, सीएमओ ने दिए मूल मंत्र




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी

■ प्रसव के बाद 48 घंटे से पहले मरीज को नहीं करें डिस्चार्ज, देखभाल के साथ दें जरूरी जानकारी: सीएमओ

सोमवार को सीएमओ ऑफिस सभागार में जन्म मृत्यु पंजीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के समस्त डिलीवरी प्वाइंट पर तैनात एएनएम व स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने की। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा सहित एसीएमओ डॉ आरएम गुप्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रसव के बाद मरीज को 48 घंटे से पहले डिस्चार्ज नहीं करना है, यह महत्वपूर्ण घंटे होते हैं और इस दौरान आपको मरीज के साथ उनके तीमारदारों को मरीज की उचित देखभाल के साथ-साथ बच्चों की देखभाल, (ब्रेस्टफीडिंग) स्तनपान कराने का सही तरीका, बच्चों के 6 माह के बाद के आहार की जानकारी, बच्चों में अंतर के लाभ, नसबंदी का लाभ, उन दिनों में मरीज की हाइजीन संबंधी समस्याओं और अति आवश्यक रूप से बताएं। साथ ही इसी समय काल में जन्म प्रमाण पत्र बनाकर देना सुनिश्चित करें। इस दौरान टीकाकरण संबंधी की जानकारी भी दी गई। फैमिली प्लैनिंग के जरिए मिलने वाले लाभ के लिए एक जानकारी चस्पा करें, जिसमें मरीज अपने साथ क्या-क्या ले कर केंद्र पर आए, इसका उल्लेख करें। इनमें आधार कार्ड, आभा आईडी, बैंक पासबुक, आधार लिंक मोबाइल नंबर व उपलब्ध होने पर आयुष्मान कार्ड को लाने की जानकारी दें। जन्म और मृत्यु दोनों की दशा में पंजीकरण व पोर्टल पर एंट्री अवश्य करें।

### लेबनान में 7 दिनों में 83 बच्चों की मौत

संयुक्त राष्ट्र की बाल संस्था यूनिसेफ ने कहा है कि इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण पिछले सात दिनों में लेबनान में 83 बच्चों की मौत हो गई और 254 बच्चे घायल हुए हैं। यूनिसेफ के बयान के अनुसार 2 मार्च से शुरू हुए इस संघर्ष में औसतन हर दिन 10 से अधिक बच्चों की जान जा रही है और करीब 36 बच्चे रोज घायल हो रहे हैं। यूनिसेफ के मुताबिक हाल के संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। करीब 7 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें लगभग 2 लाख बच्चे शामिल हैं।

### लेबनान में संसदीय चुनाव 2 साल टले

लेबनान की संसद ने देश में होने वाले संसदीय चुनाव दो साल के लिए टाल दिए हैं। ये चुनाव पहले मई में होने थे, लेकिन इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी युद्ध के कारण यह फैसला लिया गया। सोमवार को संसद की बैठक में सांसदों ने चुनाव स्थगित करने का निर्णय लिया। संसद अध्यक्ष की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए चुनाव कार्यक्रम को दो साल आगे बढ़ाया गया है। बैठक में हिजबुल्लाह के संसदीय ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद राद समेत कई सांसद मौजूद थे।

# मजबूरी में जंग लड़ रहे: ईरान

## तुर्किये-साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से इनकार किया, इजराइली हमले में ईरान के नए सुप्रीम लीडर घायल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान**

ईरान ने कहा है कि वह मजबूरी में जंग लड़ रहा है, यह उसकी पसंद नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि जंग देश पर जबरन थोपी गई है। जब उनसे सीजफायर के लिए मध्यस्थता की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल इस तरह की बात करना गलत होगा। बघाई ने कहा कि इस समय सैन्य टकराव जारी है और ऐसे में देश की रक्षा के अलावा किसी दूसरे विषय पर चर्चा करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान ने इस जंग की शुरुआत नहीं की थी। उनके अनुसार देश को अपनी रक्षा के लिए लड़ना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने तुर्किये, साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से भी इनकार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह इन देशों की दिशा में ईरान की जमीन से कोई हमला शुरू नहीं किया गया। इस बीच टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था।



### 35 साल से ईरान की सर्वोच्च सत्ता पर काबिज थे अली खामेनेई

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की 28 फरवरी को स-इजराइल के हमले में मौत हो गई थी। अयातुल्ला 1989 में रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद से ईरान के सर्वोच्च नेता के पद पर काबिज थे। ईरान में 1979 की इस्लामिक क्रांति के दौरान, जब शाह मोहम्मद रजा पहलवी को हटाया गया तो खामेनेई ने क्रांति में बड़ी भूमिका निभाई थी। इस्लामिक क्रांति के बाद खामेनेई को 1981 में राष्ट्रपति बनाया गया था। वह 8 साल तक इस पद पर रहे। 1989 में ईरान के सुप्रीम लीडर खुमैनी की मौत के बाद उन्हें उत्तराधिकारी बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक अयातुल्ला धर्मगुरु की एक पदवी है। ईरान के इस्लामिक कानून के मुताबिक, सुप्रीम लीडर बनने के लिए अयातुल्ला होना जरूरी है। यानी कि सुप्रीम लीडर का पद सिर्फ एक धार्मिक नेता को ही मिल सकता है।

### लेबनान के राष्ट्रपति बोले, जनता जंग से थक चुकी है

लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा कि लेबनान में सैन्य हमलों के जरिए इजराइल अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगा। रिपोर्ट के अनुसार औन ने कहा कि हम इजराइल के साथ बातचीत फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि सुरक्षा से जुड़े जरूरी मुद्दों पर चर्चा कर मौजूदा तनाव और सैन्य कार्रवाई को रोका जा सके। पिछले सप्ताह हिजबुल्लाह के उत्तरी इजराइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले के बाद इजराइल ने लेबनान में इस ईरान समर्थित संगठन के ठिकानों पर कई हमले किए हैं। इन हमलों में हिज्बुल्लाह के 200 से अधिक लड़ाकों के मारे जाने की खबर है। औन ने यह भी कहा कि हालात अनुकूल होने पर लेबनानी सेना अवैध हथियारों को जब्त करने की कार्रवाई जारी रखेगी। औन ने कहा कि लेबनान की जनता युद्ध से थक चुकी है और वह चाहती है कि युद्ध और शांति से जुड़े फैसले केवल राज्य के हाथ में हों।

### इजराइल में मिसाइल के मलबे से एक भारतीय घायल

इजराइल के तेल अवीव में मिसाइल के मलबे गिरने से रविवार को एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। उसे गर्दन में छर्रे लगने से चोट आई थी। सूत्रों के अनुसार घायल व्यक्ति को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी छोटी सर्जरी की गई। इलाज के बाद अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इजराइल में भारतीय दूतावास लगातार उससे संपर्क में है और उसकी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

### इजराइली हमलों में लेबनान के 2 स्वास्थ्य कर्मियों की मौत

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि इजराइली हमलों में दो स्वास्थ्य कर्मियों की मौत हो गई और 6 अन्य लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों में एम्बुलेंस और राहत टीमों को निशाना बनाया गया।

### ईरानी न्यूजपेपर ने जंग में मारे गए बच्चों की याद में फ्रंट पेज निकाला

ईरानी न्यूजपेपर तेहरान टाइम्स ने आज मिनाब के स्कूल में मारे गए बच्चों की याद में फ्रंट पेज निकाला। इसमें लिखा था- ट्रम्प इनकी आंखों में देखो। 28 फरवरी को जंग की शुरूआत में ईरानी स्कूल पर हुए हमले में 160 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई थी।

### ईरान बोला, देश में मौजूद दूतावासों की पूरी सुरक्षा कर रहे

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि देश में मौजूद सभी विदेशी दूतावासों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी कोशिश कर रही है। तेहरान में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि ईरान में अभी भी 100 से अधिक देशों के राजनयिक मिशन मौजूद हैं और उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। बघाई ने कहा कि सरकार इन दूतावासों और उनके कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा और संरक्षण देने के लिए काम कर रही है।

### युद्ध के बीच स्कूल खोलने की तैयारी में इजराइल

ईरान के साथ चल रहे युद्ध के बीच इजराइली सरकार कुछ इलाकों में इस सप्ताह से स्कूलों को धीरे-धीरे खोलने की योजना बना रही है। यह जानकारी इजराइल के शिक्षा मंत्री योआव किश के कार्यालय की ओर से दी गई।उन्होंने कहा कि छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। योजना के तहत जरूरत पड़ने पर स्थानीय प्रशासन को शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों के बच्चों के लिए भी विशेष शिक्षा व्यवस्था बनानी होगी।वहीं शुरुआती चरण में माता-पिता को अपने बच्चों को खुद स्कूल लाना होगा।

### ईरान बोला, क्षेत्र के देशों से अच्छे संबंध रखना चाहते हैं

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि ईरान क्षेत्र के देशों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहता है।उन्होंने कहा कि ईरान की यह स्पष्ट नीति है कि पड़ोसी और क्षेत्रीय देशों के साथ सहयोग और दोस्ती के रिश्ते बनाए रखें।बघाई ने यह भी कहा कि अगर किसी देश की जमीन का इस्तेमाल ईरान पर हमला करने के लिए किया जाता है, तो ईरान को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है।उन्होंने कहा कि ईरान की तरफ से की गई रक्षात्मक कार्रवाई को इन देशों के खिलाफ दुश्मनी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### 'अमेरिका की वजह से बातचीत का रास्ता बंद हुआ'

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि अमेरिका की वजह से कूटनीतिक का रास्ता बंद हो गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि जब ईरान डिप्लोमेटिक बातचीत कर रहा था, उसी दौरान हम पर हमला कर दिया गया। बघाई ने कहा कि अब ईरान के लोग एकजुट होकर अपने देश की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका और इजराइल के हमलों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है। उनके मुताबिक इन हमलों से अंतरराष्ट्रीय नियमों और व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है।

### ईरान बोला- हम अपने देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि ईरान के लोग अपने देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान की आलोचना की, जिसमें ईरान पर असर डालने की बात कही गई थी। बघाई ने कहा कि ईरान का भविष्य वहां की जनता तय करेगी। उन्होंने कहा कि ईरानी लोग अपने देश की जमीन की रक्षा के लिए तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर उसका बचाव करेंगे।

# 'वहीं बैठे रहोगे और घटते जाओगे'

## जयशंकर के बयान के दौरान हंगामा, नड्डा बोले, विपक्ष फैला रहा अराजकता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर बयान देने के लिए खड़े हुए। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने शोर-शराबा करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि विपक्ष का उद्देश्य केवल संसद में अराजकता और हंगामा पैदा करना है।



### खरगे ने मांगी थी चर्चा की अनुमति

राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने शोक-संदर्भ और सूचीबद्ध दस्तावेज पेश होने के बाद विदेश मंत्री जयशंकर को बयान देने के लिए आमंत्रित किया। इसी दौरान कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बोलने की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष भारत की आर्थिक स्थिरता और वहां काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा व आजीविका को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा और बदलते भू-राजनीतिक हालात पर लघु अवधि की चर्चा कराने की मांग भी की।

### बयान शुरू होते ही बढ़ा हंगामा

सभापति ने खरगे से कहा कि वे बाद में उन्हें बोलने का मौका देंगे और विदेश मंत्री को अपना बयान देने के लिए कहा। जैसे ही जयशंकर ने बोलना शुरू किया, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसद अपनी सीटों से खड़े हो गए और खरगे को पूरा बोलने देने की मांग करने लगे। इसी मुद्दे पर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

### नड्डा ने विपक्ष पर साधा निशाना

विदेश मंत्री का बयान समाप्त होने के बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार को गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को देश के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे लगातार मंत्रियों के जवाब के दौरान सदन से वॉकआउट कर रहे हैं। नड्डा के मुताबिक विपक्ष का मकसद केवल हंगामा और अव्यवस्था फैलाना है। जेपी नड्डा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा मोदी सरकार के नेतृत्व में वहीं बैठे रहोगे और घटते चले जाओगे।


## पश्चिम बंगाल एसआईआर विवाद: अंतिम मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ याचिका, सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए नामों के खिलाफ एक नई याचिका पर मंगलवार को विचार करने को सहमत हुआ। यह याचिका उन लोगों ने दायर की है जिनके नाम चुनाव आयोग ने हटा दिए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने बताया कि यह याचिका पहले के मतदाताओं के नाम हटाने से संबंधित है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने अधिवक्ता की दलीलें सुनीं। अधिवक्ता ने कहा कि ये वे मतदाता हैं जिन्होंने पहले मतदान किया था, लेकिन अब उनके दस्तावेज नहीं लिए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि वे न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों पर अपील में नहीं बैठ सकते। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता ने अपील को सुनवाई योग्य बताया, जिसके बाद पीठ ने मंगलवार को सुनवाई करने का फैसला किया। 24 फरवरी को शीर्ष अदालत ने एसआईआर अभ्यास के लिए पश्चिम बंगाल के सिविल जजों की तैनाती की अनुमति दी थी। इसके अतिरिक्त 250 जिला जज और झारखंड व ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात किए गए थे। इनका काम मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का सामना कर रहे 80 लाख दावों और आपत्तियों को निपटाना था। कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने 22 फरवरी को एक पत्र में बताया था कि 250 जिला जजों को भी इन दावों को निपटाने में करीब 80 दिन लगेंगे। 2002 की मतदाता सूची से वंशानुक्रम को जोड़ने में तार्किक विसंगतियां पाई गई हैं। इनमें माता-पिता के नाम का बेमेल होना शामिल है।

# ईरान के सर्वोच्च नेता बने खामेनेई के बेटे मोजतबा, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दी बधाई



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को**

पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष को 10 दिन हो गए हैं। यह तनाव हर दिन के साथ और गहराता जा रहा है। इस संकट के बीच ईरान में एक बड़ा बदलाव हुआ है। पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर बनाया गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को बधाई दी है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने खामेनेई के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी दिया है। पुतिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्ते और भी मजबूत होंगे। पुतिन ने ईरान को भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा है।

### कैसे शुरू हुआ था यह संघर्ष

यह संघर्ष 10 दिन पहले तब शुरू हुआ था जब अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। 28 फरवरी को हुए इन हमलों में ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। उनकी मौत के बाद से ही पश्चिम एशिया में तनाव अपने चरम पर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। ईरान तब से लगातार इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन से हमले कर रहा है। दोनों तरफ से ताबड़तोड़ हमले जारी हैं, जिससे पूरे इलाके में हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं।

### इस्राइली सेना का मोजतबा को लेकर बड़ा दावा

इस बीच, इस्राइली सेना ने एक बड़ा दावा किया है। इस्राइली सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि मोजतबा खामेनेई हाल ही में हुए एक हवाई हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे। हालांकि, इस्राइली सेना ने यह भी माना है कि मोजतबा अभी जिंदा हैं। इससे पहले ईरानी विपक्षी चैनल ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया था कि मोजतबा को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुन लिया गया है। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के वरिष्ठ धर्मगुरु मोजतबा को तुरंत नेता घोषित करने में झिझक रहे थे। उन्हें डर था कि ऐसा करने पर अमेरिका और इस्राइल उन्हें सीधे निशाना बना सकते हैं।

# भारत-सेशेल्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामितिये-2026' शुरू, पहली बार भारत की तीनों सेना शामिल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की सशस्त्र सेनाओं का एक संयुक्त दल हिंद महासागर के द्वीपीय देश सेशेल्स पहुंच गया है। यहां यह भारतीय सैन्य दल सेशेल्स रक्षा बलों के साथ एक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामितिये-2026' में भाग ले रहा है। यह सैन्य अभ्यास 9 मार्च से 20 मार्च तक सेशेल्स की रक्षा अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास के दौरान भारत और सेशेल्स के सैनिक संयुक्त रूप से प्रशिक्षण लेंगे, विभिन्न मिलिटरी मिशनों की योजनाएं बनाएंगे और अलग-अलग सामरिक गतिविधियों को अंजाम देंगे। इसमें अर्ध-शहरी वातावरण में संभावित खतरों को निष्क्रिय करने के लिए कई प्रकार की युद्धक कार्रवाई की जाएंगी। इसके साथ ही नई पीढ़ी के सैन्य उपकरणों और आधुनिक तकनीक के उपयोग का अभ्यास भी किया जाएगा। 'लामितिये' शब्द क्रियोल भाषा का है, जिसका अर्थ मित्रता होता है। यह अभ्यास हर दो वर्ष में आयोजित किया जाता है और वर्ष 2001 से नियमित रूप से सेशेल्स में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह इस महत्वपूर्ण अभ्यास का ग्यारहवां संस्करण है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय सैन्य दल में मुख्य रूप से असम रेजिमेंट के सैनिक शामिल हैं। इसके साथ ही, भारतीय नौसेना का युद्धपोत 'आईएनएस त्रिकंड' और भारतीय वायु सेना का भारी परिवहन विमान 'सी-130' भी इस अभ्यास में भाग ले रहा है। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वय, सहयोग और संयुक्त कार्य क्षमता को मजबूत बनाना है। अभ्यास के दौरान विशेष रूप से अर्ध-शहरी क्षेत्रों में होने वाले अभियानों से जुड़े प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाएगा।

### पहली बार भारत की तीनों सेनाएं शामिल हो रही

भारत और सेशेल्स के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर दोनों पक्षों का मुख्य फोकस है। इसके साथ ही, दोनों देशों की सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से इस अभ्यास का आयोजन किया जाता है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार का अभ्यास विशेष महत्व रखता है, ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें पहली बार भारत की तीनों सेनाएं शामिल हो रही हैं। यहां पहुंचे भारतीय सैन्य दल में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के जवान शामिल हैं। ये सभी एक साथ इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं।

### 'सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में तय होगा एसआईआर मामला'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के प्री-पोल परामर्श बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर उनकी चिंताओं को सुना ही नहीं गया। बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि पार्टी की तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को बताया गया कि चूंकि इस मुद्दे पर टीएमसी सुप्रीम कोर्ट गई है, इसलिए यह वहां तय होगा और चुनाव आयोग का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू, विवेक जोशी और पश्चिम बंगाल के सीईओ मनोज अग्रवाल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से न्यू टाउन, कोलकाता के एक होटल में चर्चा की। भट्टाचार्य ने कहा 'मैं महिला हूं और मुझसे कहा गया 'चिल्लाओ मत'। जब हम लोगों के अधिकारों की बात कर रहे हैं, तो हमें क्यों नहीं अपनी आवाज उठाने दी जा रही?' उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बार-बार सुप्रीम कोर्ट में मामला होने का हवाला दिया। भट्टाचार्य ने सवाल उठाया अगर मामला सुप्रीम कोर्ट में है, तो हमें बैठक में बुलाने का क्या मतलब था?

## करूर भगदड़ मामला: अभिनेता विजय से सीबीआई फिर करेगी पूछताछ, समन देकर कहा, मंगलवार को पेश हों

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

करूर भगदड़ मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय को पूछताछ के लिए मंगलवार को फिर से तलब किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले अभिनेता से 12 और 19 जनवरी को एजेंसी के मुख्यालय में पूछताछ की जा चुकी है। जांच के दौरान सीबीआई को कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों से जुड़ी जानकारी मिली है, जिन पर स्पष्टीकरण लेने के लिए विजय को दोबारा बुलाया गया है। इसी के मद्देनजर उन्हें एक नया नोटिस जारी किया गया है। यह घटनाक्रम तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर 2025 को हुई उस दुखद भगदड़ से जुड़ा है, जिसमें अभिनेता विजय की एक रैली के दौरान 41 लोगों की जान चली गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे।



### न्यायिक निगरानी और निष्पक्ष जांच पर जोर

पिछले साल अक्तूबर में, शीर्ष अदालत ने सीबीआई निदेशक को इस मामले की जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही, पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में एक पर्यवेक्षी समिति का गठन भी किया गया था, जिसका उद्देश्य सीबीआई की जांच की निगरानी करना है।

### जनता के विश्वास को बहाल करने का प्रयास

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जे के महेश्वरी और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया शामिल थे, ने इस बात पर जोर दिया था कि करूर भगदड़ ने पूरे देश के नागरिकों के मन पर एक गहरी छाप छोड़ी है। अदालत ने कहा था कि इस घटना का नागरिकों के जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ा है और उन परिवारों के मौलिक अधिकारों को लागू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। पीठ ने यह भी कहा था कि आपराधिक न्याय प्रणाली में जांच प्रक्रिया में आम जनता के विश्वास और भरोसे को बहाल किया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने संभाली जांच

यह मामला मूल रूप से एक विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा संभाला जा रहा था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने इसकी कमान अपने हाथों में ले ली। सीबीआई इस मामले से संबंधित सबूतों को एकत्र करने में जुटी हुई है, ताकि घटना के कारणों और जिम्मेदारियों का पता लगाया जा सके।

# कालीघाट मंदिर पहुंचे सीईसी ज्ञानेश कुमार, विरोध में लोगों ने दिखाए काले झंडे, लगाए वापस जाओ के नारे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता में सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को विरोध का सामना करना पड़ा। दक्षिण कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर के दौरे के दौरान कुछ लोगों ने उनके खिलाफ वापस जाओ के नारे लगाए और काले झंडे दिखाए। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया, जिसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने मंदिर में दर्शन किए।



### टीएमसी कार्यकर्ताओं ने दिखाए काले झंडे

इससे पहले रविवार रात भी उनके शहर पहुंचने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था। एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले के खिलाफ वापस जाओ के नारे लगाए। वहीं वीआईपी रोड के कैखाली इलाके में भी उनके काफिले को काले झंडे दिखाए गए। एयरपोर्ट के बाहर वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार स्थिति को सख्ती से संभाला गया और किसी भी तरह के बड़े टकराव को रोक लिया गया। विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की तीन दिवसीय यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके बाद प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और एजेंसियों के बीच समन्वय की समीक्षा की जाएगी।

### चुनाव को लेकर तैयारियां तेज

अपने दौरे के दौरान ज्ञानेश कुमार चुनाव आयोग के अन्य आयुक्त एसएस संधू और विवेक जोशी के साथ राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सोमवार को आयोग की पूरी टीम राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगी, जिसमें चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों और सुझावों पर चर्चा होगी।

## राज्यसभा चुनाव: बीजेपी ने कई राज्यों के लिए नियुक्त किए केंद्रीय पर्यवेक्षक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा के आगामी चुनाव को लेकर देशभर की सियासत में गर्माहट बढ़ गई है। साथ ही राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए बिहार, ओडिशा और हरियाणा में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बिहार के लिए छत्तिसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, ओडिशा के लिए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले और हरियाणा के लिए गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी को केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किया है। गौरतलब है कि देश में 16 मार्च 2026 को होने वाले



राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कई पार्टियां अपने उम्मीदवार तय करने में जुटी हैं। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कुछ बड़े नेताओं का राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। चुनाव आयोग ने 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव का कार्यक्रम जारी किया है। इन सीटों पर अभी जो सदस्य हैं, उनका कार्यकाल अप्रैल 2026 में खत्म हो रहा है।